देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



राहुल ने राउरकेला में मंदिर के दर्शन किए... 12
विधायक ने जिला पंचायत की दर्जनों जर्जर सड़कों... 10




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 117
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
गुरुवार | 08 फरवरी, 2024


## राज्यसभा में मोदी की 90 मिनट की स्पीच: बोले, कांग्रेस ने अपने युवराज को स्टार्टअप बनाकर दिया

# ना वो लिफ्ट हो रहा, ना ही लॉन्च

## देश को बांटने की कोशिश कर रही कांग्रेस, हमें संघीय ढांचे पर प्रवचन दे रही: पीएम मोदी

- कांग्रेस ने पिछड़ों को उनके अधिकारों से वंचित रखा: पीएम
- हमने पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने का काम किया: पीएम
- मेरे शब्द नहीं देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू के हैं: मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोल रहे थे। 90 मिनट की स्पीच की शुरुआत उन्होंने कांग्रेस से की और मोदी 3.0 पर खत्म किया। इस दौरान वे नेहरू, राहुल, ओबीसी, एससी-एसटी, आरक्षण और पीएसयू समेत कई मुद्दों पर बोले। उन्होंने कांग्रेस के लिए युवराज और कमांडो जैसे शब्द भी इस्तेमाल किए। प्रधानमंत्री ने स्पीच की शुरुआत में कहा- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी ने मुझे 400 सीटों का आशीर्वाद दिया। पश्चिम बंगाल से आपको जो चैंलेज मिला है कि कांग्रेस 40 पार नहीं कर पाएगी।



### बुलेट ट्रेन देखेगा देश

- 5 साल देश में पाइप से गैस के कनेक्शन दिए जाएंगे। युवा शक्ति का दम पूरी दुनिया देखेगी। हमारे युवा स्टार्टअप, यूनिकॉर्न की संख्या लाखों में होने वाली है। टियर टू, टियर थ्री सिटी स्टार्टअप की पहचान के साथ उभरेगा। रिकॉर्ड पेटेंट फाइल होने का दिन आने वाला है। लाखों बच्चे विदेश जाते हैं, बेस्ट यूनिवर्सिटी देश में हो ये चाहता हूं। बच्चों और परिवार का पैसा मिले। कोई भी इंटरनेशनल खेल प्रतियोगिता नहीं होगी, जहां भारत का झंडा ना लहरा रहा हो। भारत का पब्लिक ट्रांसपोर्ट ट्रांसफॉर्म होने वाला है। तेज और शानदार यात्रा की सुविधा मिलने वाली है। बुलेट ट्रेन देखेगा देश और वंदे भारत बढ़ेंगी।

### हमारी सरकार का तीसरा टर्म दूर नहीं

- हमारी सरकार का तीसरा टर्म दूर नहीं। कुछ लोग इसे मोदी 3.0 कहते हैं। मोदी 3.0 विकसित भारत की नीवं को मजबूत करने के लिए है। अगले 5 साल भारत में डॉक्टर, मेडिकल कॉलेज बढ़ेंगे। इलाज सस्ता और सुलभ होगा। हर गरीब के घर में नल से जल का कनेक्शन होगा। गरीब को पीएम आवास दिए जाएंगे। एक भी वंचित नहीं रहेगा। सोलर पावर से बिजली बिल जीरो होगा। देश के करोड़ों लोगों को फायदा होगा। अपने घर पर बिजली बनाकर बेच पाएंगे।

### आने वाली सदियां स्वर्णिम काल को इतिहास में दर्ज करेगी

ये शब्दों का खेल नहीं है, ये हमारा कमिटमेंट है। हमारी हर सांस, हर पल इसीलिए समर्पित है। इसी भावना के साथ हम चल रहे हैं, चलते रहेंगे। आने वाली सदियां स्वर्णिम काल को इतिहास में दर्ज करेगी। देश की जनता का मिजाज मैं समझ रहा हूं। देश ने बदलाव के 10 साल देखे हैं। हर संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाना हमारी कार्यशैली का हिस्सा है। देश के सामने डंके की चोट पर सत्य रखने का मौका मिला।

### इंडिया गठबंधन पर तंज

प्रधानमंत्री मोदी ने भाषण के शुरुआत में कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन पर बात की। ममता बनर्जी के बयान का जिक्र करता हुए प्रधानमंत्री ने कहा, %पश्चिम बंगाल से चुनौती आई है कि कांग्रेस 40 पार नहीं कर पाएगी। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप 40 बचा पाएं।

### डीके सुरेश के बयान की निंदा

पीएम ने डीके सुरेश के उत्तर-दक्षिण वाले विवादित बयान के जरिए कांग्रेस को घेरा। पीएम ने कहा, जिस कांग्रेस ने सत्ता के लालच में सरेआम लोकतंत्र का गला घोंट दिया था, जिस कांग्रेस ने दर्जनों बार लोकतांत्रिक तरीके से आई सरकारों को रातों-रात बर्खास्त कर दिया था, जिस कांग्रेस ने अखबारों पर भी ताले लगाने की कोशिश की थी, अब देश को तोड़ने का नैरेटिव उस कांग्रेस ने गढ़ना शुरू कर दिया है। अब देश को उत्तर-दक्षिण में तोड़ने के बयान दिए जा रहे हैं।

### ओबीसी की राजनीति पर जवाब

देश में इन दिनों चल रही ओबीसी की राजनीति पर बात की। पीएम ने कहा, %जिस कांग्रेस ने ओबीसी को पूरी तरह कभी आरक्षण नहीं दिया, जिसने सामान्य वर्ग के गरीबों को कभी आरक्षण नहीं दिया, जिसने बाबा साहब को भारत रत्न के योग्य नहीं माना, केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे। वो अब हमें उपदेश दे रहे हैं, वो अब हमें सामाजिक न्याय का पाठ पढ़ा रहे हैं। पीएम ने कहा, %बाबा साहब के विचारों खत्म करने में कोई कसर इन्होंने नहीं छोड़ी। उनको भारत रत्न भी देने की तैयारी नहीं थी, वो भी जब भाजपा के समर्थन से दूसरी सरकार बनी तो बाबा साहब को भारत रत्न दिया गया।

## उत्तराखंड ने रचा इतिहास, विधानसभा में पास हुआ देश का पहला यूसीसी बिल

- दो दिन लंबी चर्चा, बहस और तर्कों के बाद बुधवार की शाम सदन में विधेयक ध्वनिमत से पास हुआ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देहरादून**



उत्तराखंड ने आज इतिहास रच दिया। आजादी के बाद देश का पहला समान नागरिक संहिता विधेयक उत्तराखंड 2024 विधानसभा में पास हो गया। दो दिन लंबी चर्चा, बहस और तर्कों के बाद बुधवार की शाम सदन में विधेयक ध्वनिमत से पास हुआ। विपक्ष ने चर्चा के दौरान बिल प्रवर समिति को भेजने की सिफारिश की थी। उसका यह प्रस्ताव भी ध्वनिमत से खारिज हो गया। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बिल से समाज का भेदभाव, कुरीतियां खत्म होंगी। कहा, इस कानून में संशोधन की भी गुंजाइश होगी। पास होने के बाद अब बिल राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा जाएगा, जहां से मुहर लगने के बाद यह कानून राज्य में लागू हो जाएगा। सभी विधिक प्रक्रिया और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बनेगा। विधेयक में सभी धर्म-समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक कानून का प्रावधान है। महिला-पुरुषों को समान अधिकारों की सिफारिश की गई है। अनुसूचित जनजातियों को इस कानून की परिधि से बाहर रखा गया है। विधेयक पर चर्चा के दौरान नेता सदन मुख्यमंत्री धामी ने कहा, देश के पहले गांव माणा में संवाद से ड्राफ्ट समिति ने इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने अब अन्य राज्यों को भी इस दिशा में प्रयास करने का आह्वान करते हुए कहा, जिस प्रकार गंगा सबके लिए सुखदायी है, वैसे ही यूसीसी भी मातृशक्ति व पूरे समाज के लिए सुखद होगा। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस रामयुग की शुरुआत हुई है, यूसीसी उसमें एक बड़ी पहल साबित होगा। यह देश के लिए मील का पत्थर बनेगा। कहा, प्रधानमंत्री राष्ट्रऋषि नरेंद्र मोदी विकसित भारत का सपना देख रहे हैं।

### 12 फरवरी को संकल्प लिया, सात फरवरी को विधेयक पास

मुख्यमंत्री धामी ने कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान 12 फरवरी 2022 को उन्होंने जनता के सामने दोबारा सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता कानून लाने का संकल्प लिया था। आज करीब दो साल बाद सात फरवरी को यह संकल्प सिद्ध हो गया है। जनता ने जिस मकसद से उन्हें चुना, वह समानता का अधिकार सबको मिलने जा रहा है। कहा, इसे वोट बैंक की राजनीति से जोड़कर न देखें।

## यूपी में भी जल्द आएगा समान नागरिक संहिता कानून

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने यूपी में यूसीसी को लेकर बड़ा दावा किया

- उन्होंने ऐलान किया है कि जल्द ही उत्तर प्रदेश में भी समान नागरिक संहिता को लेकर कानून आ सकता है
- सोशल मीडिया साइट एक्स पर डिप्टी सीएम ने लिखा, भाजपा के वैचारिक मुद्दों में एक है यूसीसी, सही समय पर यूपी में भी आयेगा
- कहा, मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार ने धारा 370 विदा किया, श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त, उत्तराखंड में यूसीसी आ चुका है

**जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** उत्तराखंड के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी समान नागरिकता संहिता (यूसीसी) की संभावनाएं बल पकड़ रही हैं। माना जा रहा है कि यूपी में भी यह कानून जल्द लाया जाएगा। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने यूपी में यूसीसी को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने ऐलान किया है कि जल्द ही उत्तर प्रदेश में भी समान नागरिक संहिता को लेकर कानून आ सकता है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर डिप्टी सीएम ने लिखा, ÷भाजपा के वैचारिक मुद्दों में एक है यूसीसी, सही समय पर यूपी में भी आयेगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार ने धारा 370 विदा किया, श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त, उत्तराखंड में यूसीसी आ चुका है! उधर, उत्तराखंड की धामी सरकार ने 6 फरवरी 2024 को समान नागरिक संहिता विधेयक पेश कर दिया है। 8 तारीख तक विधानसभा में इस पर चर्चा होगी। सदन से विधेयक पास होने के बाद राज्यपाल के पास जाएगा। राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद यह विधेयक कानून बन जाएगा।

### भाजपा वादे के अनुसार समाधान सुनिश्चित कर रही है

मौर्य ने समान नागरिक संहिता बिल के लिए उत्तराखंड भाजपा की धामी सरकार बधाई दी है। कहा कि भाजपा अपने वैचारिक मुद्दों के क्रम में जनता से किए वादे के अनुसार समाधान सुनिश्चित कर रही है। सिलसिला जारी रहेगा।

### बहुविवाह और 'हलाला' जैसी प्रथा होंगी आपराधिक

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक में बहुविवाह और हलाला जैसी प्रथाओं को आपराधिक कृत्य बनाने तथा लिव-इन में रह रहे जोड़ों के बच्चों को जैविक बच्चों की तरह उत्तराधिकार दिए जाने का प्रावधान है।

### गोवा में पुर्तगाली शासन के दिनों से ही यूसीसी लागू है

यूसीसी विधेयक को पारित कराने के लिए बुलाये गये विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन पेश 'समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड-2024' विधेयक में धर्म और समुदाय से परे सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, संपत्ति जैसे विषयों पर एक समान कानून प्रस्तावित है। हालांकि, इसके दायरे से प्रदेश में मौजूद अनुसूचित जनजातियों को बाहर रखा गया है। कानून बनने के बाद उत्तराखंड आजादी के बाद यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। गोवा में पुर्तगाली शासन के दिनों से ही यूसीसी लागू है।





**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## 69,000 सहायक शिक्षक भर्ती: यूपी सरकार का दावा, 70 फीसदी अभ्यर्थी आरक्षित वर्ग से चयनित हुए

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि 69,000 शिक्षक भर्ती में 70.58 फीसदी अभ्यर्थी आरक्षित वर्ग से चयनित हुए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस भर्ती की आड़ में सत्ता पक्ष को आरक्षण विरोधी बताने का षडयंत्र करता है। विधानसभा में सपा विधायक संग्राम सिंह यादव ने 69,000 शिक्षक भर्ती में ओबीसी और एससी वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आरक्षण नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी लगातार आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। इस पर सुरेश खन्ना ने कहा कि इस भर्ती में 31,228 अभ्यर्थी ओबीसी के



चयनित हुए हैं। इनमें 12360 आरक्षित पदों पर और 18,598 मेरिट के आधार पर चयनित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 17,260 अभ्यर्थी अनुसूचित जाति और 211 अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। यह मामला अभी उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय के आदेश के अनुसार सरकार कार्यवाही करेगी।

### राजभर और ओमवेश का मोबाइल लिया

विधानसभा में नियमों का उल्लंघन कर मोबाइल लेकर पहुंचे सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और सपा विधायक स्वामी ओमवेश का मोबाइल विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर जमा कर लिया गया। प्रश्नकाल में स्वामी ओमवेश जब सवाल कर रहे थे उनका मोबाइल वाइब्रेट होने लगा। इससे माइक और स्पीकर में रुकावट हुई तो विधानसभा अध्यक्ष ने उनका मोबाइल जमा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रश्नकाल के बाद ओमप्रकाश राजभर के मोबाइल की घंटी बजने लगी तो महाना ने उनका भी मोबाइल जमा करा लिया।

# डीएम ने किया निर्माणाधीन अन्तर्राज्यीय गेट का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को देवांगना घाटी के पास उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की सीमा में बन रहे अंतर्राज्यीय, अंतर्राष्ट्रीय गेट का निरीक्षण किया।
जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि गेट पर उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत स्टील या पत्थर का ही बनवाएं। साथ ही बीम के नीचे भी पत्थर लगवाएं। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि कार्य की गति धीमी है, इसमें श्रम शक्ति बढाकर एवं टीम बनाकर प्रगति कराएं। उन्होंने सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि मटेरियल जब आ जाए तो सत्यापन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि गेट पर लाइटिंग की पट्टी भी लगाएं। इसके बाद जिलाधिकारी ने पटेल तिराहा से लेकर मध्य प्रदेश की सीमा तक हो रहे सड़क चैडीकरण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड को निर्देशित किया कि जो पेड काटे जा रहा है और जिस चिन्हित स्पाट पर पेड लगाना है, उसकी फोटो ग्राफ्स भी रखें। उन्होंने कहा कि जो पेड डिवाइडर में आ रहे हैं, उसे छोड दें। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन अधिग्रहण के लिए सहमति बन गई है एवं जिसकी नहीं बनी है सहमत के लिए जल्द से जल्द भेजें। उन्होंने अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड को निर्देशित किया कि अवर अभियंता व ठेकेदार को निर्देशित करें कि जो जमीन रोड के लिए चिह्नित की गई है, उस पर कलई डालकर मार्क करवाएं। उन्होंने कहा कि जहां पर मिट्टी डालनी है, वहां मिट्टी डालकर कार्य में प्रगति कराएं। इसके बाद जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड बांदा द्वारा बाण गंगा नदी पर बनाए जा रहे पुल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पुल के पास में साइन बोर्ड लगवाए व पुल के बॉर्डर को पेंटिंग भी करवाए। उन्होंने राज्य सेतु निगम को निर्देशित किया कि रोड के किनारे रोड वाल, एंगल लगवाए जिससे की दुर्घटना न हो। उन्होंने राज्य सेतु निगम को निर्देशित किया कि डब्ल्यू एल एल करने के बाद रोलर चलकर ही विटुमिन कराएं। पुल का एस्टीमेट साइड पर न ले आने पर उन्होंने परियोजना प्रबंधक सेतु निगम व सहायक अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राज्य सेतु निगम को निर्देशित किया कि पुल के बॉर्डर पर इंडिकेटर लाइट भी लगवाए। उन्होंने निरीक्षण स्थल पर ही रोड की मानक, गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सत्येंद्र नाथ, परियोजना प्रबंधक सेतु निगम आदि मौजूद रहे।

# रामायण मेला महोत्सव में आने के लिए महंत राजू दास ने जताई सहमति

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



राष्ट्रीय रामायण मेला महोत्सव में धर्माचार्यो, विद्वानों, मानस मर्मज्ञो एवं कलाकारों की विविधता इस बार विशेष तौर पर देखने को मिलेगी। आयोजन को अविस्मरणीय बनाने के लिए कार्यकारिणी के पदाधिकारी पूरी सिद्दत से जुटे हैं। आगामी 8 मार्च को उद्घाटन अवसर पर अयोध्या के हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास महाराज मंच की शोभा बढ़ाएंगें।
राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने बताया कि हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास महाराज से अयोध्या जाकर भेंट की। उन्होंने रामायण मेला के उद्घाटन के अवसर पर पधारने के लिए आमंत्रण पत्र सौपा। जिसे महंत ने सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि चित्रकूट के रामायण मेला में हिस्सा लेने की प्रबल इच्छा रही है जो प्रभु श्रीराम की कृपा से पूर्ण होगी।
उन्होंने मेले के 51वें महोत्सव को भव्य दिव्य संपन्न कराने का आर्शीवाद दिया। गौरतलब हो कि पांच दिवसीय 51वां महोत्सव 8 से 12 मार्च तक चलेगा। जिसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम के आने की संभावना है। कार्यकारी अध्यक्ष करवरिया ने बताया कि महोत्सव के समापन अवसर के लिए अयोध्या से पूर्व सांसद एवं श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी संत डा. रामविलास वेदांती की स्वीकृति मिली है।
इस मौके पर महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी, सदस्य राजाबाबू पांडेय, राजगोपाल, मंदिर के प्रमुख महंत सर्वेश्वर दास आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने 5 जुआरियों को जुआ खेलते हुये किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिये अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा ग्राम गडरियन पुरवा मजरा देवरा से ताश के पत्तों से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये शिवचरण शुक्ला निवासी ग्राम लौरी लोखरी, धीरेंद्र त्रिपाठी, भूमि दत्त त्रिपाठी निवासीगण ग्राम नेवरा, उमाकांत त्रिपाठी व देवकीनंदन राजपूत निवासीगण ग्राम हन्ना विनैका को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड 11500 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा जामातलाशी से 9000 रुपये (कुल रुपया 20500) व 5 मोटरसाइकिलें बरामद की गयी। आरोपियों के विरुद्ध थाना रैपुरा में जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# जंगल के कुएं से बोरी में भरा मिला अज्ञात युवती का हत्यायुक्त शव

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

जंगल के कुएं में बंद बोरी से पुलिस ने एक युवती का हत्यायुक्त शव बरामद किया हैं। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवती की पहचान के लिए पुलिस ने आस-पास के थानो व जिलों की पुलिस से संपर्क किया हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने घटना स्थल पहुँच जांच किया। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के हसनपुर कसार गांव के जंगल में एक कुएं में बुधवार की दोपहर लोगों ने एक बोरी पड़ी देखी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने कुएं में बंद पड़ी बोरी से एक 24 वर्षीय युवती का शव निकाला। एएसपी ने घटना स्थल पहुँच लोगों से पूछ ताछ किया। पुलिस ने आस-पास के ग्रामीणों से युवती की शिनाख्त कराने की कोशिश किया। लेकिन देर शाम तक युवती की पहचान नहीं हो पायी। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि युवती की गला दबाकर हत्या किया गया है। उसके बाद शव को बोरी में बाँध कर जंगल के कुएं में फेंक दिया गया हैं। एएसपी ने बताया कि शव कि शिनाख्त के लिए आसपास के थानो व जिलों की पुलिस से संपर्क किया गया हैं। जल्द शिनाख्त कर घटना का खुलासा किया जायेगा। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा। वही जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर अज्ञात शव के मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कम। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव की पहचान करने में जुटी है।

# कम्पनी के अपविष्ट व धुएं से फैल रही बीमारियां, धुएं के साथ उड़ा डीएम का आदेश

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**



नेशनल हाईवे स्थित तहसील बिन्दकी के ग्राम गोधरौली के समीप स्थापित त्रिमूर्ति वूड प्रोडक्ट नाम से चलने वाली फैक्ट्री आज भी काला धुंआ छोड़ती नजर आ रही है। जबकि माह दिसम्बर में डीएम के निरीक्षण के दौरान प्रदूषण उगल रही कंपनियों को बन्द करके उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश हुए थे। गांवों में अभी कहीं-कहीं से अपशिष्ट नहीं हटाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में चोरी छिपे बस्ती से बाहर अपशिष्ट आज फेंका जा रहा है।
ब्ताते चले कि अभी हाल ही मे जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण करके कम्पनी द्वारा फेके गये अपशिष्ट का निरीक्षण किया था। जिसमें सम्बन्धित अधिकारियो को जांच करने के बाद अपशिष्ट डालने वाले वाहन, कम्पनी तथा डलवाने वाले ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए आदेश दिया था। जिसमें अभी तक अपशिष्ट से सम्बन्धित कोई जांच या कोई एफआईआर नहीं हुई। इसी वजह से कंपनियां बेलगाम हो गई हैं। वही कम्पनी के चिमनी से निकलने वाले जहरीले धुएं से पूरे क्षेत्र में प्रदूषण व्याप्त हो रहा है इससे स्वांस,दमा, अस्थमा तथा खांसी के मरीजों की परेशानी बढ़ रही है। इसके अतिरिक्त रबी की फसल गेहूं, तिलहन, दलहन तथा सब्जियों में भी यह प्रदूषण मिक्स हो रहा है। जिम्मेदार लोगों ने इस प्रकरण से किनारा कर लिया है। जबकि क्षेत्र के ग्रामीण चिन्तित एवम भयभीत हैं।

# एसडीएम ने कोटेदारों को बांटी ई-पास मशीन

**जन एक्सप्रेस | मऊ, चित्रकूट**



पारदर्शिता के साथ राशन वितरण कराने के लिए बुधवार को मऊ के उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने कोटेदारों को ई पास मशीन का वितरण किया। साथ ही निर्धारित मात्रा और निर्धारित दर के साथ राशन वितरण करने के निर्देश दिए।
मऊ एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने तहसील क्षेत्र के कोटेदारों को ई पास मशीन वितरण करने के बाद कहा कि राशन वितरण प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से यह वितरण किया जा रहा है। जिसमें लाभार्थी का अंगूठा लगवाने के बाद राशन दिया जाता है। जिससे किसी तरह की गडबडी न हो। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि गरीबों के हक के राशन में किसी तरह की हकमारी नही होनी चाहिए। ऐसे में सभी कोटेदार सही तरीके से राशन वितरण करें, जिससे लाभार्थियों के बीच संतुष्टि का भाव बना रहे। मऊ के आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थी को प्रथम चक्र के अन्तर्गत निशुल्क रिफिल वितरण के लिए निर्धारित अवधि बढाकर 15 फरवरी कर दी गयी है, जो लाभार्थी बीती 31 दिसम्बर तक अपना प्रथम निशुल्क रिफिर प्राप्त नहीं कर पाए हैं, वह आगामी 15 फरवरी तक प्रथम रिफिल निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम इस भावना को हृदय में रखकर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी सी. इंदुमती जी के मार्ग दर्शन से स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान व मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता महर्षि विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित करायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमृत प्रभात यादव कान्धी नायब तहसीलदार व लक्ष्मी बाजपेयी हसवा नायब तहसीलदार उपस्थित रही। डॉ अनुराग द्वारा बच्चों के माध्यम से अभिभावकों, रिश्तेदारों व पड़ोसियों को मतदान हेतु प्रेरित करने के साथ-साथ अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिये समझाया व सभी को नायब तहसीलदार लक्ष्मी बाजपेयी द्वारा मतदाता शपथ भी दिलाई कि हम सभी लोगों को जागरूक करेंगे व वृद्ध, दिव्यांगजन को मतदान स्थल तक पहुंचाने में मदद करेंगे।
मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम वैष्णवी अग्रहरि, द्वितीय साक्षी सचान व तृतीय स्थान पर वर्तिका निषाद रही।
इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी सहित सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं व प्रमुख सहयोगी चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी एवं अंजू वर्मा वीआरसी उपस्थित रहे।

## सुलह के आधार पर निस्तारित कराएं बैंक ऋण सम्बन्धी वाद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** आगामी 9 मार्च को होन जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन कि लिए बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फर्रूख इनाम सिद्दीकी ने बैंक अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें अधिक से अधिक वाद सुलह समझौत के आधार पर निस्तारित कराने पर जोर दिया गया। जनपद न्यायालय परिसर में हुई बैठक में प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फर्रूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी बैंक प्रबंधकों से कहा कि इस लोक अदालत में सक्रियातपूर्वक अपना योगदान दें। जिनका बैंक खाता एनपीए हो चुका है। उन पक्षकारों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस जारी करें और राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के अधार पर होने वाले निस्तारण की जानकारी दी। जिससे आम जनमानस को लाभ मिल सके। उन्हें सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि ऋण सम्बन्धी मामलों के निष्पादन में लचीला रुख अख्तियार करें।

# सड़क का हाल बद्हाल दिन-रात लगता जाम, ओवर लोड वाहनों पर नही लग रही रोक

**जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर**



नगर को हाईवे से जोडने वाले नौबस्ता रोड का हाल बद्हाल है। सडक से रात दिन हजारो की सख्या मे निकलने वाले वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। वही स्थानीय प्रशासन सहित पीडब्लू डी देखकर भी अनदेखा कर रहा है। जिससे स्थानीय लोगो सहित अन्य लोगो मे आक्रोस व्याप्त है। सडक का आलम यह है कि सडक कम तालाब कुछ ज्यादा नजर आ रही है। सडक मे फैली मिट्टी से ई-रिक्सा और दो पहिया वाहन पूरे दिन पलट रहे है और चालक सहित सवारियॉ अस्पताल पहुँच रहे है।
ब्ताते चले कि अभी हाल ही मे टॅटी सडक की पैचिंग विभाग द्वारा कराया गया था और पैचिंग के बाद ही सडक किनारे बने नाले का पानी सडक मे भरने लगा जिससे ओवर लोड मोरम वाहनो के आवागमन से सडक बुरी तरह गड्डो मे तब्दील हो गयी। वही सडक से ही दिन रात ओवर लोड मोरम वाहन गुजरने से सडक कस हाल बद्हाल हो गया और आम जानो को मौत के आगोस मे लेने लगी। वही व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला ने कहा कि नगर की नौबस्ता रोड प्रमुख सड़क है। यह रोड कई जनपदों को जोड़ती है, लेकिन इस समय यह सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुकी है। इसके लिए उन्होंने लोक निर्माण विभाग को ही पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि इन दिनों यह सड़क पूरी तरह से बड़े-बड़े गढ्ढों में तब्दील हो चुकी है। जिससे छोटी गाड़ी से लेकर ट्रक तक गड्ढों में फंस जाते है। जिससे घंटों जाम लगा रहता है साथ ही सड़क के खराब होने की वजह से आए दिन गाडियां पलट भी जाती हैं और हमेशा दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। जिससे लोग चोटिल भी हो रहें हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग सहित स्थानीय अधिकारियों से मांग करते हुए चेतावनी भी दिया कि अगर एक सप्ताह के अंदर सड़क को ठीक नहीं करवाया गया तो सड़क के बीचों बीच ही बैठकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी सारी जिम्नेदारी लोक निर्माण विभाग वा स्थानीय अधिकारियों की होगी।

# किसान की जमीन हड़प कर अवैध खनन कर रहा है बालू माफिया

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

अतर्रा तहसील अतंर्गत महुटा गांव के बागै नदी में त्रिपाठी कांट्रक्शन का बालू खनन का पट्टा है जहां ठेकेदार पट्टे की जमीन में खनन करने के लिए है मोरम ही नहीं है तो ठेकेदार किसानों की जमीन की मोरम चोरी कर अवैध खनन कर रहा हैं। किसान ने जब पट्टाधारक को मना किया तो ठेकेदार ने पहले किसान को धमकाया। किसान के जाने के बाद रात के अंधेलें में किसान की जमीन पर अवैध खनन करना शुरू कर दिया और खनन माफिया ने किसान की शिकायत फर्जी तरीके से पुलिस से कर दी। पीडित किसान ने अपनी बात अफसरों के पास पहुंचकर अपना शिकायती पत्र देकर अपनी समस्या बताई।
तभी तहसील अतर्रा के अधिकारियों को किसान की समस्या निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए गये। आनन फानन में खनन ठेकेदार के साथ जमीन की नाप करने पहुंच गए लेकिन पीड़ित किसान को सूचना नहीं दी गयी। नाप के पहले तक किसान की जमीन कानून गो, लेखपाल व वैध कागज बताते रहे लेकिन कल हुई नाप के बाद किसान की जमीन मौके से गोल हो गई। इसके भी पूर्व भी इसी खनन ठेकेदार की खदान का मामला जिले के जिम्मेदारों तक पहुंचा था तब भी ये ठेकेदार इसी तरह किसानों की जमीनों में अवैध खनन करता रहा तभी किसानों की शिकायत पर एक समाचार पत्र ने किसानों की समस्या को प्रमुखता से उजागर किया था और जिले के बड़े जिम्मेदारों ने मामले का तुरंत संज्ञान लिया था और उस समय मौजूद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक व खनिज अधिकारी मौके पर पहुंचकर खनन माफिया को गलत पाया था और समय से पूर्व ही खनन ठेकेदार की खदान को खनन करने के लिए मना कर दिया था लेकिन इन अफसरों की बदली होते ही त्रिपाठी कांट्रक्शन ने फिर किसानों की जमीनों को कुचलना कर दिया लेकिन अब वो सभी किसानों की जमीन को अपना बता अवैध खनन कर रहा है किसान मजबूर होके खून के आंसू बहाने को मजबूर हैं।

# गर्भवती ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

पति से विवाद होने के बाद गर्भवती युवती ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के ईटवा गांव निवासी रेखा (25) पत्नी संजय ने मंगलवार की शाम कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद घर पहुंचे पति ने शव फंदे पर लटकता देखा तो चीख पड़ा। शोर गुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ने बताया कि घटना के समय वह खेतो की तरफ चला गया था। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। उधर मृतका के भाई सोनू निवासी कर्वी ने बताया कि रेखा की शादी 15 फरवरी 23 को हुई थी, वह गर्भवती थी। घरेलू बातो को लेकर पति पत्नी के बीच आक्सर विवाद होता रहा था। मंगलवार को रेखा ने लिवा जाने के लिए फोन भी किया था। सोनू का कहना है कि आए दिन हो रहे झगड़े से परेशन होकर उसकी बहन ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

# शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को प्रदान किये जायेंगे उपकरण: डीएम

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने भारतीय कृतिम अंग निर्माण निगम कानुपर एलिम्को के द्वारा दिव्यांगजनों के प्रयोगार्थ कृतिम अंग, सहायक उपकरण प्रदान किये जाने के लिए 08 फरवरी को विकास खण्ड बबेरू तथा 09 फरवरी को विकासखण्ड बिसण्डा में दिव्यांगो का चिन्हाकंन कैम्प के आयोजन के सम्बन्ध सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया है कि दिव्यांगजनों के चिन्हीकरण शिविर में दिव्यांगजनों को दो फोटोग्राफ्स, दिव्यांग प्रमाण पत्र न्यूनतम 40 प्रतिशत के साथ आय प्रमाण पत्र 22500 प्रति माह या इससे कम होना चाहिए। पहचान प्रमाण पत्र हेतु आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवश्यक प्रपत्र लाने होंगे। उन्होंने उक्त शिविर आयोजन के सम्बन्ध अधिशाषी अभियंता जलनिगम व जल संस्थान को उपयुक्त पेयजल व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक एवं उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी को यातायात नियंत्रण एवं अभ्यर्थियों को सुचारू रूप से आने जाने हेतु परिवहन व्यवस्था किये जाने तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को जिल के चयनित लाभार्थियों को एडिप फार्मों में जिला प्रशासन कार्यवाही किये जाने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तथा खण्ड विकास अधिकारी बबेरू एवं बिसण्डा को दिव्यांग पंजीकरण हेतु हाल की व्यवस्था तथा जांच विशेषज्ञों हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये हैं।

## वाहन की टक्कर से मासूम की मौके पर मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** घर के बाहर खेल रहे मासूम को तेज रफ्तार डाक पार्सल वाहन ने कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के कोर्रम गांव निवासी शिवम (2) पुत्र श्यामबाबू मंगलवार की शाम घर के बाहर खेल रहा था। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डाक पार्सल वाहन ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनो ने उसे उठाकर नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया।

### मंडल के सभी जनपदों की बैठक कर आयुक्त ने की जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा

# 'जल जीवन मिशन का कार्य फरवरी तक मंडल के अधिकारी करें पूर्ण'

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में जल-जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने मण्डल के जनपदों में जल-जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत संचालित परियोजनाओं के कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए पेयजल हेतु कनेक्शन दिये जाने तथा पाइपलाइन बिछाने के पश्चात तोडी गयी सड़कों का मरम्मत कार्य प्रत्येक दशा में फरवरी माह में पूर्ण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्था एवं अधिशाषी अभियंता जलनिगम को दिये। उन्होंने जनपद बांदा में अवशेष 2171, हमीरपुर में 2005 व महोबा में 2208 तथा चित्रकूट में अवशेष पेयजल कनेक्शन दिये जाने का कार्य 15 फरवरी तक किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को कडे निर्देश दिये कि पाइप लाइन बिछाने के पश्चात सड़क मरम्मत का कार्य प्रत्येक गांव में शुरू कराकर तेज गति से गुणवत्तायुक्त रूप से फरवरी माह तक प्रत्येक दशा में पूर्ण किया जाए, अन्यथा कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने हमीरपुर में ओएचटी का कार्य भी शीर्घ्र पूर्ण किये जाने तथा चित्रकूट जनपद में अवशेष पानी टंकियों के निर्माण का कार्य भी फरवरी माह तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये।
उन्होंने सड़क मरम्मत करने के कार्य की क्रास चेकिंग भी कराये जाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारियों को दिये।
उन्होंने जल निगम के अधिशाषी अभियंता बांदा को निर्देशित किया कि मण्डल के सभी जनपदों की शुद्ध पेयजल हेतु पानी का कनेक्शन दिये जाने तथा सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण किये जाने की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन प्राप्त कर प्रस्तुत करें। आयुक्त ने जनपद में कार्यरत संस्था एनसीसी लि0 को बडोखर खुर्द एवं जसपुरा तथा बबेरू में खोदी गयी सड़कों को ठीक कराये जाने तथा मे0 एलएनटी को कमासिन, महुआ में सड़कों की मरम्मत का कार्य फरवरी माह में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने हमीरपुर की पत्यौरा एवं हरौलीपुर पाइप पेयजल योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए पत्यौरा परियोजना में ओवर हेड टैंक के निर्माण कार्य के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने पानी की टंकियों के निर्माण कार्य में मैन पावर बढाये जाने एवं कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। चित्रकूट जनपद की सिलौटा एवं चांदीबांगर में गॉवों में पानी के कनेक्शन बढाये जाने तथा टूटी हुई सड़कों को ठीक कराये जाने के साथ गॉवों में जलापूर्ति हेतु कार्य को तेजी लाकर फरवरी माह तक पूर्ण किये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को दिये। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वेदप्रकाश मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट, महोबा एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे चित्रकूट, महोबा व हमीरपुर तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा जलनिगम के अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण दिनांक 4-6 फरवरी, 2024 को स्थानीय स्तर पर गरज चमक एवं ओलावृष्टि के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री०से०) : 18.6 (-4.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०से०) : 12.0 (+4.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 73 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.4 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि०मी०) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# फर्जी प्रिंसिपल सबा खान पर दर्ज हो सकता है पुलिस अधिकारियों से फर्जीवाड़ा करने का मुकदमा

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** बीती 3 फरवरी को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पर पहुंचकर खुद को हलीम मुस्लिम इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रधानाचार्य बता चर्चित बिल्डर हाजी वसी पर जमीन कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाने वाली महिला का फर्जीवाड़ा निकालकर सामने आया है, दरअसल में खुद को हलीम मुस्लिम इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रधानाचार्य बताने वाली महिला प्रधानाचार्य है ही नहीं, उसके द्वारा संवैधानिक पद पर बैठे पुलिस अधिकारियों से धोखाधड़ी की गई है।

ज्ञातव्य हो कि बीती 3 फरवरी को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पर दर्जनों महिलाओं के साथ एक महिला उनका नेतृत्व करते हुए पहुंची थी जिन्होंने अपना नाम सबा खान वा खुद को हलीम मुस्लिम इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रधानाचार्य बता चर्चित बिल्डर हाजी वसी और उनके बेटे अब्दुल रहमान पर स्कूल की जमीन गैर कानूनी तरीके से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कमिश्नर कार्यालय में कार्यवाही के लिए एक पत्र सौंपा था, लेकिन वास्तव में सत्यता यह थी कि जिस जमीन पर कब्जा करना सबा खान द्वारा बताया जा रहा था उस जमीन को वैधानिक रूप से मोहम्मद आसिफ नाम के बुजुर्ग द्वारा पूर्व में ही एसोसियेशन से लिया गया था और उनका कारखाना भी वहां पर बना हुआ है, हाजी वसी और उनके बेटे अब्दुल रहमान का कोई भी उस जमीन से कनेक्शन नही होने का दावा मोहम्मद आसिफ ने मौके पर ही किया था, साथ ही साथ ही साथ मोहम्मद आसिफ ने पत्रकारों को कुछ सीसीटीवी फुटेज दिखाए थे जिसमें सबा खान अपने साथियों के साथ गैर कानूनी तरीके से दीवार तोड़ती हुई दिखाई दे रही थीं, मोहम्मद आसिफ का दावा है कि उनके पास एक और सीसीटीवी फुटेज है जिसमें सबा खान मुन्ना नाथू नामक व्यक्ति के साथ आकर धमकी देकर गई थीं।




### पुलिस अधिकारियों से झूठ बोलने का दर्ज हो सकता है सबा खान पर मुकदमा

कानूनी जानकारों की माने तो सबा खान ने पुलिस कमिश्नर को संबोधित पत्र में खुद को प्रधानाचार्य लिखते हुए बीती 3 फरवरी को जो शिकायत की थी, उस शिकायती पत्र में प्रधानाचार्य ना होने के बाद भी खुद को सबा खान ने जो प्रधानाचार्य दर्शाकर शिकायत दर्ज कराई है ऐसे में यह पुलिस अधिकारियों के साथ धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है, उनके विरुद्ध वैधानिक जांच करवा कर धोखाधड़ी का मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है।

### सबा खान को मुन्ना नाथू हथियार के रूप में कर रहा है इस्तेमाल

मोहम्मद आसिफ की माने तो मुन्ना नाथू नाम का एक शख्स सबा खान को अपने हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, उसी के द्वारा सबा खान को आगे करके लोगों को प्रताड़ित कराया जाता है, मोहम्मद आसिफ ने दावा किया है कि अब वह वैधानिक कानूनी कार्रवाई करेंगे और मुन्ना नाथू समेत सबा खान एवं सभी अन्य जो इस साजिश में शामिल है उन्हें प्रताड़ित करने के मामले में डीजीपी तथा मुख्यमंत्री के दरबार में भी उपस्थित होकर न्याय की गुहार लगाएंगे।

### पुलिस अधिकारियों से खुद को प्रिंसिपल बता, की गई धोखाधड़ी

मोहम्मद आसिफ ने जानकारी देते हुए बताया है कि सबा खान जो खुद को हलीम मुस्लिम इंग्लिश मीडियम स्कूल का प्रधानाचार्य बताती हैं वह वास्तव में प्रधानाचार्य है ही नहीं, मोहम्मद आसिफ के द्वारा सीबीएसई बोर्ड की ऑफिशल वेबसाइट का एक दस्तावेज जन एक्सप्रेस को उपलब्ध कराया गया है जिसमें प्रधानाचार्य के पद पर तहमीना नाज का नाम दिखाई दे रहा है, साथ ही साथ शहर में अपनी तेज तर्रार और ईमानदार छवि के लिए चर्चित रहे आईपीएस अधिकारी आनन्द प्रकाश तिवारी के द्वारा की गई एक जांच रिपोर्ट भी मोहम्मद आसिफ के द्वारा जन एक्सप्रेस को उपलब्ध कराई गई है जिसमें आनंद प्रकाश तिवारी ने अपनी जांच में सबा खान को पी.आर.ओ. संबोधित करते हुए उनका नाम लिखा है


Central Board of Secondary Education
Details OF SCHOOL AFFILIATED TO Central Board of Secondary Education
Details Of The School Filled up AFFILIATION/OASIS

### मोहम्मद कामरान समेत सबा खान आदि ने हलीम मुस्लिम पर गैर कानूनी तरीके से कर रखा है कब्जा

पूर्व संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी के द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि जिलाधिकारी कानपुर नगर की जांच आख्या/आदेश दिनांक 04.06.2017 तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कराई गयी जांच आख्या में भी मो0 कामरान तथा सहयोगियों द्वारा आनाधिकृत/अनाधिकार कब्जा किए जाने की आख्या दी गयी है तथा इस गैर कानूनी क्रिया कलाप, अवैध कब्जा आदि के लिए मुकदमा दर्ज कर कार्यावाही किए जाने की बात कही गयी है, साथ ही साथ श्री तिवारी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि मो0 कामरान का हलीम मुस्लिम इंग्लिश स्कूल पर कोई अधिकार जांच के दौरान नही पाया गया, वरन प्रबन्धन पर अनाधिकार कब्जा किए जाने का तथ्य भी पाया गया है। इस संदर्भ में यदि मुस्लिम एसोसिएसन संस्था द्वारा पुलिस बल मुहैया कराए जाने, सुरक्षित रूप से विधिसम्मत कार्य किए जानें के लिए सुरक्षाबल दिए जाने की मांग की जाती है तो माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 04.11.2022 के आलोक में मुहैया कराया जाना समीचीन प्रतीत होता है, साथ ही यदि मूल संस्था चाहे तो सम्बन्धित थाने में अवैध कब्जे आदि की प्रथम सूचना दें अथवा नियमानुसार न्यायालय में अपनी अपील/अपनी स्थिति को रख कर आवश्यक विधिसम्मत अनुतोष प्राप्त कर सकते हैं।

# फसल अवशेषों में आग लगाने से होता है मिट्टी के पोषक तत्वों का नुकसान



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा फसल अवशेष योजना के अंतर्गत बुधवार को भेवान स्थित बुद्ध लाल वर्मा इंटर कॉलेज में स्कूल विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें 135 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के प्रभारी डॉ.अजय कुमार सिंह ने कहा कि किसान के फसल अवशेषों में आग लगाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है व मिट्टी के पोषक तत्वों का नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि पराली को खेत में मिला देने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है वही खेत के अंदर जीवांश की मात्रा कम होने के कारण सब्जियों, फलों एवं अन्य फसलों में स्वाद व गुणवत्ता की बहुत कमी आ जाती है। जो कि फसल अवशेषों की खाद को मृदा में मिलाने से बढ़ाई जा सकती है। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.शशिकांत ने बताया कि गोबर की खाद व फसल अवशेषों को मिलाने से मिट्टी की जीवांश क्षमता बढ़ती है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन पर निबंध लेखन, चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तथा छात्रों ने रैली भी निकाली।कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ.खलील खान, डॉ.निमिषा अवस्थी एवं वरिष्ठ गृह वैज्ञानिक डॉ.मिथिलेश वर्मा ने भी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अरविंद त्रिपाठी, संगीता देवी, राम जी एवं संजय सिंह चौहान सहित अन्य विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# लोकसभा चुनाव में और ताकत बढ़ाने के लिए बनें मोदी योगी के ध्वजवाहक : प्रकाश पाल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भाजपा से जुड़ने वाले सभी जन प्रतिनिधि अपने-अपने जिलों में लोकसभा चुनाव में और ताकत बढ़ाने के लिए मोदी योगी के ध्वजवाहक बनकर जनता के बीच जनकल्याणकारी योजनाओं को संपर्क एवं संवाद के माध्यम से पहुंचाएं। यह बात बुधवार को कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड के सभी जिलों से नगर पालिका अध्यक्ष,नगर पंचायत अध्यक्ष,जिला पंचायत सदस्य,ब्लॉक प्रमुख व कानपुर झाँसी नगर निगमों मे सपा,बसपा,कांग्रेस व निर्दलीय जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

ब्लॉक प्रमुख पतारा, फतेहपुर से प्रदीपिका सिंह ब्लॉक प्रमुख धाता, जिला पंचायत सदस्य झांसी जिले से चंदन कुशवाहा, आशा कमल हमीरपुर से मृत्युंजय प्रताप दुष्यंत सिंह परिहार बांदा से अरुण कुमार सिंह राजाराम विश्वकर्मा ललितपुर से अमर सिंह विश्वकर्मा राजकुमार खटीक सहित कानपुर नगर निगम एवं झांसी नगर निगम के दो दर्जन पार्षदों ने भी आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# मधुमेह प्रबंधन शिविर के आयोजन में परामर्श के साथ नि:शुल्क औषधि की गई प्रदान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के 59वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस और पालीवाल डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क आयुर्वेद एवं योग पद्धति द्वारा मधुमेह प्रबंधन शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र में संपन्न हुआ।

शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, पालीवाल डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख डा.उमेश पालीवाल, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डा.वन्दना पाठक, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा.निरंकार गोयल, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डा.अनिल कुमार यादव, संस्थान के निदेशक डा. दिग्विजय शर्मा आदि ने दीप प्रज्ज्वलन एवं ऋषि चरक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस शिविर में 43 रोगी पंजीकृत हुए थे जिनमें से 38 रोगियों ने प्रतिभाग किया। इन सभी रोगियों को वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डा.वन्दना पाठक एवं वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा. निरंकार गोयल द्वारा आयुर्वेदिक जीवन पद्धति का परामर्श और निःशुल्क औषधि प्रदान की गई। योग का अभ्यास डा. राम किशोर के निर्देशन में कराया गया। रोगियों की मधुमेह जांचें पालीवाल डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निःशुल्क रूप से सम्पन्न हुईं।



इस अवसर पर कुलपति ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय पारंपरिक पद्धतियाँ न ही केवल रोगों का प्रबंधन करती हैं बल्कि जड़ से समाप्त करती हैं, परन्तु इन पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक अनुसंधान की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति में मधुमेह रोग की औषधियां महँगी भी पड़ती हैं और उनसे विभिन्न प्रकार के अन्य दुष्प्रभाव भी आते हैं। औषधि और आहार दोनों में प्रयुक्त होने वाले रसायन भी हमारे स्वास्थ्य को सीधे-तौर पर प्रभावित करते हैं।

# जीएसवीएम में कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कानपुर प्रांत द्वारा कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम बुधवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों के लिए कहा कि दिन भर के कार्यवृत्त में कोई भी कार्य करिए संग में पढ़िए और पढ़ाइये। कार्यक्रम मे प्रदेश अध्यक्ष डॉ.निर्मला यादव ने शिक्षिका बहनों से शक्ति स्वरूपा बनकर आगे आने की बात कही। प्रदेश संगठन मंत्री उच्च शिक्षा डॉ.दिलीप सरदेसाई ने संगठन की रीति नीति और पदाधिकारियों द्वारा संगठनात्मक कर्तव्य बोध का आवाहन किया।प्रदेश संयुक्त महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी ने बताया कि कानपुर प्रान्त से लगभग



1000 प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में संभाग करने की संभावना थी परंतु 4217 से अधिक रजिस्ट्रेशन होना संगठन के प्रति शिक्षकों की निष्ठा एवम विश्वास को प्रदर्शित करता है। उन्होने पिछले सत्रों में प्राथमिक, माध्यमिक एवम उच्च शिक्षा से जुड़ी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में अजीत सिंह प्रदेश अध्यक्ष प्राथमिक संवर्ग, डॉ.रतन लाल, राहुल मिश्रा, शैलेंद्र अवस्थी, आफताब आलम, रचना अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# दामोदर नगर रिहायशी क्षेत्र में गैर कानूनी तरीके से चल रहे है पेंट कारखाने में लगी आग

जन एक्सप्रेस । हिमांशू मिश्र

**कानपुर नगर।** शहर में लगातार आग लगने का सिलसिला थम नहीं रहा है, आए दिन आप और हम सुनते हैं कि कहीं ना कहीं किसी न किसी गोदाम अथवा होटल में अचानक से आग लग गई, अचानक से आग लगने के मामलों में तेजी इस कारण भी हो रही है कि लोग नियमों और मानकों को ताक पर रखकर कर अपने-अपने उद्योग अथवा काम धंधों का संचालन कर रहे हैं, बीते दिन बुधवार को थाना बर्रा क्षेत्र के एक रिहायसी क्षेत्र में गैर कानूनी तरीके से चल रहे पेंट के कारखाने में अचानक से आग लग गई और चंद ही सेकेंडों में पेंट का कारखाना आग का गोला बनाकर धधकने लगा, पेट के डब्बे ऐसे फट रहे थे जैसे मानो बम फट रहा हो, सूचना पाकर फायर ब्रिगेड और पुलिस फोर्स पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



मिली जानकारी के अनुसार बीती सात फ़रवरी की शाम को थाना बर्रा क्षेत्र अंतर्गत दामोदर नगर में स्थित हनुमान पार्क के सामने प्लॉट मे गैर कानूनी तरीके से बने कैमिकल के गोदाम मे आग लग गई थी। आग लगने से ड्रमों के फटने से क्षेत्रीय लोगों में अफरातफरी मच गई। सभी क्षेत्रीय लोग अपनी अपनी जान बचाने के लिए परिवार सहित घरों के बाहर आ गए। इस दौरान क्षेत्रीय लोग अपने घरों से पानी, मौरंग,बालू के द्वारा आग बुझाने की कोशिश कर थे। लेकिन आसपास के लोगों की काफी कोशिशों के बाद भी कैमिकल के ड्रमों की आग बुझने का नाम नही ले रही थी। जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों और पुलिस प्रशासन की मदद से आग पर काबू पाया गया था। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि यहां पर आए दिन कैमिकल भरे ड्रम आते जाते रहते थे। कई बार गोदाम मालिक को मना करने के बाद भी केमिकल का लगातार चालू रहता था। सूत्र बताते हैं कि केमिकल गोदाम मालिक की पुलिस से अच्छी खासी साठगांठ चलती है जिसको लेकर क्षेत्र मे ऐसे कई गोदाम है जो लोगों की जान का खतरा बने हुए हैं। इस मामले में कोतवाल बर्रा से बात करने पर उन्होंने बताया कि पेंट का रॉ मैटेरियल गोदाम था उसी में आग लगी थी, बर्रा दो निवासी अभिषेक मिश्रा का कारखाना है जॉच की जा रही है।

## 5 फरवरी से एनएसपी पोर्टल पुन: खोला गया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा सत्र 2023 -24 में एनएसपी पोर्टल पर सफल लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन एवं क्लेम बिल डाटा अपलोड कर करने एवं सत्यापित करने के लिए भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 5 फरवरी से एनएसपी पोर्टल पुनः खोला गया है। मंडलीय मनोवैज्ञानिक डॉ.नरेश चंद्र ने बताया कि सभी लाभार्थी 9 फरवरी तक अपना डाटा अपलोड कर सकेंगे। विद्यालय स्टार पर डाटा सत्यापित करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। उन्होंने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक स्टार पर डाटा सत्यापित करने की अंतिम तिथि 26 फरवरी है।

# बदलते मौसम का वायरल शहर वासियों के लिए बना मुसीबत का सबब

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बदलते मौसम में साथ होने वाले वायरल अब कुछ समय के लिए शहरवासियों के परेशानी का कारण बन सकते हैं। वैसे भी बुखार, सर्दी और जुकाम का वायरस लोगों को परेशान कर रहा है लेकिन अब यह वायरस इतना शक्तिशाली हो चुका है कि इसका प्रभाव शरीर के जोड़ों और घुटनों पर पड़ रहा है। लगातार इस वायरस से ग्रसित मरीज हैलट ओपीडी में बड़ी संख्या में आ रहे हैं। इतना ही नही महिलाऐं और युवा भी इस वायरस की चपेट में आ रहे हैं। इस समय यदि कोई बुखार से ग्रसित होता है तो ऐसे मरीजों को बुखार के साथ जोड़ों के दर्द का भी सामना करना पड़ रहा है। युवा भी इससे बचे नही हैं। हर उम्र के लोगों को इस वायरस का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिनों में हैलट अस्पताल की आर्थोपेडिक विभाग की ओपीडी में जोड़ तथा घुटनों के दर्द के मरीजो की संख्या की खासी बढ़ोतरी पाई गयी है। खतनाक स्थिति तब और भी हो जाती है, जब पहले से ही जोड़ों, घुटनो के दर्द, गठिया के रोगी को फीवर आता है और उनकी परेशानी काफी बढ़ जाती है डॉक्टरों की माने तो बुखार आने की दशा में 25 प्रतिशत मरीज घुटने व जोड़ के दर्द से ग्रसित पाये गये हैं। वहीं बुखार ठीक होने के बाद भी एक से दो महीनो तक जोड़ों का दर्द बना रह सकता है। बता दें कि काफी समय पहले चिकनगुनिया नामक वायरस बुखार के कारण ही हालात हो जाते थे और उसमें व्यक्ति तत्काल जोड़ों के दर्द से कराह उठता था। डाक्टर बताते है कि पूर्व में चिकनगुनिया से पीडित मरीजों को जोड़ों के दर्द की समस्या आसानी से हो जाती है। यह बुखार का वायरस हडिडयों को कमजोर कर रहा है और इसका खासा प्रभाव कमजोर इम्युनिटी वालों मरीजों पर पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए डाक्टरों ने प्रतिदिन व्यायाम करना जहां जरूरी बताया तो वही कैल्शियम युक्त आहार को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए वजन पर नियंत्रण रखने की सलाह दी।



# ईश्वरीगंज ग्राम प्रधान सहित 6 के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईश्वरगंज गांव के ग्राम प्रधान उसके दोनों भाइयों के अलावा अन्य छह लोगों पर बिठूर पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद से लगातार बिठूर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। उधर दूसरी ओर आरोपी के परिवरीजन फर्जी तरीके से पुलिस कमिश्नर के पास पेश होकर बिठूर पुलिस पर ही ग्राम प्रधान को गायब करने का आरोप लगा रहे हैं। जबकि आरोपी मारपीट व लूट की घटना को अंजाम देने के बाद से फरार है।




सूत्रों के मुताबिक शनिवार की सुबह मामूली विवाद को लेकर ईश्वरीगंज ग्राम प्रधान संतोष निषाद, उसके भाई मोंटी व अन्य दो-तीन व्यक्तियों ने गांव के ही विकलांग राम खिलावन को पीट रहे थे। विकलांग व्यक्ति को पीता हुआ देखकर गांव के ही शिव शंकर निषाद ने बीच बचाओ करना चाह। जिस पर ग्राम प्रधान व उसके गुर्गों शिव शंकर पर भी हमला बोल दिया। इस मारपीट में शिव शंकर को सर में हल्की-फुल्की छोटे आई थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बिठूर पुलिस दोनों पक्षों बिठूर थाने पड़कर ले आई। जिसके बाद बिठूर पुलिस ने दोनों पक्षों के ऊपर 151 की कार्यवाही कर चालान कर दिया था। वहां से लौट के बाद ग्राम प्रधान ईश्वरीगंज संतोष निषाद उसके भाई मोंटी के अलावा दो दर्जन से अधिक लोगों ने शिव शंकर के घर पर लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी लेकर हमला बोल दिया। और घर की महिलाओं सहित शिव शंकर को बेरहमी से पीट दिया। इतना ही नहीं गांव का जो भी व्यक्ति बीच बचाव करने आया उसे घर में घुसकर बेरहमी से पीटा। वर्तमान समय में शिव शंकर गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने साथियों सहित फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर बिठूर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ धारा 34, 395 307 506 आईपीसी की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मुकदमा पंजीकृत करने के बाद आरोपियों की तलाश में जुट गई है। उधर दूसरे दिन आरोपी के परिजन पुलिस कानपुर कमिश्नर के यहां पुलिस के खिलाफ ही प्रार्थना पत्र लेकर पहुंच गए। उन लोगों का कहना था की पुलिस ने ग्राम प्रधान को कहीं गायब कर दिया है जबकि ग्राम प्रधान अपने साथियों के साथ फरार है। बिठूर थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्दी ही सभी आरोपी हवालात में होंगे।



## मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग अन्वीक्षा के तहत दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। तकनीकी शोध के क्षेत्र में हमेशा आगे रहने वाला भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर मानविकी और सामाजिक विज्ञान पर भी ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसी के तहत मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग अन्वीक्षा के तहत दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया और अलग अलग संस्थानों से आए विद्वानों के बीच संवाद स्थापित हुआ। मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग आईआईटी कानपुर (आईआईटी) ने अपने पहले दो दिवसीय राष्ट्रीय अनुसंधान विद्वानों के सम्मेलन अन्वीक्षा का आयोजन किया। इस बहु-विषयक सम्मेलन का विषय बाउंड्रीज (सीमाएँ) था और इसमें सामाजिकता, राजनीतिक प्रवचन, पहचान निर्माण और साहित्यिक और सौंदर्य उत्पादन के तरीकों सहित इससे जुड़े विविध डोमेन की जांच की गई। आईआईटी के निदेशक प्रो. एस गणेश ने बुधवार को बताया कि मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग ने समग्र रूप से समाज को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण अंतर-विषयक सीमाओं को संबोधित करने के लिए इस सम्मेलन की मेजबानी करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अन्वीक्षा, विभाग का पहला राष्ट्रीय अनुसंधान विद्वानों का सम्मेलन, उभरते विद्वानों के बीच व्यावहारिक संवाद और विचारशील बातचीत की सुविधा प्रदान करके सूचित और समावेशी शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है। इसने उन विमर्शों के लिए मार्ग प्रशस्त किया है जो शाब्दिक अर्थों में बाउंड्रीज (सीमाओं') को पार करते हैं और मानविकी और सामाजिक विज्ञान में दूरगामी परिणाम दे सकते हैं।

# तिहाड़ जेल से कोर्ट लाए गए आप सांसद, बयान दर्ज कार्यकर्ताओं ने लगाए ईडी-मोदी मुर्दाबाद के नारे

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

डेढ़ दशक पूर्व सुल्तानपुर में सपा के डेरा डालो-घेरा डालो प्रदर्शन के बाद हुए मुकदमे में आरोपी आप सांसद संजय सिंह का बुधवार को एमपी/एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने बयान लिख लिया। अब इस मुकदमे में 14 फरवरी को सुनवाई होगी। दिल्ली शराब घोटाले में आप सांसद संजय सिंह तिहाड़ जेल में निरुद्ध हैं। दिल्ली पुलिस के आधा दर्जन कर्मी संजय सिंह को सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन से बुधवार सुबह लेकर सुल्तानपुर पहुंचे। 5:45 पर जैसे ही ट्रेन सुल्तानपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर रुकी आप पदाधिकारी व कार्यकर्ता संजय सिंह जिंदाबाद, संजय तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं, ईडी-मोदी मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। इस बीच संजय सिंह का सुरक्षा कवच काफी बढ़ गया था। कोतवाली नगर पुलिस के साथ जीआरपी-आरपीएफ ने सुरक्षा घेरा बढ़ाया। टोपी और झंडा लिए कार्यकर्ताओं को प्लेटफार्म से हटाया। पुलिस कर्मी संजय सिंह को पहले आरपीएफ दफ्तर लेकर गए यहां से 15 मिनट के बाद उन्हें स्टेशन पर बने अधिकारी विश्राम गृह में ले जाकर रखा। यहां भी बाहर सुरक्षा के तहत पहरा लगा हुआ था। करीब 10:30 बजे संजय सिंह को यहां से निकाला गया और ब्रज वाहन से दीवानी कोर्ट ले जाया गया। आगे आगे स्कॉट,फिर सीओ सिटी शिवम मिश्रा की गाड़ी और अंत में ब्रज वाहन 11:15 बजे सीधे दीवानी के अंदर इंट्री किया। यहां सैकड़ों की संख्या में आप कार्यकर्ता मौजूद थे। जिन्होंने यहां भी नारेबाजी की। कई थानों की फोर्स भी दीवानी पर लगाई गई थी।



### 2018 में दर्ज हुआ था कोतवाली नगर में केस

करीब 11:30 बजे संजय सिंह एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश किए गए। विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद ने बताया कि कड़ी सुरक्षा में पूर्वांह सांसद सिंह अधिवक्ता मदन सिंह के साथ न्यायालय आए। पूर्व सूचना होने के चलते उनका बयान 313 दंड प्रक्रिया संहिता लिखा गया। 23 अक्टूबर 2008 को बसपा सरकार की नीतियों के खिलाफ समाजवादी पार्टी के डेरा डालो-घेरा डालो के तहत 3 दिनों तक नगर के तिकोनिया पार्क में अनवरत धरना चला था। इस बीच कलेक्ट्रेट व विकास भवन के सामने की सड़क भी जाम की थी।उसमे समाजवादी पार्टी के तत्कालीन एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह (अब भाजपा), पूर्व विधायक अनूप संडा, विधायक राकेश सिंह मऊ, जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव सहित 98 लोगो के विरुद्ध एफआईआर लिखी गई थी। अब 82 लोगो पर मुकदमा चल रहा है। 16 का निधन हो गया है। अभियोजन की गवाही पूरी हो गई है। कई आरोपियों के बयान भी लिखें जा चुके है। अब आरोपियों को साक्ष्य का अवसर दिया गया है।

# ससुरालपक्ष पर विवाहिता को जहर देने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

हलियापुर थानाक्षेत्र अंतर्गत जरईकला गांव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक महिला ने सुसरालियों पर जहर खिलाकर मार डालने के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता का इलाज अयोध्या मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। एसओ अंजू मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिले अयोध्या जिले के रौनाही थानाक्षेत्र के कुंदुरखा खुर्द निवासी कृष्णानंद सिंह की पुत्री शालिनी सिंह का ब्याह वर्ष 2018 में सुल्तानपुर के हलियापुर थाना क्षेत्र के जरईकला निवासी घनश्याम सिंह के पुत्र मुनिभद्र सिंह के साथ हुआ था।शादी के बाद से दोनों में अनबन हो गई। इसके बाद शालिनी मायके चली गई। शालिनी के एक तीन वर्षीय पुत्री यशस्वी है।चर्चा ये भी है कि दोनो के बीच अयोध्या में केस भी चल रहा है। इस बीच शालिनी को पता चला कि 24 जनवरी को मुनिभद्र उर्फ पंकज ने दूसरी शादी कर ली तो बीते शनिवार को वह जरईकला अपनी ससुराल पहुंची।

घर वालों ने उसको घुसने नहीं दिया तो उसने पुलिस का सहारा लिया। थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा मौके पर पहुंची और उसको वहा रखवाकर कहा कि अपने मायके वालों को बुला लाओ। वह अपने घर के सामने पड़ी थी और घनश्याम सिंह के घर में ताला लगा हुआ था। लोगों ने देखा तो गांव के शिवानंद सिंह उसको लेकर निकट के पिठला अस्पताल ले गए वहा से उसे अयोध्या मेडिकल कालेज रेफर किया गया। जहा उसका इलाज चल रहा है।

शालिनी सिंह का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वो सास, ससुर व पति पर जबरन जहर खिलाने का आरोप लगा रही है। उसने हलियापुर थानाध्यक्ष व अयोध्या पुलिस पर भी विपक्षियों से मिले होने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। मामले की जानकारी है। जांच की जा रही है।

# विधायक ने सदन में उठाया जल जीवन मिशन के तहत क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मामला

**जन एक्सप्रेस । लम्भुआ/सुल्तानपुर**

समस्त जिलों में जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के समस्त गांव में घर-घर शुद्ध पेयजल की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह महत्वाकांक्षी योजना संचालित की जा रही है मगर ठेकेदारों द्वारा स्वहित लाभ के लिए सड़क, खड़ंजा,सीसी सड़क, कच्चे चकरोट और निजी जमीनों को खोदकर पाइप लाइन तो बिछा दी जा रही है जिस मानक के अनुसार गडे की खुदाई और पाइप डालने की प्रक्रिया और उसके बाद गड्ढे की भराई के बाद मेंटेनेंस मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा है सिर्फ गड्ढे में पाइप डालकर ट्रैक्टर के माध्यम से मिट्टी इधर-उधर गड्ढे में गिरा दी जा रही है जो कि निर्धारित मानक के विपरीत है जिस कारण सड़के पूर्ण रूप से क्षत्रिग्रस्त हो गई है। पाइप बिछाने के बाद सड़क को ठीक नहीं किया गया। पाइप लाइन से घर में पानी मिलने की सुविधा कब तक मिलेगी, इसका तो पता नहीं लेकिन सड़क खोदे जाने से ग्रामीणों को असुविधा झेलनी पड़ रही है। लोगों की यह पीड़ा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से विभिन्न मंचों तक समाजसेवियों ने प्रमुखता से पहुंचाने का काम किया। समाजसेवी आकाश वर्मा एवं स्पेशल युवा एंटी करप्शन टीम ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से इस समस्या को विधानसभा और लोकसभा में जनप्रतिनिधियों से उठाने की मांग की थी जिसको आज सदन में जनपद सुल्तानपुर के लंभुआ विधानसभा से विधायक सीताराम वर्मा ने सदन में



याचिका उपस्थापना के तहत प्रमुखता से उठाया जिससे समाजसेवी संगठनों समाजसेवियों एवं जनता जनार्दन में एक आशा की किरण जगी है की समस्या से अब कुछ हद तक निजात मिल जाएगी।

### स्कूली वैन व कार में टक्कर, चालक समेत 10 बच्चे घायल

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्कूल वैन और कार में भिड़ंत हो गई। जिसमें आधा दर्जन से अधिक स्कूली बच्चे जख्मी हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना हलियापुर थानाक्षेत्र की है। हलियापुर थानाक्षेत्र के डालिम्स सनबीम स्कूल डोभियारा में मंगलवार को स्कूल से छुट्टी हुई। इसके बाद स्कूली बच्चे वैन से घर जा रहे थे। वैन चालक सर्वेश पांडे (38) निवासी सहन मजरे डोभियारा थाना हलियापुर चला रहा था। वैन पर दस बच्चे सवार थे। जैसे ही वैन स्कूल से दो सौ मीटर चली थी कि अयोध्या की तरफ से आ रही कार से आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार नीचे खड्ड में चली गई। वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार पर सवार ओसामा (23) निवासी बाबूपुर सरैया थाना जगदीशपुर जिला अमेठी गंभीर रूप से घायल हो गया।वैन के चालक सर्वेश पांडे 38 व उस पर सवार छात्र छात्राएं अविका मिश्रा 15, प्राची यादव15, रजत यादव13, दिव्यांशी 8, जय अग्रहरि 7, अंश14, इशिका6, आर्यन पांडे14, आदर्श यादव12, देव उपाध्याय 10 घायल हो गए।सभी को आनन फानन में पिठला अस्पताल ले जाया गया।

# बाललीला, माखन चोरी, ब्रह्मा जी के वर्णन की कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत पूरे मुराइन बिछौरा समरथपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास ने कथा के पांचवें दिन भगवान की बाल लीलाओं का बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया। जिसमें माखन चोरी, भगवान श्री कृष्ण जी बाल लीला करते समय गोपियों से झगड़ा,उनकी गायों के बछड़ों खोल देना,अघासुर वध,बका सुर वध,धेनुकासुर वध आदि सुंदर कथाओं का वर्णन किया। अयोध्या से पधारे कथा व्यास राजकुमार दास जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए भगवान श्री कृष्ण जी ने बकासुर का किस तरह से वध की कथा सुनाया।मथुरा के राजा कंस ने अनेक प्रयास किए, जिससे श्रीकृष्ण का वध किया जा सके,किन्तु वह अपने प्रयत्नों में सफल नहीं हो पा रहा था।इन्हीं प्रयत्नों के अंतर्गत कंस के एक दैत्य ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए एक बगुले का रूप धारण किया। बगुले का रूप धारण करने के ही कारण उसे **बकासुर** कहा गया, दोपहर के पश्चात् का समय था।श्रीकृष्ण दोपहर का भोजन करने के पश्चात् एक वृक्ष की छाया में आराम कर रहे थे।

सामने गऊएँ चर रही थीं। कुछ ग्वाल-बाल यमुना में पानी पीने गए। ग्वाल-बाल जब पानी पीने बैठे तो एक भयानक जंतु को देखकर चीत्कार कर उठे।वह जंतु था तो बगुले के आकार का, किंतु उसका मुख और चोंच बहुत बड़ी थी। ग्वाल-बालों ने ऐसा बगुला कभी नहीं देखा था।

ग्वाल-बालों की चीत्कार सुनकर बाल कृष्ण उठ पड़े और उसी ओर दौड़ पड़े, जिस ओर से चीत्कार आ रही थी,बालकृष्ण ने यमुना के किनारे पहुँचकर उस भयानक जंतु को देखा। वह अपनी लंबी चोंच और विकराल आंखों को लिए गुड़मुड़ाकर पानी में बैठा था।बालकृष्ण उस भयानक जंतु को देखते ही समझ गए की यह कोई पक्षी नहीं,कोई दैत्य है।उनकी नजरों में विद्युत का प्रवाह संचरित हो उठी।वे झपटकर बगुले के पास जा पहुँचे और उसकी गरदन पकड़ ली। उन्होंने उसकी गरदन इतनी ज़ोर से मरोड़ी कि उसकी आंखें निकल आई। वह अपने असली रूप में प्रकट होकर धरती पर गिर पड़ा और बेदम हो गया।बगुले के रूप में भयानक राक्षस को देखकर ग्वाल-बालों को बड़ा आश्चर्य हुआ।सबसे अधिक आश्चर्य तो इस बात पर हुआ कि उनके साथी कन्हैया ने उसे किस तरह मार डाला।वे अपने कन्हैया को देवता समझने लगे।उन्होंने सन्ध्या समय बस्ती में जाकर कन्हैया की प्रशंसा करते हुए लोगों को बताया कि किस प्रकार कन्हैया ने एक भयानक दैत्य को, जो बगुले का रूप धारण किए हुए था, मार डाला।वत्सासुर का वध और बकासुर की मृत्यु की ख़बर सुनकर कंस चिंतित हो उठा। उसे समझने में देर नहीं लगी के अवश्य नंदराय का पुत्र ही देवकी के गर्भ का आठवां बालक है। अतः कंस कृष्ण को हानि पहुँचाने के लिए अपने दैत्यों को वृन्दावन भेजने लगा।साथ ही महाराज जी ने कहा कि माताएं भगवान से इसलिए बड़ी होती हैं कि ईश्वर का केवल तीन काम है उत्पत्ति करना,पालन करना और संघार करना लेकिन माताएं सिर्फ दो ही काम करती हैं केवल उत्पत्ति करती हैं और पालन करती हैं संघार नहीं कर पाते हैं इसलिए उनको हमेशा बड़ा माना गया है उन्हीं को मिलते हैं जिनकी भगवान के भक्तों के प्रति आस्था होती है और हरि नाम संकीर्तन करते रहते हैं कथा के समापन के बाद मुख्य यजमान राम खुशियाल शुक्ल एवं पत्नी राज कली शुक्ल ने व्यास पीठ की आरती उतारी और अरविंद लोचन महाराज व्यास पूजन संपन्न करवाया प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर पप्पू शुक्ला विनोद राजेश शुक्ला, मीना राजेश तिवारी, आशीष पांडेय, देवांश तिवारी अमित, पांडेय, दिवाकर, सत्यप्रकाश, शीतला प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### परिवार पालने के लिए मजदूरी पर गए मजदूर की नहर में डूबने से दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** परिवार पालने के लिए मजदूरी पर गए 55 वर्षीय मजदूर की नहर में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। जिससे घरवालों और गांव में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरा मामला डीह थाना क्षेत्र स्थित सुमतपुर टेकरी दादू गांव का है जहां पर इंटर कॉलेज को जाने वाले रास्ते में मनरेगा के तहत खड़ंजा लगाने का काम चल रहा था जिसके लिए पास में गई नहर की मिट्टी खोदकर उसमें डाली जा रही थी, जिसमें आधा दर्जन से अधिक मजदूर काम कर रहे थे। मिट्टी खुदाई के दौरान अमर सिंह पुत्र लाल बहादुर उम्र 55 वर्ष का अचानक पैर फिसलने से वह नहर के गहरे पानी में चला गया जिससे वहां काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप और चीख पुकार मच गई स्थानीय लोगों की मदद से नहर में डूबे 55 वर्षीय बुजुर्ग मजदूर को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक बहुत हो चुकी थी और मजदूर की दर्दनाक मौत हो चुकी थी।

# डी ए वी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । ऊंचाहार, रायबरेली**



बुधवार को एन टी पी सी ऊंचाहार स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं और ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।पहले सत्र में कक्षा 12 के बच्चों ने के अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए प्रधानाचार्य जी एवम शिक्षको के साथ हवन किया।

तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेंद्र कुमार मिश्र के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। इसके बाद सभी ने डी ए वी गान गाया। और गणेश वंदना की प्रस्तुति को सभी ने खूब सराहा। कार्यक्रम में बैलून गेम, स्पून बॉल गेम जैसे मनोरंजक खेलों ने छात्र-छात्राओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा **लंदन ठुमकदा** पर मनोहर ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गयी जिसने सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। पेंटालिश ग्रुप डांस को भी बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहा, साथ ही स्कूल जीवन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर कर दिया। प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्र जी ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उनको परीक्षा में सफल होने के मंत्र बताए तथा जीवन में सतत रूप से कड़ी मेहनत करने की और आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हेड गर्ल अक्षिता सिंह ने अपने विद्यालय के अनुभवों को साझा करते हुए पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने रैंप वॉक के माध्यम से अपनी अदाकारी का नजारा पेश किया। जिसके बाद सभी वरिष्ठ छात्र-छात्राओं को टाइटल के साथ प्रतीक चिन्ह प्रधान किया गया। पी पी टी प्रस्तुत की जिसमे स्कूल की पुरानी यादें ताजा होते ही सभी की आंखें नम हो गई।

### समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेता रज्जू खान ने किया इलेक्ट्रिक स्कूटी के शोरूम का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



बुधवार को महाराजगंज रायबरेली में ए ए इन्टर प्राईजेज इलेक्ट्रिक स्कूटी के शोरूम का उद्घाटन समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आफताब अहमद रज्जू खान एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर रज्जू खान ने कहा कि शोरूम के खुल जाने से महाराजगंज के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी, लोगों को अब ई-स्कूटी खरीदने के लिए शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेगा। शोरूम के मालिक नजीब खान, जिसान खान, अमान खान ने राष्ट्रीय नेता का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सभासद शकील गांधी, आसिफ, अकरम, अमन, तौकीर, कैफ, शादाब आदि लोग मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान पर लगा पद का दुरुपयोग कर अपनों को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज, रायबरेली**

हमेशा अखबार की सुर्खियों में बने रहने वाले ग्राम प्रधान पर एक बार फिर अपने पद का दुरुपयोग कर अपने ही परिजनों को अनुचित लाभ देने की शिक़ायत उच्चाधिकारियों से की गयी हैं। मामला महाराजगंज काबा के ज्योना गांव से जुड़ा हैं, जहां प्रधान उमेश कुमार द्वारा गांव में स्वच्छ भारत मिशन से निर्मित सामुदायिक शौचालयों में अपनी माँ, पत्नी, भाई की पत्नियों आदि को रख रखाव के लिए चयनित केयर टेकर का जिम्मा सौंपा हैं। जिस पर गांव के ही शिकायतकर्ता जमुना पुत्र रामसजीवन ने फर्जी समूह बना सरकारी धन के बंदरबांट का आरोप मौजूदा प्रधान पर लगाया हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में की गयी शिक़ायत में आरोपकर्ता जमुना ने बताया की मौजूदा ज्योना प्रधान उमेश कुमार (कुन्नू) द्वारा शौचालय के संचालन के लिए चयनित किए गए जय दुर्गा ज़ी स्वयं सहायता समूह में अपनी माँ शांती देवी, पत्नी शिवानी, गुडिया व बबीता (सगे भाई की पत्नियां) को फर्जी समूह का सदस्य बना अपने पद व नियमावली का दुरुपयोग कर रहे जो की विधि विरुद्ध व न्याय संगत नहीं। शिक़ायतकर्ता ने बताया की समूह में दस सदस्यों का प्रावधान हैं जबकि परिवार सहित मात्र 8 लोगो द्वारा संचालित समूह को शौचालय संचालन करने की जिम्मेदारी सौंप फर्जीवाड़ा करने की फिराक में हैं। जिसमें मौजूदा सचिव आदित्य कुमार व एडीओ (पंचायत) सतीश चतुर्वेदी भी सहयोग कर सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे। मामले में बीडीओ वर्षा सिंह ने बताया की प्रकरण की जांच करा कार्यवाई करायी जाएगी।

# परीक्षाओं को लेकर जिलाधिकारी ने नवोदय विद्यालय के बच्चों का किया मार्गदर्शन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



डीएम निशा अनंत ने जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने दसवीं और बारहवीं के सीबीएसई बोर्ड के परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन किया।पूरे विद्यालय कैंपस, छात्रावास, भोजनालय कक्ष, किचन, गार्डन आदि का भ्रमण किया।छात्र-छात्राओं के उद्बोधन के अंतर्गत कई छात्र, छात्राओं ने डीएम से यूपीएससी की तैयारी के विषय में पूछा।जिस पर उन्होंने यूपीएससी की तैयारी से संबंधित जानकारी दी। छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षा से संबंधित आंतरिक दबाव, सामाजिक दबाव एवं पियर प्रेशर से ताल्लुक रखते हुए भी सवाल पूछे गए। जिसका डीएम द्वारा छात्र-छात्राओं का उचित मार्गदर्शन किया गया।जिलाधिकारी ने सभी छात्रों को अपने निजी कौशल एवं शक्ति को पहचान कर पूरे मनोयोग से परीक्षा की तैयारी करने का आवाहन किया।तथा सभी छात्र, छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा जिलाधिकारी को केरल की प्रवर्जित छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग उपहार स्वरूप भेंट की गई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जिलाधिकारी को आश्वासन दिया गया कि आपके निर्देशन में विद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति करेगा और शिक्षा क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AMG-RCR-20-23-2 (Misc-Static-Services- Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.02.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.02.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.02.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

391/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# भारी मात्रा में पकड़ी गई अवैध शराब, तीन मुकदमे पंजीकृत



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बुधवार को रानी सागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4, तिलोई द्वारा मय हमराह स्टाफ के साथ ग्राम शंकरगंज थाना मोहनगंज,बलई का पुरवा थाना इन्हौना में आकस्मिक दबिश दी गई।दबिश में करीब छाछ्ठ लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 250 कि.ग्रा.लहन मौके पर नष्ट किया गया।तथा तीन मुकदमें पंजीकृत किये गये।एवम आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। और गांव के लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले घातक दुष्प्रभावों से परिचय कराते हुये केवल लाइसेंसी दुकानों पर मिलने वाली वैध मदिरा के सेवन हेतु प्रेरित किया गया।

साथ ही किसी व्यक्ति या स्थल पर अवैध शराब के निर्माण, संचय अथवा बिक्री की सूचना टोल फ्री,हेल्पलाइन अथवा आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर देने की अपील की गयी।

### क्षेत्रीय लोगों की शासन-प्रशासन से धूमिल होती जा रही आस

# सड़क टूटी-गड्ढे अपार, राह चलना हुआ दुश्वार



**जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल, अमेठी**

मुखिया के फरमान के बाद भी अफसरो ने सड़कों के घाव भरने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिससे सड़कों के घाव नहीं भरे जा सके। वाहनों के चक्के जवाब देते देखे जा रहे हैं। पैदल चलना भी दुश्वार देखा जा रहा है। लेकिन अफसर इस गंभीर समस्या के निस्तारण के लिए आगे नहीं आ रहे हैं।जिससे राहगीरों की राह आसान नहीं हो पा रही है। मुख्य मार्ग को लेकर किसान नेताओं द्वारा धरना प्रदर्शन कर दुरुस्तीकरण करने की भी सरकार सेअपील की गई। स्थानीय लोगों द्वारा संबंधित विभाग व सरकार से सड़क ना ही सही सड़क के गढ़ों में कंकर व तालकोल डालने की गुहार लगाई ताकि आवागमन सुगम हो सके।

**तालाब बनी 500 मीटर सड़क, राहगीर परेशान :** कटरा तिराहे से रुदौली जाने वाला मुख्य मार्ग देवा हॉस्पिटल पं रामराज मिश्र महाविद्यालय व पूरे जीततिवारी से खेममऊ के पास विगत वर्षों से तालाब बना देखा जा रहा है। ऐसा तब है जब इस मार्ग पर हॉस्पिटल महाविद्यालय सैकड़ो लोगों का आना-जाना होता है। मार्ग पर घुटनों तक पानी भरा होने के चलते प्रतिदिन दर्जनों राहगीर इसमें गिरकर चोटिल चोटिल होते देखे जाते हैं। हॉस्पिटल कॉलेज जाने वाले सैकड़ो लोगों व छात्र-छात्राओं को मुसीबत उठानी पड़ती है।राहगीर तो अब इन्हें अपना नसीब ही मान चुके हैं।इन उधडी सड़कों पर लोग गिरते हैं। सिस्टम को कोसते और फिर आगे निकल जाते हैं।

# अखिलेश ने बोला भ्रष्टाचार को लेकर सरकार पर हमला

* सरकार का जीरो टॉलरेंस ही जीरोः अखिलेश
* अयोध्या में सरकार के संरक्षण में हुआ जमीनों का गोरखधंधा
* अब 112 पर कॉल करने से डरते हैं लोग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश में लॉ अलग है ऑर्डर अलग

उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष विधानसभा अखिलेश यादव योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का **जीरो टॉलरेंस** ही **जीरो** हो गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए कहा कि यूपी में अब जितना भ्रष्टाचार है उतना कभी नहीं रहा। अयोध्या में जमीनों की खरीदारी में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि अयोध्या का पुराना गौरव वापस लौट आया है। हमें खुशी है कि हमने अपना वचन निभाया और मंदिर वहीं बनाया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए कहा कि यूपी में अब जितना भ्रष्टाचार है उतना कभी नहीं रहा। अयोध्या में जमीनों की खरीदारी में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। ये भ्रष्टाचार सरकार के संरक्षण में हुआ। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर सरकार की नीति जीरो हो गई है।अखिलेश यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए सरकार से सवाल किया कि सरकार महंगाई को कम करने के लिए क्या कर रही है? महंगाई बढ़ रही है। खाने-पीने के दामों में बढ़त हुई है। लोगों के पास रोजगार हैं नहीं। नौकरियां मिल नहीं रही हैं और सरकार वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना दिखा रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर कटाक्ष करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अब लोग 112 पर कॉल करने से डरते हैं कि उनसे वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के सबसे तेज रिस्पांस सिस्टम को बर्बाद कर दिया गया। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। प्रदेश में लॉ अलग है ऑर्डर अलग है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है। सब कुछ प्राइवेट किया जा रहा है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेज मानक के अनुसार नहीं चल रहे हैं। वहां पर नियुक्तियां पूरी नहीं हुई हैं। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में इस समय जितना भ्रष्टाचार है उतना कभी नहीं रहा। थाने और तहसीलों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। सरकार की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति जीरो हो गई है।अखिलेश यादव ने कहा कि एयरपोर्ट बनाने के लिए किसानों से जमीन ली जा रही है पर उसका सही मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। सरकार चित्रकूट में डिफेंस एक्सपो बनाने जा रही है लेकिन किसानों को पुराने रेट पर मुआवजा दे रहे हैं। सपा सरकार में चार गुना मुआवजा दिया गया था। उन्होंने सवाल किया कि आखिर किसानों पर खजाना खर्च करने में सरकार को क्या दिक्कत है?अयोध्या में एयरपोर्ट बनाने के लिए ली गई जमीन का मुआवजा नहीं दिया गया। लोगों ने सरयू में खड़े होकर जनेऊ की कसम खाई थी भाजपा को वोट नहीं देंगे। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में 40 लाख करोड़ के एमओयू साइन करने की बात कही जाती है और कहा जाता है कि इससे एक करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। जो उद्योगपति यहां आते हैं वही दूसरे प्रदेशों में जाकर कहते हैं कि सबसे पहले दूसरे प्रदेशों में निवेश करेंगे। उन्होंने पूछा कि सरकार उद्योगपतियों को इंसेंटिव क्यों नहीं दे पा रही है। अभी कहा गया है कि तमिलनाडु मेक इन इंडिया में सबसे आगे है। यूपी मेक इन इंडिया में सबसे आगे क्यों नहीं है?श्री यादव ने कहा कि अग्निवीर योजना लागू होने से सर्वाधिक नुकसान यूपी के नौजवानों का हुआ है। पहले फौज में 70 हजार युवाओं की भर्ती होती थी पर अब नहीं होती है। सेना में भर्ती नौजवानों को वेतन, पेंशन और मेडिकल सुविधाएं मिलती थीं पर अग्निवीर योजना में चार साल की नौकरी के बाद उन्हें निकाल दिया जाएगा। सेना की नौकरी में जाने से पीडीए समाज के लोगों में समृद्धि आती थी पर अब अग्निवीर योजना से वो सारी सुविधाएं खत्म हो जाएंगी। अखिलेश यादव ने कहा कि राज्यपाल का सदन में दिया गया अभिभाषण एक सरकारी दस्तावेज है। जो सरकार चाहती है अभिभाषण में वही बातें होती हैं।उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यूपी सबसे ज्यादा कार्यवाहक डीजीपी बनाने में नंबर एक है। झूठे प्रचार पर खर्च करने में यूपी नंबर एक है। बेरोजगारों पर लाठी चलवाने में नंबर वन है। महिलाओं के खिलाफ अपराधियों को बचाने में यूपी नंबर वन है। यूपी दलितों-पिछड़ों के उत्पीड़न में नंबर वन है।

केंद्र व राज्य की टकराहट में नंबर वन है। यूपी आज पीडीए यानि पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित करने में नंबर वन है। यही सच्चाई है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अखिलेश के शामिल होने से कोई फर्क नहीं पड़ेगाः खन्ना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। वो जनता का विश्वास खो चुके हैं। राहुल गांधी और अखिलेश यादव को एक दूसरे पर विश्वास नहीं है। सपा कांग्रेस पहले भी गठबंधन कर लड़े और हार चुके हैं। दोनों के साथ आने से यूपी की राजनीति पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। जनता पहले भी उन्हें नकार चुकी है। दोनों अपना-अपना सम्मान बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## भाजपा नेताओं के साथ अयोध्या नही जायेंगे सपा सदस्यः शिवपाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी का बजट सत्र जारी है। सपा ने भाजपा द्वारा सभी विधायकों को रामलला के दर्शन कराने का आमंत्रण अस्वीकार कर दिया। सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हमारे नेता को निमंत्रण नहीं दिया गया। हम 11 फरवरी को भाजपा नेताओं के साथ नहीं बल्कि अलग से अयोध्या जाएंगे। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी के भाजपा से हाथ मिलाने की खबरों पर कहा कि हम जयंत चौधरी को जानते हैं। वो हमारे साथ ही हैं।

## दो आईपीएस अफसरों का तबादला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश शासन ने आज बुधवार सुबह दो आईपीएस का तबादला कर दिया, जबकि एक तबादले को निरस्त कर दिया है। डॉ दुर्गेश कुमार को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। लखनऊ में तैनात सैयद अली अब्बास को आगरा कमिश्नरेट में तैनात किया गया है। नोएडा कमिश्नरेट में तैनात विद्याशंकर मिश्रा का लखनऊ कमिश्नरेट के लिए हुआ तबादला निरस्त कर दिया गया है।

# वार्डो में गंदगी का अंबार, नहीं सुनते जिम्मेदार

## वार्ड के नागरिक गंदगी से परेशान, जिम्मेदार मौन



जन एक्सप्रेस । इटौंजा, लखनऊ



लखनऊ जिले की नगर पंचायत इटौंजा के लोगों को शहरी क्षेत्र होने के बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। साफ-सफाई के अभाव में जहां कूड़ा जमा है, वहीं जल निकासी के लिए बनी नालियां कचरे से पटी पड़ी हुई हैं। इन वार्डो में अब तक फागिंग न कराए जाने से लोग मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं। जबकि जिम्मेदार लापरवाह बनें हैं और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहें हैं।


बताते चलें कि इटौंजा नगर पंचायत वार्ड नंबर 10 तकिया मोहल्ला में निवासियों को मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस वार्ड में निवासी फ़हीम ने बताया कि वार्ड नंबर 10 तकिया मोहल्ला में सफाई कर्मी सफाई करने नहीं आता है जब सफाई करने को कहा गया तो कहता है ठंड बहुत है जबकि साफ़ सफ़ाई ना होने से वार्ड की नालियां गंदगी से पटी पड़ी हुई हैं।

वहीं नगर पंचायत के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते नगर में साफ सफाई की व्यवस्था बदहाल हैं। इसके चलते नगर के वार्ड में चारो तरफ गंदगी पसरी है। गंदगी के चलते मच्छरों के आंतक बढ़ने से लोग परेशान है। कई बार शिकायतों के बाद भी सफाई व छिड़काव नहीं कराया जा रहा है।

# महिला सम्मान बचत पत्र में यूपी में वाराणसी अव्वल

## साढ़े 18 हजार महिलाओं ने किया 93.51 करोड़ का निवेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



आज़ादी के अमृत काल में महिलाओं के लिए आरम्भ **महिला सम्मान बचत पत्र** को महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया है। 1 अप्रैल, 2023 से आरंभ इस योजना में पूरे उत्तर प्रदेश में दस माह में 72 हजार से ज्यादा महिलाओं ने लगभग 6.36 अरब रूपये का निवेश किया है। इसमें भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में अवस्थित वाराणसी परिक्षेत्र में सर्वाधिक 18,721 महिलाओं ने निवेश कर रिकॉर्ड बनाया है। वाराणसी कैंट प्रधान डाकघर में महिला कर्मियों के लिए विशेष रूप से तैयार फीडिंग रूम के शुभारंभ अवसर पर पीएमजी वाराणसी के.के.यादव ने कहा कि वाराणसी परिक्षेत्र में **महिला सम्मान बचत पत्र** में 18,721 महिलाओं ने 93.51 करोड़ रूपये से ज्यादा का निवेश किया है।

उन्होंने कहा कि डाक विभाग महिला सशक्तिकरण और सम्मान के लिए जहाँ अपने कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए तमाम सुविधाएं प्रदान कर रहा है, वहीं नारी सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में **महिला सम्मान बचत पत्र** और **सुकन्या समृद्धि योजना** जैसी योजनायें अहम् भूमिका निभा रही हैं। **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ** को मूर्त रूप देते हुए वाराणसी परिक्षेत्र में 3.20 लाख सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं, वहीं 933 गाँवों में 10 वर्ष तक की सभी बालिकाओं को इस योजना से कवर करते हुए इन्हें **सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम** में तब्दील कर दिया गया है। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर वाराणसी पश्चिमी विनय कुमार, सहायक निदेशक आरके चौहान, कैण्ट पोस्टमास्टर अरविन्द शर्मा, सहायक अधीक्षक श्रीकांत पाल, डाक निरीक्षक दिलीप पांडेय, अनिकेत, सुनीता पटेल, मंजू, अजिता, शिखा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मछुआ समुदाय के लिये सरकार ने बहुत कुछ दिया-संजय निषाद



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मछुआरा समुदाय के लिए जो किया उसके लिए मैं अपनी सरकार को धन्यवाद देता हूं। यही कारण है कि अब यूपी मत्स्य उत्पादन में पहले स्थान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी सरकार में मछुआरा समुदाय को सम्मान मिला।समाजवादी पार्टी की सरकार ने तो हमे बीच में लटका दिया था। डबल इंजन की सरकार में हमारे समाज को बहुत कुछ मिला है। हमने बजट में जितना मांगा, मुख्यमंत्री ने बिना कोई कटौती किये पूरा दिया। राज्यपाल के अभिभाषण का हम समर्थन करते हैं।

# ठेकों पर बिक रही मिलावटी शराब, शराब विक्रेता ग्राहकों के साथ कर रहे खिलवाड़

* शराब के शौकीनों के साथ लगाया जा रहा सरकार को राजस्व का चूना

जन एक्सप्रेस । बीकेटी, लखनऊ




, लखनऊ। लखनऊ ज़िले के बख्शी का तालाब क्षेत्र में मिलावटी व नकली शराब की बिक्री सरकारी ठेकों पर ही हो रही है। जबकि आबकारी विभाग कार्रवाई के नाम पर गांवों की खाक छानने में लगा है। विभाग के अपने ही कर्मचारी शराब के अवैध कारोबारियों का शह दे रहे हैं।

जिसका खामियाजा सरकार के साथ शराब के शौकीनों को भी उठाना पड़ता है। बता दें कि कई साल पहले लखनऊ में हुई प्रदेश को हिला देने वाली घटना के बाद जिले में भी शराब को लेकर अलर्ट जारी हो गया था। आबकारी विभाग लगातार छापेमारी में जुटा है, लेकिन उन ठिकानों को अब भी छोड़ा जा रहा है, जहां सील बंद बोतलों में मिलावटी शराब बेची जा रही है, कार्रवाई के नाम पर आबकारी विभाग गांवों में भटक रहा है।

वहीं महिगवां, अमानीगंज, पहाड़पुर, महोना, इटौंजा, शिवपुरी, करौंदी, कठवारा, सहित कई अन्य जगहों पर धड़ल्ले से मिलावटी शराब बेची जा रही है। वहीं सूत्रों के अनुसार बीकेटी तहसील क्षेत्र में अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों पर नकली शराब धड़ल्ले से बिकती है।

आबकारी इंस्पेक्टर के निरीक्षण के बाद भी अग्रेंजी व देशी शराब की दुकानों पर मिलावटी शराब की बिक्री लगातार जारी है। वहीं भा.कि.यू प्रदेश सचिव रामप्रकाश सिंह ने बताया कि बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के कई अंग्रेजी एवं देशी शराब ठेकों पर मिलावटी शराब बेची जा रही है, कहा कि हमारे एक किसान ने महोना शराब ठेके पर एक शराब की बोतल खरीदी और उसका ढक्कन खोलने की कोशिश की तो किसान के हाथ में बोतल का सील बंद ढक्कन हाथ में ही आ गया तब उसने यह बात मुझे बताईं, विभाग के ढीले रवैए ऐसे शराब विक्रेताओं के हौसले सातवें आसमान पर है।

## प्राकृतिक आपदा भूकम्प पर सदर तहसील लखनऊ में हुई मॉक ड्रिल

# भूकम्प पर एन0डी0आर0एफ0 ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर किया मॉक ड्रिल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बुधवार को लखनऊ की सदर तहसील परिसर खरगापुर, गोमती नगर में एनडीआरएफ-एसडीआरएफ टीम एवं जिला प्रशासन की टीमों ने संयुक्त माँक अभ्यास किया जिसमे भूकंप से गिरे भवन में फँसे कई व्यक्तियों को रेस्क्यू किया गया। राकेश कुमार सिंह (अपर-जिलाधिकारी) की अध्यक्षता में तथा 11 एनडीआरएफ के मनोज कुमार शर्मा (उप महानिरीक्षक) के दिशा निर्देशन में संपूर्ण मॉक एक्सरसाइज का आयोजन हुआद्य इस माँक अभ्यास के प्रथम चरण में एन0डी0आर0एफ0 अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, एसडीआरएफ, फायर विभाग, जिला पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा बैठक कर इस माँक अभ्यास की सम्पूर्ण रूप रेखा तैयार कर ली गयी थी तथा द्वितीय चरण में आज मोक अभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान भूकंप से सदर तहसील लखनऊ की बिल्डिंग के गिर जाने का दृश्य रखा गया, जिसमे कई व्यक्तियों के फंसे और घायल अवस्था में होने की सूचना देकर सर्च एवं रेस्क्यू के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल की टीमों को एवं अन्य एजेंसियों को बुलाया गया, इसमें गिरे हुए भवन के भीतर पहुंच बनाने तथा लोगों को निकालने के लिए दीवार एवं क्षत को काटा गया। फिर मेडिकल टीम ने घायलों को स्थिरता प्रदान करते हुए बाहर निकाला। इसी दौरान कुछ व्यक्ति बिल्डिंग की ऊपर वाली मंजिल पर फंस गए जिनको एनडीआरएफ ने रोप रेस्क्यू के माध्यम से सुरक्षित नीचे उतारा। सभी एजेंसियों ने आपसी तालमेल एवं समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य को पूरा किया। इस अभ्यास में अंकित शुक्ला (उप जिलाधिकारी सदर) 11 एन0डी0 आर0एफ0 के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ के प्रभारी अनिल कुमार पाल, उप कमांडेंट उपस्थित रहे तथा एन डी आर एफ टीम के साथ एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग, आरएएफ टीम, राजस्व विभाग, सिविल डिफेंस, रेड क्रॉस आपदा मित्र, व जिला प्रशासन की टीमो द्वारा माँक का संयुक्त अभ्यास किया गया। अनिल कुमार पाल, उप कमांडेंट (एनडीआरएफ) ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा में घायल व चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना और सभी रेस्पोंस एजेंसियों का रेस्पोंस चेक करना व सभी स्टेक होल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस मॉक अभ्यास में 11 एन0डी0आर0 एफ0 के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से आयी एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम का नेतृत्व टीम कमांडर निरीक्षक राम सिंह ने तथा एसडीआरएफ टीम का नेतृत्व निरीक्षक लाल चंद ने, 91 बटालियन आरएएफ टीम का नेतृत्व योगेश पांडेय उप कमांडेंट, फायर सर्विस टीम का नेतृत्व मंगेश कुमार (सीएफओ) ने किया। अभ्यास के संचालन में आपदा विशेषज्ञ अमर सिंह का सराहनीय योगदान रहा। साथ ही इस अभ्यास के दौरान प्रशासन से कई अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के तमाम कार्मिक भी उपस्थित रहे।



# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# रामराज्य की ओर बढ़ती उप्र की आर्थिक शक्ति

**वाल्मीकि रामायण के अनुसार श्रीरामजी का आदेश था अश्वमेध के आयोजन के समय की मार्ग में आवश्यक वस्तुओं के क्रय विक्रय के लिए जगह जगह बाजार भी लगने चाहिए। इसके प्रवर्तक वणिक और व्यवसायी लोग भी यात्रा करें। साथ ही नट नर्तक, युवा भी यात्रा करें। रामायण काल में राजा कर लेकर भ्रष्टाचार नही करते थे। वाल्मीकि रामायण अरण्या कांड 6.11 के अनुसार, सुमहान् नाथ भवेत् तस्य तु भूपतेः । यो हरेद् बलिषद्भागं न च रक्षति पुत्रवत् ।। जो राजा प्रजा से उसकी आय का छठा भाग करके रूप में ले ले और पुत्र की भांति प्रजा की रक्षा न करे।**

*उत्तर प्रदेश अब अर्थ संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब शक्ति संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब युवाशक्ति से संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब नारीशक्ति की सुरक्षा और उससे संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब रामराज की ओर अपने कदम तेजी से बढ़ा चुका है। उत्तर प्रदेश अब धर्मसंपन्न ऐसा राज्य है जिसकी सनातन शक्ति प्रज्ज्वलित होकर भारत को सशक्त कर रही है और विश्व को कल्यानपथ की और ले कर चलने की शक्ति हासिल हो चुकी है। श्रीअयोध्या जी में श्रीराम मंदिर की भव्य प्राणप्रतिष्ठा के बाद अब समग्र प्रदेश ही भव्य, दिव्य और नव्य हो चुका है। युवा संन्यासी की शक्ति और नेतृत्व में,योगी आदित्यनाथ सरकार ने आज उत्तर प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत कर लोकमंगल के सभी द्वार खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को अपने कृतित्व से साकार करते योगी आदित्यनाथ ने इतिहास रचा है। संभवतः इसीलिए जब वह आज मीडिया से बात कर रहे थे तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि यह बजट प्रभु राम के लिए, उन्हीं की कृपा से उन्हीं की सेवा में प्रस्तुत है। उत्तर प्रदेश में अब तक जनता पर कोई नया कर थोपे बगैर, 7.36 लाख करोड़ का बजट कभी भी नही प्रस्तुत हुआ। कभी किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि महज 6 वर्ष की यात्रा में यह बीमार प्रदेश इस तेजी से अर्थ संपन्न होकर सर्वाधिक तेजी से विकसित होने वाला प्रदेश बनेगा और वन ट्रिलियन इकोनोमी की छलांग लगाने की दिशा में कदम रख पाएगा। योगी सरकार का लोक मंगल का यह बजट अब प्रमाणित कर रहा है कि श्री अयोध्या जी में केवल हमने एक मंदिर ही बनाया है बल्कि हमारे कर्मठ और संकल्पवान सनातन धर्मनिष्ठ नेतृत्व ने उत्तरप्रदेश को वास्तव में उस रूप में स्थापित कर दिया है जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार बार ग्रोथ इंजन की संज्ञा देकर करते हैं। इस बजट की आर्थिक, तकनीकी बारीकियों पर अनेक अर्थशास्त्री अपने अपने विचार और विश्लेषण अवश्य प्रस्तुत करेंगे। अनेक चर्चाएं भी चलेंगी लेकिन इसे एक वाक्य में कहा जा सकता है कि यह लोकभावना के साथ वास्तव में लोक मंगल का ही प्रारूप है। इसको समझने केलिए भारत के सनातन आदर्श भगवान राम के समय के अर्थ शास्त्र पर थोड़ी दृष्टि डाल कर वर्तमान का आकलन करना ज्यादा उचित होगा। यह अनिवार्य है कि राज्य के संचालन और रख-रखाव में धन का उपयोग प्रचुर मात्रा में होता है। इस अर्थ के उपार्जन में शासन द्वारा लिए जाने वाले कर की आमदनी, अधीनस्थ राजाओं द्वारा दी जा रही राशि आदि का संचय राज्य के कोषागार में जमा होती रहती है। यही धन राज्य के विकास और इससे जुड़े अन्य कार्यक्रमों में खर्च होता है। इसे ही हम प्राचीन काल का बजट कह सकते हैं। रामायण काल की अयोध्या नगरी या कह लें की समूचा कोशल प्रदेश एक आदर्श राज्य था। वहां की व्यवस्थाएं लोक और राज्य के कल्याण के लिए ही बनाई गई होंगी। वाल्मीकि रामायण के बालकाण्ड के अंतर्गत पंचम और छठे सर्ग में दशरथ कालीन अयोध्या नगरी के वैभव का वर्णन मिलता है। अयोध्या में पाए जाने वाले अकूत धन का स्तोत्र कौन सा था उसकी एक झलक देखिए और फिर योगी सरकार के इस बजट का विश्लेषण कीजिए अर्थात उस विभाग के लोग कोष के संचय और चतुरंगिणी सेना के संग्रह में सदा लगे रहते थे। शत्रु ने भी यदि अपराध न किया हो तो वे उसके साथ हिंसा नहीं करते थे। तात्पर्य यह की वहां की अर्थव्यवस्था को ठीक रखने वाले निरपराध भाव से कार्यरत थे।*

## एक्सप्रेस आलेख

**जेआरडी टाटा की कोर टीम में अजित केरकर ( ताज होटल), एफ.सी. कोहली (टीसीएस), प्रख्यात विधिवेत्ता ननी पालकीवाला (एससी सीमेंट), रूसी मोदी (टाटा स्टील) वगैरह थे। जेआरडी टाटा लाख व्यस्त होने पर भी रोज अपने इन सलाहकारों से 45 मिनट से घंटे-डेढ़ घंटे की बैठक करते थे। अगर आज भारत को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया सबसे खास शक्तियों में से एक माना जाता है और भारत का आईटी सेक्टर का व्यापार यदि करीब 200 अरब डॉलर प्रति साल तक पहुंच गया है, तो इसका श्रेय कुछ हद तक तो आपको एफ.सी. कोहली को तो देना ही होगा। आप कह सकते है कि कोहली जी ने ही देश में निर्यात परक आईटी उद्योग की नींव रखी।**

# काश, नरेश गोयल रास्ते से न भटके होते



आर.के. सिन्हा

**काश, नरेश गोयल भी जेआरडी टाटा से कुछ गुण सीख लेते। नरेश गोयल की आगे की भी राह कोई बहुत आसान नहीं है। यह देखना होगा कि क्या वे अपने को कानून की नजरों में कभी निर्दोष साबित कर सकेंगे। नरेश गोयल अगर रास्ते से न भटकते और पूरे फोकस से अपनी जेट एयरवेज को चला रहे होते।**

एक समय विमानन की दुनिया में एयर इंडिया के बाद दूसरा स्थान रखने वाले जेट एयरवेज के फाउंडर चेयरमेन रहे नरेश गोयल की हाल ही में कुछ अखबारों में छपी एक फोटो में उनकी बेहद खराब सेहत हालत को देखकर उनके अनेकों मित्रों और करीबियों को निराशा तो जरूर ही हुई होगी। नरेश गोयल आजकल मुंबई की एक जेल में विचाराधीन कैदी के रूप में बंद हैं। उन पर धोखाधड़ी के बहुत से केस चल रहे हैं। उनकी पत्नी भी बीमार है। उन्होंने मुंबई की एक अदालत में यहां तक कहा कि अब उन्हें मर ही जाना चाहिए। भारत के एविएशन सेक्टर के कभी शिखर नाम रहे नरेश गोयल की मौजूदा हालत और उनके पीछे के कारण वास्तव में एक बड़ा सबक हैं, बिजनेस की दुनिया के लोगों के लिए। नरेश गोयल 1970 के दशक के अंत से 1980 के दशक में राजधानी के बंगाली मार्केट की एक बरसाती में रहते थे। उन्होंने कुछ दिनों तक मशहूर बंगाली स्वीट हाउस में नौकरी भी की थी। नरेश गोयल बंगाली मार्केट के एक घर की बरसाती में कुछ दोस्तों के साथ साझा किरायेदार के रूप में रहते थे। बंगाली मार्केट के अलावा नरेश गोयल माहबत खान रोड के सरकारी घरों में भी किराये पर रहे। वे तब दिल्ली के अंसल भवन की एक एयरलाइंस की टिकटों का बिजनेस काम करने वाली छोटी सी कंपनी में काम करते थे। वे सुबह-शाम का खाना बंगाली मार्केट के करीब रिफ्यूजी मार्केट में खा लिया करते थे। वे पंजाब के शहर संगरूर से दिल्ली आए थे। बेशक, वह नरेश गोयल के संघर्ष के दिन थे। वे दिन-रात मेहनत करते रहते थे। नरेश गोयल दिल्ली में नौकरी करने के इरादे से तो नहीं आये थे। उनके कई बड़े सपने थे। संघर्ष के दिनों में भी उनकी तमन्ना आकाश को छूने की ही रहती थी। कुछ दिनों तक बंगाली मार्केट में नौकरी करने के बाद वे पूरी तरह से एयरलाइंस की दुनिया में डूब गए। उन्होंने सबसे पहले इराक और कुवैत एयरलाइंस की टिकटों को बेचने का काम शुरू किया। नरेश गोयल का धंधा उनकी मेहनत से फौरन चमकने लगा। वे जल्द ही मोटी रकम कमाने लगे। उसी दौर में उन्होंने ईस्ट दिल्ली में एक घर भी खरीद लिया। नरेश गोयल का काम और चमका तो वे चार्टर फ्लाइट के बिजनेस में कूद पड़े। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं समझी। नरेश गोयल अमृतसर से चार्टर फ्लाइट लेकर लंदन जाने लगे।



**अगर उन्होंने देश के आईटी सेक्टर की नींव रखी तो जेआरडी टाटा को क्रेडिट देना होगा कि उन्होंने ही कोहली जी को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) को स्थापित करने और आगे चलकर उसे चलाने का भी जिम्मा सौंपा था।**

उनका दिल्ली, अमृतसर, मुंबई और लंदन लगातार आना-जाना लगा रहता। सरकार ने जब 1991 के बाद एविएशन सेक्टर में प्रत्यक्ष पूंजी निवेश (एफडीआई) का रास्ता खोला, तो नरेश गोयल को लगा कि अब आकाश में उड़ने का वक्त आ गया है। वे तब मुंबई पूरी तरह से शिफ्ट हो गए। वहां पर उन्हें बिजनेस की दुनिया को करीब से जानने का मौका मिला। उसके बाद वे अपने दिल्ली के दोस्तों से दूर होते चले गए। बंगाली मार्केट कहीं बहुत पीछे छूट गई। मुंबई में उन्हें एक नया सर्किल मिल गया। वे जेआरडी टाटा के भी करीबी बन गए। उन्होंने जेट एयरवेज लॉन्च की तो शाहरुख खान, जावेद अख्तर और यश चोपड़ा को अपनी एयरलाइंस कंपनी का डायरेक्टर बनाया। और ,आज जब देश का एविएशन सेक्टर लंबी छलांग लगा रहा है, तब नरेश गोयल जेल में हैं। उनके जेट एयरवेज की उड़ानें 17 अप्रैल 2019 से बंद है। वे मुंबई की जेल में अपने दिल्ली के संघर्ष के दिनों के साथियों को याद तो जरूर ही करते होंगे। नरेश गोयल से कामकाज के दौरान कुछ चूक तो जरूर ही हुई है। इसलिए ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में नरेश गोयल और पांच अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। देखा जाए तो नरेश गोयल को भी देश में आर्थिक उदारीकरण की बयार ने बिजनेस की दुनिया में कूदने की प्रेरणा दी। उदय कोटक, एन.नारायणमूर्ति, नंदन नीलकेणी,शिव नाडार, नरेश गोयल समेत सैकड़ों नौजवानों को 1990 के दशक में सही ही लगा कि अब कुछ उद्यम शुरू करने का वक्त आ गया है। इंस्पेक्टर और लाइसेंस राज से मुक्ति मिल गई है। सबने बहुत छोटे स्तर से अपना कामकाज शुरू किया। इन सबको आर्थिक उदारीकरण ने अपने जौहर दिखाने के पर्याप्त अवसर भी दिए। सबने लंबी छलांग लगाई। पर शायद नरेश गोयल सही रास्ते से तनिक भटक गए। वे मुंबई की चकाचौंध भरी दुनिया में खो गए। वे अपनी जेट एयरवेज में एविएशन सेक्टर के विशेषज्ञों की बजाय बॉलीवुड की हस्तियों को कंपनी के बोर्ड में जगह देने लगे। नतीजा अब सबके सामने है। नरेश गोयल टाटा समूह के पुराण पुरुष जेआरडी टाटा के मित्र तो बन गए पर उनकी तरह अपने कोई सलाहकार नहीं रख सके। जेआरडी टाटा की कोर टीम में अजित केरकर ( ताज होटल), एफ.सी. कोहली (टीसीएस), प्रख्यात विधिवेत्ता ननी पालकीवाला (एससी सीमेंट), रूसी मोदी (टाटा स्टील) वगैरह थे। जेआरडी टाटा लाख व्यस्त होने पर भी रोज अपने इन सलाहकारों से 45 मिनट से घंटे-डेढ़ घंटे की बैठक करते थे। अगर आज भारत को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया सबसे खास शक्तियों में से एक माना जाता है और भारत का आईटी सेक्टर का व्यापार यदि करीब 200 अरब डॉलर प्रति साल तक पहुंच गया है, तो इसका श्रेय कुछ हद तक तो आपको एफ.सी. कोहली को तो देना ही होगा। आप कह सकते है कि कोहली जी ने ही देश में निर्यात परक आईटी उद्योग की नींव रखी। वे प्रौद्योगिकी जगत में नवोन्मेष और उत्कृष्टता की संस्कृति को संस्थागत स्वरूप देने वालों में सबसे आगे रहे। अगर उन्होंने देश के आईटी सेक्टर की नींव रखी तो जेआरडी टाटा को क्रेडिट देना होगा कि उन्होंने ही कोहली जी को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) को स्थापित करने और आगे चलकर उसे चलाने का भी जिम्मा सौंपा था। जेआरडी टाटा में सही सहयोगियों को पहचानने और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने का यह गुण अदभुत था।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 11:17 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराषाढ़ा 26:14 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | सिद्ध, 23:09 |
| सूर्योदयः | 07:06 |
| सूर्यास्तः | 18:04 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 13:57-15:20 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:13-12:57 |

## जन एक्सप्रेस

### आना तय परिणाम !

*कस रही लगाम लगता ।*
*आना तय परिणाम ।।*
*बुरी उनकी कोशिशें ।*
*हो रहीं नाकाम ।।*
*इस बड़बोलेपन ने ।*
*है घटाया मान ।।*
*दुनिया ने भी खोल लिया ।*
*आखिर आंख कान ।।*
*हुआ अलाप बेअसर ।*
*गए लगता हार ।।*
*हुई उनसे ग़लती ।*
*है करना स्वीकार ।।*
*पड़ गए अकेले ।*
*क़दम ग़लत उठाया ।।*
*रहा यही यदि हाल ।*
*हो सकता सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ ,*
*उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।*
*पैगाम है तेरे नाम न जाने कितने ,*
*प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजाम दूँ।*
*हकीकत बड़ी कठोर,बेदिल,बेरहम है,*
*मौशिकी का तुझे,एक हसीन जाम दूँ।*

*आज मिले, कल शायद जुदा भी होंगे,*
*गमगीनी में तुझे विदाई खुले-आम दूं।*
*मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई,*
*आओ शब्दों से आज नया पैगाम दूं।*
*इश्क तेरे नाम से शुरू, वही से खत्म ।*
*तू ही बता संजीव इसे क्या नाम दूं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*आज का कर्तव्य निभाओ, आज के प्रलोभन से लड़ो, उन चीज़ों की प्रतीक्षा करके अपने आप को कमज़ोर और विचलित न करें जिन्हें आप देख नहीं सकते, और यदि आपने उन्हें देखा तो समझ नहीं सकते*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# कान और आंख में दिख सकते हैं कोगन सिंड्रोम सिंड्रोम के लक्षण



### कोगन सिंड्रोम के शुरुआती लक्षण

- आंखों में दर्द और सूजन
- कम या धुंधला दिखाई देना
- तेज रोशनी में भी कम दिखाई देना
- आंखों का लाल होना
- कान में घंटी सुनाई देना
- कानों में सूजन
- कानों में लिक्विड बनना
- कानों में अजीब सा दबाव महसूस होना
- रक्त वाहिकाओं में सूजन
- हार्ट में हल्का दर्द

**शरीर** के सभी दूसरे अंगों की तरह ही कान और आंख भी बेहद महत्वपूर्ण अंग हैं। शरीर के इन अंगों का सही ध्यान न रखने से कई गंभीर परेशानियों का खतरा रहता है। आंख और कान भी एक गंभीर ऑटोइम्यून डिजीज का शिकार हो सकते हैं, इसे कोगन सिंड्रोम कहते हैं। कोगन सिंड्रोम के शुरुआती लक्षणों को पहचानकर सही समय पर डॉक्टर की सलाह लेने से आप गंभीर रूप से इसका शिकार होने से बच सकते हैं। कान और आंख में सूजन कोगन सिंड्रोम का पहला लक्षण होता है।

**कोगन सिंड्रोम क्या है?:** बाबू ईश्वर शरण हॉस्पिटल के सीनियर फिजीशियन डॉ समीर कहते हैं, ÷कोगन सिंड्रोम ऑटोइम्यून विकार है, जो आंखों और रक्तवाहिकाओं में सजून की वजह बनता है। इस डिसऑर्डर में शरीर की स्वस्थ कोशिकाएं शरीर के अंगों को नुकसान पहुंचाने लगती है। इसकी वजह से व्यक्ति को दिखाई और सुनाई देने में समस्या आ सकती है।÷ हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर की कोशिकाओं को हेल्दी रखने के लिए काम करती हैं। कोगन सिंड्रोम में प्रतिरक्षा प्रणाली हेल्दी टिश्यू और हानिकारक एंटीजन के बीच अंतर नहीं कर पाता है तो यह शरीर के हेल्दी टिश्यू को भी नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है। इसमें आंखों और कान के स्वस्थ टिश्यू को नुकसान पहुंचता है। विशेष रूप से कॉर्निया को प्रभावित करता है। कार्निया आंखों की बाहरी परत है जो आंख की पुतली को कवर करती है। इसमें कॉर्नियल सूजन के साथ ही आंखे लाल हो जाती हैं। साथ ही, यह स्थिति दर्द का कारण बन सकती है। ऑटोइम्यून बीमारियों का सटीक कारण फिलहाल अभी ज्ञात नहीं हैं। इसके लिए कई कारण और जोखिम कारक जिम्मेदार हो सकते हैं। इसके लिए आमतौर पर व्यक्ति के जीन को एक प्रमुख जोखिम कारक माना जाता है। इसके अलावा कुछ वायरस, बैक्टीरिया या माइक्रोन्यूट्रिएंट्स भी हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकता है। इस बीमारी के लक्षण दिखने पर सबसे पहले डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# बुंदेलखंड की बुझी प्यास, मेड़बंदी से बढ़ी आस



मुकुंद

**नरेन्द्र मोदी के देश की बागडोर संभालने के सालभर बाद ही 2015 में 500 शहरों में अटल मिशन शुरू किया गया। इसके तहत लगभग 4,900 कस्बों तक जलापूर्ति सुनिश्चित की गई। एक अक्टूबर 2021 को अमृत 2.0 की शुरुआत की गई।**

**भारी वर्षा के दौरान नालों के माध्यम से वर्षा जल (जिसमें सीवेज नहीं मिल रहा है) को संग्रहित किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स के सहयोग से नवंबर, 2021 में रिवर सिटीज अलायंस शुरू किया है। गंगा नदी के तट पर 30 शहरों के साथ अब 142 नदी शहर इसके सदस्य हैं। कैच द रेन पर भी फोकस किया गया है।**

**केंद्र** सरकार सारे देश में वर्षा जल की बूंद-बूंद सहेजने के लिए पिछले 10 साल से भगीरथ प्रयास कर रही है। कुछ जगह अब इसके सुखद और सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। उत्तर प्रदेश ने बड़ी खुशखबरी दी है। राज्य में गेहूं और धान की सरकारी खरीद का आंकड़ा लंबे समय तक अकाल का पर्याय रहे बुंदेलखंड के लिए नई उम्मीद जगाता है, क्योंकि यह वही इलाका है जहां कभी केंद्र सरकार मालगाड़ी से पानी भेजती थी। यहां से टैंकरों के माध्यम से पानी बांदा के चित्रकूट, मानिकपुर और सूखे के लिए अभिशप्त पाठा क्षेत्र में भेजा जाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने एक दशक में बुंदेलखंड खासकर बांदा और चित्रकूट का सूखा खत्म कर दिया है। प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस अभियान में अहम भूमिका निभाई है। अब चित्रकूट के पाठा, मऊ, राजापुर में बासमती चावल महक रहा है। बाकी जगह गेहूं की फसल लहलहा रही है। उत्तर प्रदेश में पिछले साल 15 जून तक गेहूं की कुल सरकारी खरीद (न्यूनतम समर्थन मूल्य) 20 4000 मीट्रिक टन की गई। इसमें अकेले चित्रकूट और राजापुर से 75270 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। चित्रकूट मंडल के किसानों ने 41076 मीट्रिक टन उत्तर प्रदेश सरकार को बेचा। चित्रकूट मंडल उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। दूसरे नंबर पर बुंदेलखंड मंडल रहा। झांसी से 34194 मीट्रिक टन गेहूं सरकार ने खरीदा। तीन-चार दशक पहले अपने गांव जखनी का सूखा खत्म करने के लिए खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़ अभियान शुरू करने वाले पद्मश्री से सम्मानित उमाशंकर पाण्डेय इस बदली हुई तस्वीर का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हैं। वह कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने सारे देश को खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़ अभियान से जोड़कर जल संरक्षण की पुरखों की विधि को जीवंत कर दिया है। इन प्रयासों की वजह से 30 लाख क्विंटल से अधिक बासमती उत्पादन चित्रकूट मंडल कर रहा है। बुंदेलखंड के किसान राष्ट्र और समाज को मजबूत कर रहे हैं। बांदा जिले के 10,000 से अधिक किसानों ने खेत पर मेड़बंदी की है। अब तक 25,000 से अधिक किसानों ने सामुदायिक प्रयास से मेड़बंदी कर वर्षा की बूंदों को रोका है। इससे पलायन रुका है। लोग बड़े पैमाने पर पशुपालन कर रहे हैं। दुग्ध उत्पादन और सब्जियों की पैदावार से समृद्धि आई है। पानी के लिए अब हाहाकार नहीं मचता। पाण्डेय कहते हैं कि एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार बांदा जिले के जिन गांवों में कभी 200 बीघा जमीन में धान की पैदावार होती थी उनमें अब हजार बीघा से अधिक जमीन में धान की पैदावार हो रही है। जिस गांव के रकबे में 20 फीसद फसल पैदा होती थी वहां 95 प्रतिशत फसल पैदा होने लगी है। भू-जल विभाग की रिपोर्ट के अनुसार दो मीटर जलस्तर बांदा जिले का ऊपर आया है। यह बड़े बदलाव का संकेत है। जल संरक्षण की परंपरागत सामुदायिक विधि को आज सूखा प्रभावित सभी राज्य के किसान अपना रहे हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़,बिहार और झारखंड में भी किसान बड़ी संख्या में आगे आए हैं। खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़ को सर्वप्रथम बांदा जिले की 470 ग्राम पंचायत में प्रशासन ने लागू किया था। अब तो उत्तर प्रदेश सरकार ने संपूर्ण प्रदेश को इससे जोड़ दिया है। नीति आयोग और जल शक्ति मंत्रालय ने संपूर्ण भारत के लिए इसे उपयुक्त माना है। अटल भू-जल योजना सहित अनेक योजनाओं में जल संरक्षण के इस मॉडल पर अमर किया जा रहा है। वह कहते हैं कि बुंदेलखंड में कभी एक किलोग्राम बासमती चावल पैदा नहीं होता था। जखनी में इसकी शुरुआत 2007 में हुई। इस प्रयोग ने सूरत बदल दी। खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़ ऐसी जल संरक्षण की तकनीक है कि कोई भी फावड़े से अपने खेत की मेड़बंदी कर सकता है। उस पर सहजन, करौंदा, नींबू, अमरूद और अरहर और औषधि फसल का उत्पादन कर अतिरिक्त आमदनी की जा सकती है। अमृतकाल में हो रहे बदलावों में सामुदायिक और सरकारी प्रयास तो रंग ला रहे हैं, मगर यह दावे से कहा जा सकता है कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो तो संकल्प सिद्धि में देर नहीं लगती। मोदी सरकार का मानना है कि इन उपायों का कार्यान्वयन सतत प्रक्रिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की बागडोर संभालने के सालभर बाद ही 2015 में 500 शहरों में अटल मिशन शुरू किया गया। इसके तहत लगभग 4,900 कस्बों तक जलापूर्ति सुनिश्चित की गई। एक अक्टूबर 2021 को अमृत 2.0 की शुरुआत की गई। अमृत 2.0 शहरों को आत्मनिर्भर और जल सुरक्षित बनाने पर केंद्रित है।

# दरिंदगी की हदें पार, प्रधान के बेटे को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

* दरिंदगी की हदें पार ट्रैक्टर में बांधकर घसीटा गया पैरों की खाल ग़ायब, दिख रही है हड्डियां, गन्ने के खेत में मिला लहूलुहान शव

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी





ग्राम प्रधान के बेटे की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने उसे ट्रैक्टर में बांधकर घसीटा।उसके बाद शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया। पूरी रात परिवार के लोग उसकी तलाश करते रहे लेकिन कोई पता नहीं चला। सुबह उसका शव गन्ने के खेत में औंधे मुंह पड़ा मिला। घसीटने के कारण उसके कपड़े फट गए थे और शरीर की खाल उधड़ी हुई थी।दोनों पैरों की सिर्फ हड्डियां नजर आ रही थीं।
हत्याकांड ईसानगर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिर्जापुर का है। जानकारी के मुताबिक, मिर्जापुर के नंदकिशोर ग्राम प्रधान हैं। उनका पुत्र 25 वर्षीय अंकित खेती किसानी का काम संभालता था। मंगलवार की शाम को घाघरा नदी के उसपर अंकित ट्रैक्टर लेकर अकेले ही अपने खेत जोतने गया था। लेकिन रात तक वो नहीं लौटा। इस पर परिजन उसकी खोजबीन करने गांव के लोगों के साथ खेत पर गए लेकिन वहां न ट्रैक्टर मिला न अंकित का कुछ कोई सुराग लगा।
इसपर सभी लोग रात करीब डेढ़ बजे अपने घर लौट आए। इसके बाद बुधवार सुबह फिर गांव के लोगों के साथ परिजन अंकित की खोजबीन करने लगे।सुबह करीब 9 बजे गांव से करीब 3 किलोमीटर दूर गांव के ही राजेश कुमार के गन्ने के खेत में अंकित का क्षत विक्षत शव औंधे मुंह पड़ा मिला।उसके पूरे शरीर पर चोट के निशान थे। कपड़े फटे हुए थे। पैरों से लेकर पीठ तक खाल उधड़ी हुई थी।दोनों पैरों की हड्डियां नजर आ रही थीं।बॉडी से खून रिस रहा था। ये मंजर देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई।परिवार के लोगों ने बेरहमी से हत्या करने का आरोप लगाया। ईसानगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किये गए। इसके बाद परिवार और गांव के लोगों से पूछताछ की जा रही पूरे गांव में मातम सा माहौल है इस दर्दनाक मौत से ग्राम वासी सदमे में हैं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

> " युवक की हत्या की गई है। बॉडी पर चोट के निशान हैं। इसके अलावा उसे घसीटे जाने के कारण स्किन गायब थी। परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। लेकिन अभी तक तहरीर नहीं आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलते ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।
>
> अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी)

## बिजली का पोल लगाते समय हुआ हादसा, एक की मौत

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



बांकेगंज में बिजली का पोल लगाते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। इसके बाद उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया। पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।बुधवार को लखीमपुर खीरी के पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे मृतक के बड़े भाई राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की उनका छोटा भाई अमरीश कुमार पुत्र परागी लाल निवासी बांसगांव थाना हैदराबाद का निवासी था। जहां अमरेश कुमार बीते दिन बांकेगंज में बिजली के पोल लगाने का काम करने के लिए गया था। बांकेगंज में वहां बिजली का पोल लग रहा था।इसी दौरान अचानक बिजली लाइन शुरू हो गई, जिससे करंट लगने के कारण अमरेश कुमार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं साथ में काम कर रहे हैं अन्य मजदूरों ने देखा और मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक केशव के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं मामले में बिजली विभाग के बड़ी लापरवाही नजर आई। परिजनों ने सवाल किया करते हुए कहा कि शट डाउन के बाद पोल में कैसे करंट दौड़ गया? इसका जवाब नहीं मिल रहा। घटना के बाद भी विभाग कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।

## गेहूं खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी। गोला गोकर्णनाथ खीरी।गेहूं खरीद के लिए किसानों के रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। विपणन अधिकारी सुभाष चंद्रा ने बताया कि जिन किसानों का धान का रजिस्ट्रेशन पहले से है, वह सिर्फ आधार कार्ड लेकर आए और उसको रजिस्ट्रेशन चेक करवा लें, ताकि नया रजिस्ट्रेशन उनका इस नंबर पर हो जाए। क्षेत्र के किसान नया रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आधार कार्ड और खतौनी लाना होगा किसान किसी भी कार्य दिवस में नवीन मंडी भवन में विपणन अधिकारी से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। गेहूं खरीद का रजिस्ट्रेशन पूर्णतया निशुल्क है।

## बजाज हिंदुस्थान शुगर को मिला भारत की सबसे बड़ी एकीकृत चीनी मिल का पुरस्कार



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

लखीमपुर बजाज समूह की कंपनी बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड ने चीनी और इथेनॉल के लिए अग्रणी समाचार और सूचना बाजार, चीनीमंडी से भारत में सबसे बड़ी एकीकृत चीनी मिल श्रेणी में पुरस्कार जीता है। बजाज शुगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने नई दिल्ली में हाल ही में संपन्न शुगर एंड इथेनॉल इंडिया कॉन्फ्रेंस (SEIC) के 2024 संस्करण में कंपनी की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया। प्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री पटवर्धन ने पुरस्कार प्रदान किया।
पुरस्कार पर खुशी व्यक्त करते हुए, बजाज शुगर के प्रबंध निदेशक, अजय कुमार शर्मा ने इस सम्मान के लिए उत्तर प्रदेश में संचालित 14 चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करने वाले 5 लाख से अधिक किसानों सहित सभी कर्मचारियों और हितधारकों को श्रेय दिया।
मैं हमारे सम्मानित समूह अध्यक्ष (कुशाग्र एन बजाज) के कुशल मार्गदर्शन का भी उल्लेख करना चाहूंगा। इसके अतिरिक्त, मैं अपने सभी कर्मचारियों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए और हमारे मूल्यवान किसानों को उनके निरंतर समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं। हम हमेशा महाद्वीप में शीर्ष चीनी उत्पादन कंपनी थे और यह पुरस्कार दिखाता है कि हम हैं और बने रहेंगे, श्री शर्मा ने कहा।

### क्या भारत 2025 तक 20प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण लक्ष्य हासिल कर सकता है..?

चुनौतियाँ और अवसर सम्मेलन में, श्री अग्रवाल ने इस विषय पर पैनल वक्ता के रूप में भाग लिया। इथेनॉल के प्रति चीनी क्षेत्र के योगदान पर एक प्रश्न के उत्तर में, श्री अग्रवाल ने बताया कि, लंबे समय में, चीनी क्षेत्र में देश के इथेनॉल-मिश्रण कार्यक्रम के लिए भारी संभावनाएं हैं क्योंकि इसमें घरेलू उपलब्धता का लाभ है।बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड के पास देश में चीनी और इथेनॉल की सबसे बड़ी स्थापित उत्पादन क्षमता है। हमारी 14 चीनी मिलें और 6 डिस्टिलरीज उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित हैं और लगभग 10,000 लोगों को रोजगार देती हैं। लगभग 500,000 किसान हमें गन्ने की आपूर्ति करते हैं। कंपनी की कुल गन्ना पेराई क्षमता 1.36 लाख टन प्रति दिन और आसवन क्षमता 800 किलोलीटर प्रति दिन है। बजाज शुगर इथेनॉल का अग्रणी निर्माता भी है हरित ईंधन जो भारत मे तेजी से विकसित हो रहे हैं ऊर्जा बाजार में क्रांति लाने वाले तत्पर है।

## चोरी पर चोरियां खुलासा करने में पुलिस नाकाम, बेखौफ चोर चोरियों को दे रहे अंजाम

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



तहसील क्षेत्र में अपराधो की आयी बाढ़ में चोरो ने भी अपने हाथ साफ करना शुरू कर दिया है। नगर सहित क्षेत्र में हो रही चोरियो के खुलासे न हो पाने के कारण चोरो के हौसले खासे बुलन्द है और क्षेत्रवासियो की नींद गायब है। चोरो के हौसले खासे बुलन्द है। इन बेखौफ चोरो ने बीती रात तहसील क्षेत्र के ग्राम बौधी खुर्द निवासी ललित कुमार के घर को अपना निशाना बनाया। ललित कुमार ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में कहा है कि 06 फरवरी की रात को जब परिवार के सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे तब कुछ अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस आये और घर में रखा एक तोला सोने का मंगलसूत्र, डेढ तोला सोने की चैन, एक तोले की दो सोने की अंगूठी एवं दो जोड़ी पायल जिनका वजन लगभग 250 ग्राम, एक जोडा झुमका सोने का एक तोला व एक बच्चे की सोने की चैन वजन लगभग पांच ग्राम एवं बीस हजार रूपया नगद चोर चुरा ले गये। आहट होने पर जब उसकी आंख खुली तो देखा के कुछ व्यक्ति घर के अन्दर सामान चोरी कर रहे थे। जिन्हे देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। जगहर हो जाने के डर से चोर बाहर का दरवाजा खोलकर सामान लेकर भागे ललित उनके पीछे दौड़ा परन्तु शातिर चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। अब देखना यह है कि पुलिस ललित की दी गयी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर इन शातिर चोरो को पकड़ पाती है या यह चोरी भी क्षेत्र में हो रही अन्य चोरियो के भाति नहीं खुल सकेगी।

## सामूहिक दुष्कर्म में दो को 20-20 साल की सजा



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले में लगभग छह साल पुराने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अपर जिला जज (एफटीसी) कुलदीप सिंह द्वितीय ने दो लोगों को दोषी करार दिया है। दोनों अभियुक्तों को बीस-बीस वर्ष की कैद की सजा सुनाई गई है। दोनों पर ही पचास-पचास हजार रुपये का जुर्माना भी किया गया है। जुर्माना न देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जुर्माने की आधी रकम पीड़िता को देने का आदेश भी अपर जिला जज ने दिया है।

## 39वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी



भारत-नेपाल सीमा क्षेत्रों में युवाओं को जागरूक एवं स्वालंबी बनाने के लिए 39वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसका शुभारंभ बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ बृजेश कुमार कमांडेंट (चिकित्सा), सुरेश शर्मा (द्वितीय कमान अधिकारी) एवं प्रीति शर्मा उप कमांडेंट, 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा 39वीं वाहिनी, की समवाय सुमेर नगर में किया गया। यह प्रशिक्षण भारत सरकार, गृह मंत्रालय, सशस्त्र सीमा बल के आदेशानुसार सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले युवाओं को जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के लिए नागरिक कल्याण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स प्रशिक्षण में कुल 29 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह प्रशिक्षण महिंद्रा स्किल्स ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में किया जाएगा। सुरेश शर्मा (द्वितीय कमान अधिकारी) 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा बताया गया कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्रों में युवाओं को जागरूक एवं स्वालंबी बनाने के लिए 39वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। जिसमें महिलाओं के लिए ब्यूटीसियन कोर्स, किसानो के लिए बीज /कीटनाशक मशीन/छोटे कृषि उपकरण का वितरण, बेरोजगार युवाओं के लिए कुक्कुट पालन, आदि सम्मिलित है। उक्त उद्घाटन कार्यक्रम में निरीक्षक बिशन दास गुप्ता, समवाय प्रभारी सुमेरनगर, 39वीं वाहिनी एस.एस.बी, हर्षल मिश्रा, एरिया मैनेजर (महिंद्रा स्किल्स ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड), मोहम्मद अरशद एवं आस-पास गाँव के गणमान्य मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन ग्रामीण की बैठक का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन ग्रामीण की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उपस्थित सभी सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता से उनके ब्लॉकों के आधार पर जानकारी एकत्रित की गयी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि खोदी गयी सड़कों की मरम्मत सही ढंग से करायी जाये और कार्यों में प्रगति लाते हुये सड़कों की पुर्नस्थापना कराना सुनिश्चित करें। जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक जमीन आवंटित नहीं की गयी है या कोई भी समस्या आ रही है, उन ग्राम पंचायतों से संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी से सम्पर्क स्थापित करते हुये शीघ्र अतिशीघ्र जमीन की समस्या का समाधान करने हेतु संबंधित को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया।
उन्होंने आई0एस0ए0 के पदाधिकारियों से कहा कि लोगों के बीच जागरूकता फैलायी जाये। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को यह भी निर्देश दिये कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये एवं निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये।
बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण एवं समस्त सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता सहित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्वावलंबी भारत अभियान के वालंटियर बनाने के संबंध में बैठक का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

आर एस एस कार्यालय, प्रेम नगर में नागरिक परिचय बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संयोजक अनुपम श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि विभाग प्रचारक अभिषेक कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि विभाग प्रचारक अभिषेक कुमार ने सभी कार्यकर्ताओं को स्वावलंबी भारत अभियान वॉलिंटियर के बारे में महत्ता के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को विस्तार से समझाया। अभिषेक सिन्हा संपर्क प्रमुख अवध प्रांत व जिला प्रभारी स्वदेशी जागरण मंच ने बैठक का संचालन करते हुए अनुपम श्रीवास्तव व अभिषेक कुमार से विभिन्न नागरिकों का परिचय कराया एवं दो जिला स्वावलंबन केंद्रों के बारे में घोषणा की जिसमें पहला जिला संयोजक मुकेश अग्रवाल के केशव ग्रीन सीतापुर में न एच 24 पर, दूसरा सोमेश वर्धन सिंह के विद्यालय महादेव शिशु वाटिका, महमूदाबाद रोड, बिस्वा सीतापुर में जिससे सीतापुर के युवाओं में स्वावलंबन एवं रोजगार के लिए जागरूकता बढ़ सके।
अनुपम श्रीवास्तव ने अचिन मेहरोत्रा सह संपर्क प्रमुख अवध प्रांत व जिला मुख्य संरक्षक सीतापुर, सुशील अग्रवाल जिला संरक्षक, जयंत श्रीवास्तव जिला संरक्षक, राम कुमार रस्तोगी जिला संरक्षक, मुकेश अग्रवाल जिला संयोजक, हिमांक डोडेजा जिला सहसंयोजक, कपिल राठौर जिला सहसंयोजक, अंकित अग्रवाल जिला मीडिया प्रभारी, चंद्रभाल गुप्ता जिला संपर्क प्रमुख, उपेंद्र कुमार मिश्रा पूर्ण कालिक, बबिता गुप्ता जिला महिला संयोजक, लक्ष्मी जिला सह सयोजक रही।
बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रचारक पंकज, नगर प्रचारक मनोज प्रकाश, प्रांत सह संयोजक स्वदेशी जागरण मंच रामू स्वदेशी, जिला समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान मोहित शुक्ला, अचिन मेहरोत्रा, सुशील अग्रवाल, जयंत श्रीवास्तव, रामकुमार रस्तोगी, मुकेश अग्रवाल, मोहित मिश्रा, हिमांक डोडेजा, ललित श्रीवास्तव चंचल, कपिल राठौर, सुशील अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, चंद्रभाल गुप्ता, विवेक अग्रवाल मिंटू, उपेंद्र कुमार पांडे, बबीता गुप्ता, लक्ष्मी आदि लोग रहे। जिला संरक्षक स्वदेशी जागरण मंच अचिन महरोत्रा के द्वारा समस्त कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में वॉलिंटियर बनाने के लिए निवेदन किया गया।

## धरी रह गई पुलिस की सक्रियता : चुनावी रंजिश को लेकर दो गुटों के संघर्ष में चली गई एक की जान

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



कस्बा के मोहल्ला मंडी रोड सरैया में चुनावी रंजिश को लेकर दो गुटों के संघर्ष में एक की जान चली गई। पुलिस ने सूझ बूझ के साथ किसी अनहोनी को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर मंगलवार शाम को मृतक का अंतिम संस्कार करा कर राहत की सांस ली थी। सतर्कता बढ़ाते हुए बुधवार को भी भारी सुरक्षा बल मोहल्ले में तैनात रहा। निरीक्षक चंद्रशेखर के अनुसार मृतक के भाई की शिकायत पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। सही लोकेशन के लिए सर्विलांस टीम की भी मदद ली जा रही है। लंबे समय से चुनाव में हार जीत को लेकर दोनों ओर से वर्चस्व को लेकर तीखी नोक झोंक के चलते आगे किसी अनहोनी घटना को लेकर सतर्कता बरती जा रही है।जिसके चलते मोहल्ले में सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है।मृतक के घर नहीं जला चूल्हा संघर्ष में मंसूर की मौत हो जाने के बाद मंगलवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिवार में भय व्याप्त है। मृतक के अनाथ हुए बच्चे और पत्नी के सामने जीवन यापन करने के लिए एकमात्र सहारे की लकड़ी टूट जाने पर परिवार बिखर गया। घटना के तीसरे दिन भी घर में खाना नहीं बना। मोहल्ले के लोगों द्वारा बच्चों को घर ले जाकर भोजन कराया गया है।सीओ अरुण कुमार सिंह का कहना है मामले की विवेचना निरीक्षक को सौंपी गई है। शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा। दोनों गुटों के लोगों से संयम बरतने की बात कही गई है।

## जब किसानों की आय नहीं बढेगी तो पेंशन का क्या फायदा



जन एक्सप्रेस । मनोज कुमार मिश्रा। बिजुआ-खीरी। किसानों को इस बार चुनावी वर्ष के बजट पर काफी उम्मीद थी लेकिन हर बार की तरह इस वर्ष के बजट में किसानों के लिए कुछ खास नहीं लग रहा था कि किसानों के कर्ज पर भी चर्चा की जाएगी किसान कर्ज में डूबा हुआ पूरे भारत में 33 किसान रोज आत्मदाह करता है और किसान अपनी फसल की रूस्क गारंटी मांग रहा है परंतु सरकार ने वादा किया था कि 2022 तक किसानों की आय दो गुनी हो जाएगी पर किसानो की आए तो दो गुनी नहीं हुई किसानों की लागत 3 से 4 गुना बढ़ गई है और किसानों का कर्ज़ दो गुना से भी बढ़ गया है और सरकार ने वादा किया था कि किसानों का बिजली बिल माफ किया जाएगा अभी तक क्यों नहीं सरकार को सिर्फ किसानो की फसल अच्छे दामों पर बिकें इस पर काम करना चाहिए ना की उनको कर्ज देकर कर्ज के दलदल में धकेला जाए और आज यहां का युवा भारत को छोड़ विदेश भाग रहा है इस पर भी सरकार ध्यान दे।

## संकटा देवी धाम में हो रहे शतचंडी महायज्ञ के चौथे दिन भी हज़ारों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा



मां संकटा देवी धाम में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के चतुर्थ दिन यज्ञाचार्य पंडित अखिलेश चंद्र शास्त्री, अशोक शास्त्री, कन्हैयालाल मिश्र, आचार्य गंगा सहाय, शेषमणि मिश्र, शशिकांत सहित अन्य आचार्यों के साथ पूर्व आवाहित देवताओं का पूजन एवं मंडप में नवग्रह मंडल, 64 योगिनी, वास्तु देवता, क्षेत्र देवता, द्वादश ज्योतिर्लिंग मंडल, सर्वतरे भद्र मंडल सहित अन्य देवी देवताओं के आवाहन के साथ पूजन किया। इसके बाद श्री विष्णु भगवान का अभिषेक तुलसीपत्र द्वारा कराया गया। पूजन-अर्चन किया गया।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** श्री संकटा देवी धाम महमूदाबाद में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ के अवसर पर आयोजित श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका रिचा मिश्रा ने श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि श्री रामचरित मानस में संसार के सभी आदर्शों को समाहित किया गया है। इस अनुपम ग्रंथ में त्याग प्रेम भाईचारा परोपकार सहित सभी सामाजिक नैतिक आदर्शों को शामिल किया गया है। राम और भरत का भाई प्रेम और त्याग समाज के लिए सदैव प्रेरणा प्रद बना रहेगा। भारतीय संस्कृत की रक्षा भगवान राम द्वारा निर्धारित किए गए आदर्शों पर ही हो रही है और इसी के चलते यह संस्कृति कभी भी नष्ट नहीं हुई है। भगवत भजन से बड़ी कोई साधना नहीं जिससे जीव का कल्याण हो सके। करीब चार हजार से अधिक श्रोताओं से भरे खचाखच कथा पांडाल में जानकी बल्लभ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की स्तुति के साथ चतुर्थ दिन की शुरू हुई श्रीराम कथा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास ने नारद मोह, विश्वमोहिनी का स्वयंवर, श्री रामलला के जन्मोत्सव की कथा का रसपान भी श्रोताओं को कराया। पुत्रेष्टि यज्ञ के परिणाम स्वरूप चार पुत्रों राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का जन्म हुआ। कथा में मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, रामकुमार गिरि, डॉ एमणि मिश्रा, राजाराम यादव, उमाशंकर जैन, केके सिंह, प्राची दीक्षित, वागीश दिनकर, हरीश मिश्र, विजय जायसवाल, आनंद पोरवाल, मिथिलेश वाजपेयी, दिनेश वाजपेयी, आशा दुबे, उर्मिला रस्तोगी, अजय जायसवाल, विद्युत जैन, सरोज शुक्ल, मनोज शुक्ल, हरिओम गुप्त, शिवम विक्रांत, राजेंद्र राजपूत, सोनी जायसवाल, रवींद्र यादव, अतुल चित्रांश, राजकुमार वर्मा सहित हजारों की संख्या में कथा प्रेमी मौजूद रहे। संचालन डॉ. रजनीश मिश्र ने किया।

## मंदिर में शादी के बाद युवक ने दिया धोखा, युवती ने दी जान

जन एक्सप्रेस । हरदोई

यूपी के हरदोई जिले में युवती की आत्महत्या का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। मंदिर में शादी करने के बाद एक युवक ने युवती से दूरी बना ली। इसके बाद दूसरी जगह शादी तय कर ली। इससे आहत युवती ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव युवक के गांव में आम के पेड़ पर दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। मृतका के पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित किए जाने का मामला दर्ज किया गया है। युवती ने सुसाइड नोट में मंदिर में शादी होने की बात लिखी है।
बुधवार सुबह उसका शव रमुआपुर के पास ही चंदौली गांव में फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मृतका के परिजनों को मौके पर बुलाया। प्रभारी निरीक्षक ध्रुव कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के पिता कमलेश ने अमन के खिलाफ तहरीर दी है। आत्महत्या के लिए प्रेरित किए जाने का मामला दर्ज किया गया है।

# भाजपा नेता ने हड़प लिया विधवा महिला का तेल टैंकर




**✻ पेट्रोल पंप मालिक ने टैंकर पर जमाया कब्जा, जिम्मेदार मौन**

**✻ पीड़ित महिला ट्रांसपोर्टर ने एडीजी से लगाई न्याय की गुहार**

**आखिर क्यों सत्ता की धौंस जमाने वाले गुंडों पर मेहरबान है पुलिस**

यक्ष प्रश्न - क्या यूपी की भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध और अपराधी मुक्त शासन प्रशासन में सत्ता की हनक दिखाने वाले गुण्डों माफियाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन क्यों है मौन।

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पार्ट 2 जहां एक ओर महिलाओं के उत्थान को लेकर निरंतर महिला सशक्तिकरण का राग अलाप रही है वहीं मुख्यमंत्री के पड़ोसी जनपद देवरिया के तथाकथित दबंग भाजपा नेता व जनपद की गौरी बाजार पुलिस की शह पर पेट्रोल पंप मालिक ने गोरखपुर जिले की एक विधवा महिला के तेल टैंकर पर विगत तीन महीनों से कब्ज़ा कर रखा है। पीड़ित महिला ट्रांसपोर्टर ने एडीजी से न्याय की गुहार लगाते हुए तेल टैंकर को पेट्रोल पंप स्वामी के कब्जे से छुड़ाने की गुहार लगाई है।मामला गोरखपुर मंडल के जनपद देवरिया के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के इंडियन ऑयल गणेश फिलिंग स्टेशन का है।
गोरखपुर जनपद की राजेंद्र नगर, शारदापुरी कॉलोनी निवासिनी शकुंतला सिंह ने हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस संवाददाता से बातचीत में बताया कि हमारा शकुंतला ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। पति के निधन के बाद मुश्किल से व्यवसाय संचालित कर अपने बच्चों की परवरिश कर रही हूं। देवरिया जिले के बैतालपुर स्थित इंडियन ऑयल डिपो से गाडियां संचालित हैं और तेल की ढुलाई कराई जाती है। इस दौरान ट्रांसपोर्ट के टैंकरों का तेल देवरिया जनपद के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के गणेश फिलिंग स्टेशन से लिया जाता रहा और समय समय पर भुगतान भी होता रहा परंतु रुपयों के लालच में देवरिया के भाजपा के पूर्व नगर प्रभारी संजय सिंह गुड्डू के संरक्षण में पेट्रोल पंप स्वामी ने हमारी यूपी 53 सी टी 7584 नंबर के टैंकर को जबरिया अपने पेट्रोल पंप पर खड़ा कर लिया और हम पर गुंडई का धौंस दिखा जबरिया टैंकर छोड़ने के नाम पर लाखों रुपयों की मांग कर रहे हैं।
इस संबंध में थानाध्यक्ष गौरी बाजार से जानकारी ली गई तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। जबकि एक ओर मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण की बात करते हुए महिलाओं को विकास की मुख्य धारा में शामिल करने की बात करते हैं तो वहीं दूसरी ओर सत्ता में ऊंची पहुंच का धौंस जमाकर महिलाओं से जबरिया अवैध रुपयों की वसूली किया जाना,सरकार के नीतियों पर कुठाराघात है।

# स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने की शासन से संचालित योजनाओं की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । महोबा**





जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी नें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा में कबरई ब्लाक में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रसव होने पर जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी नें सभी सी.एच.ओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों से हर रोज बात करके समय पर इलाज मुहैया कराया जाए एवं बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने टी.बी. मरीजों से फ़ोन के माध्यम से वार्ता कर फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत दो बच्चों तक लाभ दिया जाता है तथा इस योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए तथा चरखारी की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी सी.एच.ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा सभी सी.एच.ओ. एक ग्रुप बनाकर आशा, एएनएम से जूम मीटिंग के माध्यम से प्रतिदिन फीडबैक लिया जाये। उन्होंने सभी सी. एच. ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएँ तथा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण से छूटे बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका टीकाकरण किया जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ए.एन. एम. को ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस सामग्री किटे वितरित की। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आसाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन टीम ने भूकंप से बचाव की दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । उरई**

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, गाजियाबाद (एनडीआरएफ) की 8 वीं वाहिनी के तत्वाधान में बुधवार को सदर तहसील में भूकंप व बाढ़ आपदा प्रबंधन के बारे में दमकल केन्द्र के कर्मचारियों व आम नागरिकों को आपदा प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों से जागरूक किया गया। एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर राहुल तेवथिया के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। एसडीएम सदर सुरेश पाल, तहसीलदार शेरबहादुर ने एनडीआरएफ द्वारा चलाए गए कंपेन में हिस्सा लिया और इसके बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि सब इंस्पेक्टर राहुल तेवथिया के मार्गदर्शन में 6 सदस्य एनडीआरएफ की 8 वीं वाहिनी द्वारा भूकंप व बाढ़ आपदा से बचने की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आपदा जोखिम प्रबंधन और आपदा जोखिम कटौती की ओर बढ़ने के लिए खुद को पारंपरिक आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से तैयार करने की आवश्यकता है। कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए लोगों और समुदायों तक पहुंचने से सभी हितधारकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और आपातकालीन स्थितियों के दौरान लोगों को जागरूक, सूचित व मार्गदर्शन करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

**अत्याधुनिक तकनीकों से लोगों को किया जागरूक**



उरई। एनडीआरएफ की टीम ने भूकंप व बाढ़ से बचाव के लिए चैन सॉ, आरआर सॉ गैसोलीन, एंगलकटर, एमएफआर किट बैग, सिवग हैमर, आरपी सॉ, रैंप सेट, स्ट्रेचर, रोप सैट, रोप सिलिंग, जूमार, फुली, विसेंटर, कैराविनर, फुल बॉडी सीट हॉरनेस, फ्रेमिंग, लाईफ जैकेट, एयर लिफ्टिंग बैग, ओबीएम बोट आदि अत्याधुनिक तकनीकों से लोगों को जागरूक किया।

## गेंहू के खेत में मिली महिला की लाश की हुई पहचान

**जन एक्सप्रेस/महरौना देवरिया।** सोमवार को लार थाना क्षेत्र के चुरिया टोला के प्राथमिक विद्यालय के पीछे गेंहू के खेत मे एक महिला की हत्या करके फेकी गई लाश बरामद हुई थी। घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम इस लिए नही कराया जा सका कि महिला के शव का शिनाख्त नही हो पाई थी। शव मिलने की सूचना पर एडिशनल एस पी देवरिया, सी ओ सलेमपुर, डॉग स्क्वायड टीम व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुँची थी। मंगलवार को मेहरौना चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार आरक्षी सर्वेश यादव ने बिहार और बलिया जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में पता लगाते रहे कि कोई उसकी पहचान कर सके। लाश मिलने के 48 घंटे बाद भी पुलिस को कोई सुराग नही मिल पाई थी। जिसमे मेहरौना के पुलिस स्टाफ की मेहनत रंग लाई। सूत्रों के द्वारा पुकिस ये तो पता लगा ली थी कि महिला चुरिया टोला की ही है। लेकिन उनके सामने सवाल ये खड़ी थी कि आखिर उसकी पहचान कैसे करे। पुलिस किसी प्रकार पता लगाते मृतका के मायके जो कि बलिया जिले के सिकन्दरपुर के मिल्की मुहल्ला गांव में पहुँचे। वे लोग उसकी पहचान रिंकू देवी पत्नी राजू यादव उर्फ लाला चुरिया टोला के रूप में किये। मृतका के पिता बेचन यादव से जब इसके बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जब पुलिस मेरे घर आयी और उनके बताने के बाद हम लोगों को पता चला।मृतक के पिता बेचन यादव ने ये भी बताया कि मृतका की एक छः माह की बेटी भी जो अभी लापता है।

## अवर अभियंता ग्रामीण पर महिला ने अश्लील नीयत व दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर, देवरिया।** सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दिया है। जिसमें महिला ने आरोप लगाया है कि मेरे घर पर विद्युत विभाग से चार पांच लोग विद्युत चेकिंग के नाम पर मेरे घर विद्युत चेकिंग करने आये। मैंने बताया कि बिजली मीटर बाहर लगा हुआ है।घर पर कोई पुरुष नहीं है जाकर मीटर बाहर चेक कर लिजिये। मैने इस बात को कहाँ तो विद्युत अधिकारी जेई विजय गौड़ ने धौस जमाते हुए मेरे घर के अन्दर घुस आये और मेरे बहू को बुरी नियत से देखने लगे। यह बात मुझे नागवार लग गई और मैने विरोध किया तो जेई ने कहा कि तुम बुढ़िया चुप रहो। हम लोगों को काम करने दो मैंने इस बात पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसकी सूचना मैने अपने बच्चे व आसपास के लोगों को देने गयी इसकी भनक लगते ही जेई व विद्युत कर्मचारी व अन्य साथी हरिजन उत्पीड़न की धमकी देते हुए घर से दौड़ते हुए भाग निकले।

# कार में लगी आग, जिंदा जलकर एक की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र में पटेल चौराहे पर स्थित नूरी पाट्र्स की दुकान के सामने खड़ी कार में बीती रात अचानक आग लग गई। जिससे कार के अंदर मौजूद एक युवक की जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, तो वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा घटना की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल की जा रही है।
शहर कोतवाली क्षेत्र में कालपी रोड़ पटेल चौराहे के पास नूरी पाट्र्स की दुकान के सामने खड़ी कार में मंगलवार की देर रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई और उसमे मौजूद फंसकर एक व्यक्ति आग की लपटों से बुरी तरह जूझ रहा था। घटना देखकर मौके पर अफरातफरी मच गई और लोगों ने सूचना पुलिस व दमकल कर्मियों को दी गई।
सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी और उसमें मौजूद व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो चुकी थी। क्षेत्राधिकारी गिरजाशकर त्रिपाठी ने बताया कि जिस कार में आग लगी है। वह लखनऊ नम्बर की थी, जो बनने के लिए मिस्त्री की दुकान पर आई हुई थी। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष के पुत्र की मौत से नगर में दौड़ी शोक की लहर

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान बना के बड़े पुत्र शशांक सिंह शैकू की तकरीबन 37 वर्ष की अल्प आयु में हुये निधन से नगर व क्षेत्र में शोक की लहर दौड गयी तथा लोगों ने उनके आवास पहुँचकर शोक सम्वेदना व्यक्त की। बुधवार की सुबह जैसे ही लोगों को जानकारी लगी कि भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अरूण सिंह बना का 37 वर्षीय पुत्र शशांक सिंह शैकू का उपचार के दौरान कानपुर के मर्सी हास्पिटल में बीती रात्रि करीब 2 बजे दुखद निधन हो गया है, वैसे ही नगर व क्षेत्र में उनके नाते-रिश्तेदार, करीबी-व्यवहारी, शुभचिंतक दुखी हो गए। पिता अरूण सिंह, चाचा अरविन्द सिंह, चाचा केके सिंह को हर कोई तसल्ली देता हुआ दिखा। वही मां सुशील के अलावा पत्नी व इकलौती मासूम बेटी का दुख सभी को दृवित कर रहा था। शशांक सिंह का अन्तिम संस्कार बाई घाट में किया गया तथा शोक सम्वेदना प्रकट करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डॉ. अरूण मैहरोत्रा, पूर्व विधायक छोटे सिंह, सतेन्द्र सिंह पड़री, अवधेश तिवारी समेत बड़ी सख्यां में लोग मौजूद थे।

## माघ मेला में देवरिया से प्रयागराज जाएंगी 50 बसें

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** मौनी अमावस्या को प्रयागराज के माध मेले में स्नान करने के लिए जिले से भारी संख्या में श्रद्धालु प्रतिवर्ष जाते है। माघ मेले में स्नान के लिए शहर के बस स्टेशन और सदर रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। इसे देखते हुए देवरिया डिपो में 50 बसों की व्यवस्था किया। मौनी अमावस्या का स्नान करने के लिए जिले के अलग अलग स्थानों से हजारों की संख्या में लोग प्रयागराज त्रिवेणी में स्नान करने के लिए जाते है। वहीं कुंभ और अर्द्धकुंभ भी लगता रहता है। मौनी अमावस्या में प्रयागराज में स्नान करना धर्म माना जाता है। इसके लिए अचानक रोडवेज में भीड़ बढ़ जाती है।

# तेजी से बदल रहा है मौसम, बरतें सावधानी नहीं तो जकड़ लेगा सर्दी और शरीर का दर्द

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

इन दिनों मौसम काफी ज्यादा बदल रहा ह, सुबह के वक्त ज्यादा ठंड होती हैं। तो वहीं दोपहर के वक्त तेज धूप होता है.जिसकी वजह से गर्मी बढ़ जाती है। शाम होते ही ठंड बढ़ जाती है. जिसकी वजह से गर्म कपड़े, रजाई और कंबल ओढ़ना पड़ता है। मौसम में हो अचानक से इस बदलाव के कारण आपकी सेहत खराब हो सकती है। सिर्फ इतना ही नहीं इससे आपको फ्लू, सर्दी- खांसी और फिवर का शिकार भी हो सकते हैं। इस बदलते हुए मौसमस में बच्चे और बुजुर्गों को खास ख्याल रखने की जरूरत है। क्योंकि इसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।
सीएचसी कालपी के डॉक्टर गोपाल द्विवेदी ने बताया कि इस बदलते मौसम में डिहाइड्रेशन एक गंभीर समस्या है, इस मौसम में पानी पीने के दौरान आपको कुछ खास बातों की ख्याल रखना पड़ेगा। गर्मी पड़ने पर एक तरफ ठंडा पानी पीते हैं, जिसकी वजह से सर्दी और जुकाम होने लगता है। फिर बीमार पड़ जाते हैं। इस मौसम का सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है, जिसकी वजह से खाना पचने में भी दिक्कत होती है.बदलते मौसम में सुस्ती, सिर में दर्द, शरीर में दर्द और कब्ज की प्रॉब्लम शुरू हो जाती है। इससे मूड स्विंग और चिड़चिड़ापन भी महसूस हो सकता है।

**इस मौसम में खास ख्याल रखने की क्यों है जरूरत**

कालपी। जब भी आप बाहर से आए तो ये नहीं कि गर्मी से बचने के लिए तुरंत पंखा या एसी चला लें या फिर ठंडा पानी या कोल्ड ड्रिंक्स पी लें, इससे आपको तुरंत सर्दी- जुकाम हो सकता है। डॉक्टर गोपाल द्विवेदी ने कहा कि इस मौसम में जैसे ही सर्दी या जुकाम हो तो तुरंत अपनी मर्जी से मेडिकल स्टोर पर जाकर दवा या सीरप न पिएं क्योंकि इससे आपको साइड इफेक्ट्स भी हो सकता है। इस मौसम में जिल्स, चिकन पॉक्स, वायरल इन्फेक्श वायरस काफी ज्यादा एक्टिव रहते हैं, ऐसे में हमें इस बीमारी से बचने की काफी ज्यादा जरूरत है एवम डॉक्टरी सलाह से ही इलाज करवाएं। इस मौसम में फ्रूट्स और सब्जियां को डाइट में जरूर शामिल करें।

# जीवन को सार्थक बनाती है श्री हरि कथा : डॉ आशुतोष उपाध्याय

**जन एक्सप्रेस । भाटपार रानी, देवरिया**



भाटपार रानी उपनगर मे स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में श्री हरि कथा के दूसरे दिन भाटपार रानी के पूर्व विधायक डॉश्र आशुतोष उपाध्याय ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । उक्त अवसर पर जनप्रिय पूर्व विधायक डॉ आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि श्री हरि कथा सुनना और सुनाना दोनों ही मुक्तिदायनी है तथा आत्मा को मुक्ति का मार्ग दिखाती है। श्री हरि कथा के आयोजन से नगर में सुख शांति और समृद्धि कायम होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से नगर में सुख और समृद्धि का माहौल कायम होता है लोगों का धर्म के प्रति रुझान बढ़ता है श्री गुप्त ने श्री हरि कथा के आयोजन के लिए आयोजक मंडल को बधाई दी। कथावाचक स्वामी श्री अर्जुनानंद जी स्वामी श्री प्रबुद्ध आनंद कमल जी साध्वी शीतल भारती ने वहां उपस्थित जन समुदाय को श्री हरि कथा का रसपान कराया।
उक्त अवसर व्यास यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख भाटपार रानी सूरज सिंह सूरज सिंह सेंगर प्रबंधक समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल मद्धेशिया समाजसेवी रवि गुप्ता पत्रकार एवं समाजसेवी अखिलेश गुप्ता जयप्रकाश यादव विजय बहादुर सिंह आयोजक मंडल के सभी सदस्य एवं सतीश पटेल ने वहां हजारों की संख्या में आए भक्त जनों के प्रति आभार प्रकट किया उपस्थित रहे।

## किसी बात से आहत हो 17 वर्षीय बालिका फांसी पर झूली, हालत गम्भीर

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** किसी बात से आहत 17 वर्षीय बालिका ने उस समय घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जब उसके माता पिता व अन्य परिवारिजन अपने- अपने कार्यो मे व्यस्त थे। शहर के मुहल्ला गांधीनगर निवासी वंशिका पुत्री अनीस उम्र 17 वर्ष ने किसी बात से आहत होकर बुधवार के रोज घर के पंखे की हुक से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। उसी समय उसके मॉ के आ जाने पर तथा पुत्री को फांसी पर लटका देख शोर मचाने पर पडोसियो ने फांसी के फंदे पर लटक रही वंशिका को नीचे उतारा और उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। जिला चिकित्सालय के बैड पर कु0 वंशिका जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रही है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने राहगीर को कुचला

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** सागर कानपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर स्थित कस्बा कबरई के निकट खनिज बैरियर के पास 45 वर्षीय अधेड़ को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल डाला। अंतिम सासो मे सिसक रहे अधेड़ को आनन- फानन मे जिला चिकित्सालय लाया गया था जहॉ चिकित्सको ने देखते ही मृत घोषित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ज्ञानसिह पुत्र उत्तम उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम रगौली पुरवा बुधवार के रोज अपने रिस्तेदारो के यहॉ एक शादी समारोह मे सम्मलित होने गया हुआ था वापिस गांव आते समय खनिज बैरियर के निकट खड़ा वाहन का इंतजार कर रहा था उसी समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने ज्ञानसिंह को रौंद डाला। जिसकी उपचार के दौरान जिला चिकित्सालय मे मौत हो गयी है। चिकित्सको की सूचना पर पहॅुची इलाकाई पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्ट मार्टम हेतु विच्छेदन गृह भेजा है।

## शराबियों ने ग्रामीण को पीटा

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जुझार निवासी राजबहादुर पुत्र सुंदरलाल को गांव के ही शराबियों ने लाठी-डण्डो से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया है। सदर कोतवाली पुलिस ने राजबहादुर की तहरीर पर मुकद्मा पंजीकृत कर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया है। राजबहादुर द्वारा सदर कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर मे कहा है कि हल्के पुत्र हीरालाल शराब के नशे मे आकारण गाली गलौच कर रहा था। मना करने पर हल्के तथा उसके भाई ने लाठी डण्डो से बुरी तरह पीट पीटकर घायल कर दिया। राजबहादुर की हालत खराब होने पर सदर कोतवाली पुलिस ने जिला चिकित्सालय मे उपचार हेतु भर्ती कराया है।

## घर का छज्जा गिरा, महिला घायल

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** मकान का छज्जा गिरने से 45 वर्षीय गृहणी गम्भीर रूप से घायल हो गयी है। घायल महिला को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गुना पत्नी मुन्ना उम्र 45 वर्ष सुबह के वक्त निवासी ग्राम किड़ारी सुबह के वक्त घर की साफ सफाई कर रही थी। उसी समय जर्जर मकान का छज्जा गिर जाने से श्रीमती गुना बुरी तरह जख्मी हो गयी हैं। घायल महिला को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है जहॉ उसकी हालत चिंताजनक बताई गयी है।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजेन्द्र नगर मायके आई युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजेन्द्र नगर बम्बी रोड़ निवासी कंचन 25 वर्ष पुत्री राजू माली ने बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों के चलते घर के कमरे में लगे हुक से फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। फांसी के फंदे पर लटक रहे पुत्री के शव को देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटक रहे शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया है कि मृतका पांच बहनें थीं। जिसमें दो कि शादी हो चुकी थी। बताया गया कि मृतका भी शादी शुदा थी और वह अपने मायके आई हुई थी। उसने किन कारणों के चलते मौत को गले लगाया। इस बारे में परिजन कुछ नहीं बता सके। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# एमएलसी आशुतोष सिन्हा के प्रति पत्रकारों ने जताया आभार

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ ने विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा को पत्रकारों का दर्द समझकर उसे विधान परिषद में उठाने पर उन्हें बधाई दी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार दिलावर सिंह ने कहा कि सदन में पत्रकारों के जिन मुद्दों पर चर्चा की गई है हमारा संगठन बहुत दिनों से अपने विभिन्न मंचो पर उठाता रहा है। एम एल सी आशुतोष सिन्हा को बधाई देने वालों में संगठन के गोरखपुर मण्डल अध्यक्ष डॉक्टर सतीश चन्द्र शुक्ला, गोरखपुर जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, देवरिया जिलाध्यक्ष श्यामानंद , पञ्चानन पाण्डेय, दिनेश कांत मिश्र, हरिदत्त शर्मा, आशीष मिश्रा ,जितेन्द्र गुप्ता , छत्तीसगढ़ प्रान्तीय अध्यक्ष सरदार मनविंदर सिंह, संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी, संगठन के केंद्रीय मंत्री जनाब बशीर खान, अनुशासन एवं जांच प्रकोष्ठ के प्रान्तीय प्रभारी अरुण पाण्डेय, पत्रकार प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है और आशा व्यक्त किया कि वह भविष्य में भी ऐसे मामलों को उठाकर पत्रकारों हितों की बात करते रहेंगे।

**लखनऊ पहुंचकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने ली सदस्यता, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सहित अन्य मौजूद रहे**

# निर्दलीय खरेला नगर पंचायत हुए भगवाधारी, ज्वाइन की भाजपा

**जन एक्सप्रेस । खरेला/महोबा**



सियासत की एक और तस्वीर सामने आयी है और सियासी संग्राम के पहले केंद्र और प्रदेश की सत्ता में काबिज भाजपा अब और मजबूत हो रही है। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले भाजपा को एक और मजबूती मिली। खरेला के नगर पंचायत अध्यक्ष भी अब भगवाधारी हो गए और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताते हुए पार्टी ज्वाइन कर ली। लखनऊ पहुंचकर नगर पंचायत अध्यक्ष खरेला संतोष सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्तया ग्रहण करने के दौरान उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ ही भूपेंद्र चैधरी सहित अन्य मौजूद रहे।
बता दें कि खरेला नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष सिंह क्षेत्र में अपनी बेहतर छवि के लिए जाने जाते है और त्रिस्तरीय निर्वाचन में उन्होंने खरेला नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय दावेदारी की थी। उनकी ईमानदारी और बेहतर छवि के चलते जनता ने उन्हें सम्मान और प्यार दिया और वह दिग्गजों को पछाड़ते हुए निर्दलीय खरेला नगर पंचायत अध्यक्ष बने। संतोष सिंह ने अब भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया और लखनऊ पहुंचकर उप्र के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व भूपेंद्र चैधरी के समक्ष भाजपा का दामन थामा।
नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि भाजपा की नीतियों और योजनाओं से प्रेरित होकर उन्होंने पार्टी ज्वाइन की है और वह पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और विश्वास पर वह हर हाल में खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# जिला अस्पताल का डीएम ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को अलग-अलग पटलो का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसमें सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपनी निरीक्षण की रिपोर्ट प्रेषित की गई है। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में स्वयं पर्ची काउंटर, दवा वितरण काउंटर, एक्स रे कक्ष, सीटी स्कैन कक्ष ,रैन बसेरा तथा डॉक्टरो के ओपीडी कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर पर्ची काउंटर में कुल 342 ओपीडी मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया हुआ पाया गया तथा 66 मरीज का एक्स-रे, 34 मरीज का अल्ट्रासाउंड, 55 मरीज का डिजिटल एक्स-रे, 17 मरीज का सीटी स्कैन किया गया पाया गया।साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में डैम कक्ष सहित अन्य पटल का निरीक्षण किया गया। डैम द्वारा अवगत कराया गया कि आशा बहूओ का माह दिसंबर तक भुगतान किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी पटलो पर उपस्थित डॉक्टर व कर्मचारियों से संबंधित कार्यालय के बारे में जानकारी ली गई तथा सभी पटलो पर उपस्थित मरीज /परिवारजन से मिलने वाली सुविधाओं/ दवाओ के बारे में भी जानकारी ली गई।

अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता द्वारा ब्लड बैंक, आयुष कक्ष ,पैथोलॉजी सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया गया। ब्लड बैंक में केवल 20 यूनिट ब्लड उपलब्ध पाया गया। जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी चेतावनी दी गई और निर्देशित किया गया कि कम से कम 100 यूनिट ब्लड हमेशा उपलब्ध रहे। आयुष कक्ष के निरीक्षण में यूनानी और आयुर्वेद की कोई दवा उपलब्ध नहीं पाई गई। होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध थी। दवा की उपलब्धता न होने पर अपर जिलाधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा दवा की उपलब्धता अभिलंब करने के लिए निर्देशित किया गया।

पैथोलॉजी के निरीक्षण के दौरान लिपिड प्रोफाइल में ब्लड में कैल्शियम का लेवल थायराइड व अन्य कई छोटी जांच नहीं हो रही थी। इसे सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। इमरजेंसी वार्ड में में आज चार लोगों को एडमिट किया गया।

वहां साफ सफाई ठीक नहीं पाई गई। जिस पर संबंधित को साफ सफाई के लिए निर्देशित किया गया। फार्मेसी में निरीक्षण के दौरान कुछ मरीजों को एक दो दवा बाहर से लिखा हुआ पाया गया जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी जाहिर की गई और दावों की उपलब्धता के लिए निर्देशित किया गया। परिसर को साफ सुथरा करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिला विकास अधिकारी द्वारा डायलिसिस कक्ष तथा एसएनसीयू कक्ष का निरीक्षण किया गया। मौके पर कोई अनुपस्थित नहीं पाया गया तथा न ही कोई कमी पाई गई। डीसी मनरेगा द्वारा इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया गया।

मौके पर साफ सफाई व्यवस्थाएं ठीक नहीं पाई गई। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय द्वारा समस्त वार्डों का निरीक्षण किया गया। मरीजों द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतिदिन नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि का भोजन निःशुल्क एवं पर्याप्त मिल रहा है। वार्डों की साफ- सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। वार्ड नंबर 2 तथा 4 के 2 बेडो पर फटी हुई चादरे बिछी थी।जिसे तत्काल बदलने के लिए वार्ड इंचार्ज को निर्देशित किया गया। परियोजना निदेशक द्वारा मरीजों का पंजीकरण तथा चिकित्सकों की उपस्थिति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर 14 चिकित्सा डॉ प्रिया मौर्या ,डॉ शालू मिश्रा, डॉ लता चौधरी, डॉ मनोज कुमार, डॉ राजेश यादव, डॉ रीना राजभर, डॉ विवेक पटेल, डॉ मुकेश, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ रवि विक्रम, डॉ सुमित तिवारी, डॉ यू रहमान,डॉ रागिनी सिंह तथा डॉ विपिन वर्मा अनुपस्थित पाए गए। खंड विकास अधिकारी भियांव अंजली भारती द्वारा मेटरनिटी वार्ड का निरीक्षण किया गया जिसमें ओपीडी कक्ष में डॉ भानुमति वर्मा अनुपस्थित पाई गई। वहां पर बेसिन टूटा हुआ पाया गया तथा साफ सफाई भी संतोषजनक नहीं पाया गया।

# शिव महापुराण कथा के षष्ठम दिवस में माता पार्वती के तपस्या पर प्रवचन

**जन एक्सप्रेस | गोण्डा-बलरामपुर**



जनपद गोंडा के विकासखंड इटियाथोक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा महादेवा कला के ग्राम चतुर्भुजवा में बुधवार को चतुर्भुजी नाथ मंदिर पर चल रहे शिव महापुराण कथा के षष्ठम दिवस मे माता पार्वती के कठिन तपस्या पर कथा व्यास द्वारा प्रवचन किया गया। जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को श्रीचतुर्भुजी नाथ मंदिर ग्राम चतुर्भुजवा, महादेवा कला में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा अमृत के षष्ठम दिवस की कथा कथाव्यास पूज्य संत, पूर्व भाजपा सांसद, वशिष्ठ पीठाधीश्वर श्री अवधधाम डॉ रामविलास दास वेदांती के श्रीमुख से सम्पन्न हुई। कथा के षष्ठम दिवस में भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे और पूरे भाव से श्री शिवमहापुराण का श्रवण करते रहे।

कथा वाचक डॉक्टर वेदान्ती ने कहा कि भगवती पार्वती जी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी प्राप्ति का वरदान दिया। भगवती पार्वती की तपस्या आज तक की सबसे कठोर तपस्या मानी जाती है। भगवान शिव ने सप्त ऋषियों को भगवती पार्वती की परीक्षा लेने के लिए भेजा । सप्त ऋषियों और नारद जी ने पार्वती जी को बहुत समझाया कि शिव सर्प लपेटे रहते हैं, कपड़े नहीं पहनते, रहने को घर नहीं, खाने के लिए व्यवस्था नहीं, लेकिन हजारों वर्षों की भगवती की तपस्या को कोई डिगा न सका।

साथ ही महाराज ने नारद के गुणों का वर्णन करते हुए कहा कि नारद जी के उपदेश के फलस्वरूप ही राक्षस कुल में प्रहलाद का जन्म हुआ जिससे उसका कुल पवित्र हो गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संयोजक पीठाधीश्वर संत राघवेश दास वेदांती, संघ के जिला प्रचारक आकाश, पूर्व विधायक नन्दिता शुक्ला, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलरामपुर डॉक्टर धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, वरिष्ठ भाजपा नेता राम कृपाल शुक्ला, सत्यव्रत ओझा मण्डल अध्यक्ष इटियाथोक सत्यव्रत ओझा, मण्डल अध्यक्ष खरगूपुर सोहनलाल भारती, रामानंद तिवारी, जिला अध्यक्ष मजदूर संघ गोण्डा, बृजमोहन मिश्रा पूर्व प्रधान, भाजपा नेता संतोष घनश्याम शुक्ला, भाजपा नेता विजय शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण तिवारी, ग्राम प्रधान सिंघवापुर अरविंद पाठक, विजय ओझा प्रधान पूरे पण्डित, दिलीप बाबा व रामजी चतुर्वेदी प्रधान कठौवा सहित बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक तथा सनातन प्रेमी में श्रोता मौजूद रहे।

# विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यों से लोहा मनवाने वाली नारी शक्तियों को कुसुम देवी जननी सम्मान से ट्रस्ट ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**




आरोही एक उड़ान सेवा ट्रस्ट अयोध्या के प्रथम वर्षगांठ पर ट्रस्ट द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यों से लोहा मनवाने वाली और सामाजिक कार्यों में सहयोग देने वाली नारी शक्तियों को कुसुम देवी जननी सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेंद्र वर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहर की प्रतिष्ठित महिला रोग विशेषज्ञ श्रीमती मंजूषा पांडेय एवं मूक बधिर बच्चों की शिक्षा एवम संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने वाली श्रीमती रानी अवस्थी ने सभी नारी शक्तियों को सम्मानित किया। ट्रस्ट की अध्यक्षा पल्लवी श्रीवास्तव ने बताया कि आरोही एक उड़ान सेवा ट्रस्ट बेरोजगार महिलाओं को रोजगार परख बनाने के लिए कार्य कर रही है बेटियों को जागरुक कर रही है और समाज में ऐसे कार्य कर रही है जिससे लोगो की तरक्की हो इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्य करने वाले संस्थानों के पदाधिकारी मुकेश कुमार वर्मा ,मीनू श्रीवास्तव,पत्रकार सुबोध श्रीवास्तव,पत्रकार राजेंद्र दूबे,राजेश चौबे ,प्रतीक भज्जा ,अमरीश मिश्रा, रणजीत यादव ,कल्पना कुशवाहा , मनोरमा साहू, नीलम मध्यान सुनीता पाठक , इंद्रप्रित सिंह आदि बहुत से समाजसेवी उपस्थित रहे। इस शानदार आयोजन के लिए संस्था के पदाधिकारी श्रीमती अमिता सिंह,संजीव वर्मा,सुनील अवस्थी,दिनेश श्रीवास्तव,राजीव रंजन तथा संस्था के नए सदस्य प्रतीक भज्जा, लीना श्रीवास्तव, माहेंद प्रताप सिंह कार्यक्रम में आए हुए सभी विशिष्ट जनों का आभार व्यक्त किया।

# अयोध्या नगर निगम के पांच निर्दलीय पार्षद बने भारतीय जनता पार्टी परिवार का हिस्सा

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**




अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के संयोजन में प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या तथा बृजेश पाठक की उपस्थिति में अयोध्या निगम के निर्दल पांच पार्षद श्रीमती आभा पांडे पत्नी रिशू पांडे, श्रीमती रंजना यादव पत्नी अनिकेत यादव, श्रीमती मीरा देवी माता अमित गुप्ता, सुल्तान अंसारी तथा सौरभ सिंह सूर्यवंशी सहित सैकड़ों लोग पार्टी की रिति नीति से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या नगर निगम के विकास के लिए अयोध्या के पांच निर्दलीय पार्षदों ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली।

उनके साथ अयोध्या के सैकड़ो समर्थक जो भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास की नीतियों से प्रभावित थे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेकर अयोध्या के विकास में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या आज वैश्विक स्तर पर विकसित हो रही है इससे अयोध्या ही नहीं बल्कि पूरे भारत के लोग प्रभावित हैं और प्रभु श्री राम लला का दर्शन करने के लिए देश के कोने-कोने से लोग आ रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता उनकी सेवा में लगे हैं और आने वाले समय में और लोग भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करेंगे।इस अवसर पर महंत बृजमोहन दास, पूर्व सभासद रमेश गुप्ता राणा, श्रीनिवास शास्त्री, शिव मोहन शुक्ल, विनीत पांडे, सैन्की गुप्ता, आशुतोष श्रीवास्तव, शोभित सिंह शुभम गुप्ता की उपस्थिति रहे।

# जनपद को आईजीआरएस निस्तारण में प्रदेश में मिला प्रथम स्थान



**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

जनपद में मुख्यमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता आइजीआरएस में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आइजीआरएस रैंकिंग में माह जनवरी में प्रदेश के 75 जनपदों में जनपद अंबेडकर नगर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक माह जिले की रैंकिंग जारी की जाती है, प्रगति विभागवार दर्ज होती है, इसके अंतर्गत शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना होता है। इसी क्रम में माह जनवरी की रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर जनपद स्तरीय समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी है एवं उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी /कर्मचारी आगे भी टीम भावना के साथ इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी प्रातः 10 से 12:00 बजे तक जनसुनवाई करें और आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें, और जिससे जनपद आगे भी प्रथम स्थान प्राप्त करता रहे।

# सरयू स्नान घाट पर डूब रहे युवक को जल पुलिस द्वारा किया गया रेस्क्यू

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** धाम में आज सरयू स्नान घाट पर हिमांशु पासवान पुत्र मुन्नीलाल पासवान निवासी गुरु नानक गली मंडावली ईस्ट दिल्ली के है। जो जल बैरिकेटिंग के पार जाकर स्नान करने के दौरान जल के तेज बहाव से गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने लगे। ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य, कांस्टेबल नित्यानन्द यादव, कांस्टेबल सुरेन्द्र यादव शामिल रहें । जल पुलिस की टीम ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए बिना अपनी जान की परवाह किए तत्काल गहरे पानी में रेस्क्यू कर युवक को सुरक्षित बाहर निकाला और उनके परिवार को सुपुर्द किया। जिसके कार्य को देखकर उनके परिवार के साथ स्थानीय लोगों ने जल पुलिस की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद किया। अयोध्या में जल पुलिस की तैनाती से अक्सर डूबते लोगों को बचाने में समर्थ होने के साथ लोगों में सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिलता है। पुलिस की इस साहसिक कार्य से जनपद अयोध्या ही नहीं आस पास के अन्य जनपदों के साथ जमकर सराहना किया जा रहा है।

# अनवरत चल रहा भव्य भंडारा




**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** फैंसी बजार बोल बम समिति गुवाहाटी (असम) द्वारा विशाल अमृत भंडारे का आयोजन श्रृंगार हाट स्थीत बाघी मन्दिर अयोध्या में 1 फरवरी से शुरू हुआ जो लगातार आज 7 दिन जारी है समिति द्वारा चलाए जा रहे भंडारे में प्रभु श्री राम जन्मभूमि पर आयें प्रभु के भक्तों सेवा में सुबह 5 बजे चाय बिस्कुट 8 बजे से पुड़ी सब्जी दोपहर में चावल,दाल सब्जी पापड़ तथा रात्रि भोजन में भी चावल दाल सब्जी पापड़ आदि निन्ह शुल्क चारों समय दिया जा रहा है भंडारे को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह सचिव, रमेश कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष ओमकार गौड़, मुख्य सलाहकार के सी गुप्ता (दिल्ली) दयानंद राय घनश्याम मिश्रा बैजनाथ गौड़,अजय पंडित शंकर दास विश्वजीत सरकार सुरेन्द्र दास आदि निस्स्वार्थ भाव से सेवा में लगे हुए हैं।

## श्रेष्ठ उत्तर प्रदेश का श्रेष्ठ बजट

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ज के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा **'सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास'** के संकल्प का बजट प्रस्तुत करने पर भाजपा जिला शोध प्रमुख (अवध क्षेत्र) मधु पाठक ने सरकार का अभिनंदन व्यक्त किया उक्त अवसर पर कहा कि प्रदेश का हर व्यक्ति आवास, जल, सड़क, बिजली और वित्तीय सेवाओं से लाभान्वित हो, इस उद्देश्य से बजट को संकल्पित बनाना अति सराहनीय कदम है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में **नया उत्तर प्रदेश** विकास एवं समृद्धि के नए सोपान गढ़ रहा है ! राज्य राजमार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु डबल इंजन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

# रक्तदान को महादान समझते हैं युवा समाजसेवी वीरू विधायक

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



जरूरतमंद लोगों के बीच शहर के कई ऐसे समाजसेवी है जो अपना खून देकर किसी की जान बचाने में अहम भूमिका निभाते है। इनको सिर्फ मालूम यह हो जाए कि कोई भी व्यक्ति किसी गंभीर बीमारी व रक्त की कमी से उसकी जान जा सकती है उनकी मदद व ब्लड देने में पीछे नहीं हटते हैं। ये मानते हैं कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। यह पुण्य काम है। इसमें लोगों को बढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए।

यहां के कई ऐसे समाजसेवी है जो रक्तदान करने में आगे रहते हैं। जिनकी जान में खतरे में रहती है उन्हें रक्त देने के लिए तैयार रहते हैं। वीरू ने बताया कि मंगलवार को अशोक रावत के साले का एक्सीडेंट हो गया और उन्हें एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी उसे समय ना उनके परिवार व रिश्तेदार उन्हें ब्लड देने से इनकार कर दिया उन्होंने वीरू विधायक को फोन किया और कहा डॉक्टर कह रहे हैं कि जब तक ब्लड का इंतजाम नहीं होगा ऑपरेशन नहीं हो सकता फिर वीरू विधायक की टीम ने ब्लड बैंक पहुंचकर ब्लड डोनेट किया और अशोक रावत ने वीरू विधायक की टीम का आभार व्यक्त किया वीरू विधायक ने बताया कि हमारी टीम के द्वारा 4 महीने में 13 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया है।

# रामलीला मैदान में सरयू मेला का होगा आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद की महिलाओं की स्वयंसेवी संस्था गरिमा महिला मंडल द्वारा सरयू मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला एनटीपीसी टांडा की आवासीय कालोनी स्थित रामलीला मैदान में 10 एवं 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। गरिमा महिला मंडल समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं महिला उत्थान के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य करती रहती है। मेले में खान-पान की विविध स्टाल के अतिरिक्त विशेष आकर्षण के लिए कूपन ईनाम की व्यवस्था भी रहेगी। इसके उपरांत विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आरती पलेई ने बताया कि यह मेला 10 फरवरी को सायं 3:00 बजे प्रारंभ होकर 11 फरवरी, दिन रविवार को रात्रि 10:00 बजे तक चलेगा। मेले में विविध प्रकार के देशी और विदेशी व्यंजन एवं सेल्फी प्वाइंट भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। मेले में बच्चों के लिए झूला एवं युवाओं के लिए गेम स्टाल को भी तैयार किया जा रहा है। मेले में दोनों दिन विशेष सांकृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी।

# बच्चों को शुद्ध खाद्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विद्यालय का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एस0के0त्रिपाठी सहायक आयुक्त (खाद्य) के निर्देश पर के0के0उपाध्याय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जवाहर नवोदय विद्यालय के किचेन का निरीक्षण कर सरसों तेल,मूँगफली दाना,पका चावल,राजमा की सब्ज़ी व रायता का निगरानी नमूना संग्रहित कर जाँच हेतु भेजा गया तथा किचेन स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिये गये।

कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय, गदायां का निरीक्षण कर तहरी व दूध का तथा कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय, बसोहरी का निरीक्षण कर तहरी का निगरानी नमूना संग्रहित कर जाँच हेतु भेजा गया।

टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अखिलेश मौर्य व आदर्श प्रताप मौजूद रहे।

# प्रकाश उत्सव कार्यक्रम के साथ संस्थापक सप्ताह का समापन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज के आदि संस्थापक महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह का समापन बुधवार को प्रकाशोत्सव पर्व के साथ हुआ। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं दस -दस हज़ार रुपए का चेक प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया गया।

जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को एमएलके पीजी कॉलेज में चल रहे संस्थापक सप्ताह के समापन अवसर पर आयोजित प्रकाशोत्सव पर्व का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रबंध समिति के सदस्य राजा ऐश्वर्य राज सिंह, प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, संयुक्त सचिव बी के सिंह व प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने आदि संस्थापक अध्यक्ष महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। उपस्थित नागरिकों, प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आदि संस्थापक महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद को सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि जिन उद्देश्य की पूर्ति के लिए इस महाविद्यालय की नींव डाली गई थी उसके सतत विकास के लिए हम प्रयत्नशील रहें। यहाँ से अध्ययन प्राप्त कर निकले छात्र-छात्राओं ने न सिर्फ अपने देश बल्कि विदेशों में भी महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। महाविद्यालय को ऐसे पुरातन छात्रों की भी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि राजा ऐश्वर्य राज सिंह ने कहा कि बलरामपुर राज अपनी दानवीरता के लिए जाना जाता है। राज परिवार हमेशा बलरामपुर की जनता के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रही है। सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता ने कहा कि महाविद्यालय में पहली बार शिक्षकों के प्रयास से पेटेंट कार्य को बढ़ावा मिला है जो मील का पत्थर साबित होगा। संयुक्त सचिव बी के सिंह ने कहा कि यदि मेहनत और लगन से कोई भी कार्य किया जाए तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है और महाविद्यालय परिवार के अथक प्रयास से विद्यार्थियों की मेहनत रंग ला रही है। प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस दौरान महाविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ माधव राज द्विवेदी, जनवार कुल के प्रतिनिधि अनिल सिंह,जोगेंद्र सिंह एवं कुशाग्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम शुभारंभ डॉ भावना सिंह के मंगलवाचन व महाविद्यालय के कुलगीत से हुआ, जबकि समापन राष्ट्रगान से हुआ।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेंद्र कुमार चौहान ने किया। इसके पूर्व महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी व जनवार कुल के प्रतिनिधियों ने आदि संस्थापक की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत रोवर्स-रेंजर्स कलर पार्टी ने किया।

इस दौरान विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक, प्रमाण पत्र व दस -दस हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में रोहित कुमार कसौधन, मनीष पाण्डेय, आयुषी गुप्ता, रिफत रियाज़, लता पटवा,तुषार अग्रवाल, विनोद कुमार, आयुष शुक्ल, श्वेता भट्ट व उमामणि शुक्ल शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर आरके सिंह, प्रोफेसर प्रमिला तिवारी, विभाग अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन, प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी, प्रोफेसर एसपी मिश्रा, प्रोफेसर बीणा सिंह, प्रोफेसर रेखा विश्वकर्मा, संस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह, डॉक्टर अशोक कुमार व मुख्य नियंता प्रोफेसर पीके सिंह सहित अन्य विभागों के विभाग अध्यक्ष तथा प्रवक्ता मौजूद थे।


# विधायक ने जिला पंचायत की दर्जनों जर्जर सड़कों का मुद्दा सदन में उठाया मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, मचा हड़कंप

**जिला पंचायत की आगामी बोर्ड की बैठक में उक्त जर्जर सड़कों का कार्य लिया जाएगा: जिला पंचायत**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत जौनपुर की दर्जनों जर्जर सड़को का मुद्दा सदन में नियम 51के तहत उठाया मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया तो जिला पंचायत जौनपुर में हड़कंप मच गया आनन-फानन में उक्त सम्पर्क मार्गों का अवर अभियंता से स्थलीय जांच कराकर शासन को क्षतिग्रस्त सड़कों की रिपोर्ट शासन को भेजा रिपोर्ट में कहा गया कि उक्त सभी सड़कें मरम्मत / लेपन किए जाने योग्य है। उक्त मागों के मरम्मत/लेपन कार्य कराये जाने हेतु प्रस्ताव जिला पंचायत की आगामी बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा एवं बोर्ड द्वारा लिए गये निर्णयानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। श्री मिश्र ने जन एक्सप्रेस से बातचीत करते हुए बताया कि उक्त सड़के कई वर्षो से बेहद क्षतिग्रस्त है,जिस पर लोगों का चलना मुश्किल था जिलापंचायत की सड़क होने के नाते अन्य विभाग से कार्य नहीं हो सकता था जिसका पुन: निर्माण आवश्यक था जिसके निर्माण किए जाने हेतु जिला पंचायत से लगातार मांग उठाई लेकिन जिला पंचायत द्वारा कोई कार्यवाही न होने पर विधान सभा के प्रथम सत्र, 2024 के दौरान नियम-51 के अन्तर्गत सूचना लगाया जिसके बाद अग्रिम कार्यवाही हुआ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से अब जिला पंचायत की बिभिन्न सड़क जैसे डेल्हूपुर मोड़ से रसिकापुर चौराहे तक, मेन सड़क डा0 भीमराव अम्बेडकर डिग्री कॉलेज गेट से डेल्हूपुर चौराहे तक, मिरशादपुर हिम्मतपुर सम्पर्क मार्ग बलुआ ब्राहाण बस्ती, दिलशादपुर से अटरा शंकरगढ़ बार्डर तक तथा नगर पंचायत बदलापुर भलुवाही में ग्राम न्यायालय तक की सड़कों का कायाकल्प जल्द होगा।




[illegible]
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।

**विधायक ने इमिलिया पट्टीनरेंद्रपुर सरपतहा मोड़ सड़क का उच्चीकरण सौंदर्यीकरण की मांग सदन में उठाई**

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में मा. राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी बात को रखते हुए बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यो से सदन को अवगत कराया एवं बदलापुर विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख मांग एनएच 731 कलिंजरा मोड से तेजी बाजार- बरईपार होते हुए मछलीशहर तक, ह॥ 56 सिंगरामऊ लालगंज होते गौरामाफी तक, ह॥ 731 मिश्रौली से रतासी- इमलियाघाट - पट्टी नरेंद्रपुर होते हुए सरपतहा मोड तक मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृणीकरण किए जाने और विभिन्न पुल पुलियो के निर्माण किए जाने की मांग सदन के समक्ष रखा।

# संदिग्ध हाल में दो अधेड़ व्यक्तियों की लाश मिलने से सनसनी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**खुटहन।** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर मंगलवार की भोर संदिग्ध हाल में दो अधेड़ ब्यक्तियों का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। दोनों ब्यक्तियों की शिनाख्त कर ली गई है। मृत एक ब्यक्ति नेपाल देश का तथा दूसरा झारखंड प्रदेश का है। खबर लिखे जाने तक मृतक के स्वजनों के द्वारा थाने में तहरीर नहीं दी गई है। काजी शाहपुर गांव की पुलिया के पास कुछ ग्रामीणों ने एक ब्यक्ति का शव पड़ा देख शोर मचाना शुरू कर दिया। कुछ देर में वहां तमाम लोग जमा हो गए। मौके पर पुलिस भी पहुंच गयी। भीड़ देख वहां ईंट भट्ठा पर काम करने वाले कुछ मजदूर भी पहुंच गए। वे शव देखते ही उसे पहचान गए। मृतक जौकाबाद गांव स्थित एक ईंट भट्ठा पर मजदूरी का काम करता था। उसका नाम विदेशी तथा वह झारखंड का निवासी बताया गया। उसकी उम्र लगभग 48 वर्ष रही होगी। पुलिस अभी शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई भी नहीं कर पाई थी कि सूचना मिली कि भागमल पुर गांव में एक दशक से रहकर गांव की पहरेदारी कर रहे नेपाल देश के निवासी 56 वर्षीय पुरे अधिकारी का शव बनुआडीह गांव के तालाब में उतराया मिला है। मृतक अपनी पत्नी जयकला पुत्री विनीता, तीन पुत्रों गणेश,धर्मा और दिनेश के साथ रहकर गांव की पहरेदारी करता था। उसके पुत्र गांव में ही किराने की दुकान चलाते हैं। स्वजनों का कहना था कि पुरे अधिकारी एक सप्ताह पूर्व रहस्यमय ढंग से घर से गायब हो गए थे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिल सका था। बुधवार को शव मिलने की सूचना होते ही मौके पर पहुंचे स्वजन उसकी शिनाख्त कर फफक पड़े।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने ट्रांस क्षेत्र में किया प्रवास

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश एवं 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी चुनाव की तैयारी में जुट गई है। पार्टी के आदेश अनुसार पार्टी के उच्च पदाधिकारी ट्रांस क्षेत्र में प्रवास करने के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ने प्रवास करते हुए कार्यकर्ताओं से वार्तालाप की है।
भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह बुधवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र के रामनगर गांव में पहुंचकर प्रवास कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक लिया और पार्टी के आदेश अनुसार 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यशाला कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी से वार्तालाप किया और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर को और अधिक मजबूत करने के लिए जुटने का आवाहन किया है इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव प्रधान पति सूर्यभान,ओपी पांडे, शंभूनाथ तिवारी,संतोष जायसवाल,बबलू जायसवाल,दुर्गेश चौहान,इंद्रजीत सिंह निक्कू, साधन समिति अध्यक्ष योगेश कुमार श्रीवास्तव उर्फ़ मुन्ना,रोहित मिश्रा सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।



**पूर्व प्रधान पति एवं समाजसेवी के निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने पहुंचकर व्यक्त किया शोक**

ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव कबीरगंज के मजरा अखंड फॉर्म नंबर दो निवासी पूर्व प्रधान पति एवं समाजसेवी गुरजीत सिंह उर्फ गज्जी की बीमारी के चलते निधन हो गया।भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### महिला के आरोप पर युवक के खिलाफ दुराचार का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/खुटहन। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला के साथ एक युवक के द्वारा उसे रास्ते में रोक जबरन दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता का आरोप है कि उसकी साड़ी खींच अश्लील हरकत की गई। आरोपित ने उसके प्राइवेट पार्ट में उंगली घुसा दिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुराचार व जान से मारने की धमकी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दिया है। उक्त गांव निवासी 35 वर्षीया विधवा का आरोप है कि शेरापट्टी गांव निवासी रवी यादव अक्सर उसकी मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजते रहते हैं। विरोध के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। आरोप है कि वह अपनी स्कूटी से गत सोमवार की साम लगभग 7 बजे पटैला बाजार से वापस घर आ रही थी। सेवईं नाले के पुल के पास सुनसान स्थल पर पहले से घात लगाए बैठे रवी यादव स्कूटी के सामने खड़ा हो गया। स्कूटी रोकते ही वह साड़ी खींचने लगा। आरोप है कि दुष्कर्म की नीयत से उसके प्राइवेट पार्ट में उंगली डाल दिया। शोर मचाने पर वह भाग गया। थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

### चौबाहा समेत तीन गांव में 48 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/सुईथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के तीन गांव में 48 घंटे से ज्यादा विद्युत आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब हो कि विद्युत उपकेंद्र सुईथाकला के डेहरी फिडर के अन्तर्गत चौबाहा, बांसगांव, अढ़नपुर गांव में जो मेन विद्युत सप्लाई का इग्यारह हजार वोल्टेज का जो तार आया है उसके टूटने से ग्रामीण जनों को विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रहा है। जिससे ये तीनों गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गया है ।जब की ग्रामीण जनता के द्वारा बताया कि डेहरी फिडर से जो मेन सप्लाई का इग्यारह हजार वोल्टेज का तार आया है उसी का खम्भा टूटने से यह विद्युत आपूर्ति की समस्या सभी तीनों गांव के ग्रामीण जनता को अंधकार में रहना पड़ रहा है ।जब इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा जेई और एस डीओ को फोन लगा रहे थे तब फोन ही नहीं लगा और फोन भी लगा तो उठा ही नहीं। वहीं सरकार के द्वारा हर समय दावा किया जाता है कि सरकारी नंबर पर किसी भी समय एवं किसी भी उच्चाधिकारियों को सरकारी नंबर पर फोन लगा कर समस्याओं को अवगत कराया जाय जिससे क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सके । इसी क्रम में विकास खण्ड सुईथाकला के विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही आये दिन ऐसे मामलों में देखने को मिलता है। ग्रामीण जनता ने अपनी विद्युत आपूर्ति बहाल करने एवं नये खम्भे को लगाने की बात मीडिया के माध्यम से उच्च अधिकारियों को ध्यानाकृष्ट कराने के लिए कहा।

### पुलिस मुठभेड़ में गोतस्कर अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मुंगराबादशाहपुर। मुंगराबादशाहपुर पुलिस मुठभेड़ में एक अन्तर्जनपदीय गौ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गोली लगने से घायल अभियुक्त को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक मुगराबादशाहपुर संजय वर्मा मय हमराह के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर प्रभारी निरीक्षक मीरगंज देवानन्द रजक मय हमराह टीम के साथ अपराध एवं अपराधियों के बारे में बातचीत कर रहे थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ अपराधी गरियांव से मुंगराबादशाहपुर की तरफ अपराध करने की फिराक में आ रहे है की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त पुलिस बल द्वारा नीभापुर रेलवे क्रासिंग के पास आने जाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग की जाने लगी तभी एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये । जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तगण द्वारा पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। जिसके जवाबी कार्यवाही में दोनो संयुक्त टीम द्वारा फिल्ड क्राफ्ट का प्रयोग करते हुए आत्मरक्षार्थ जबाबी फायर किया गया। जिससे एक अभियुक्त के दाएं पैर के घुटने के पास गोली लगी, जिससे व वही गिर गया तथा दूसरा अभियुक्त फरार हो गया।



### बिना डिग्री धारक के चल रहे निजी अस्पताल

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। कलीनगर और पूरनपुर तहसील क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिना डिग्रीधारक और संसाधनों के निजी अस्पताल चल रहे हैं। यह आरोप गांव कबीरपुर कसगंजा के हरीबाबू पासवान ने लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की है। पत्र में कहा गया है कि कई अस्पताल और क्लीनिक तो बगैर पंजीकरण के ही चल रहे हैं। जिनका रजिस्ट्रेशन है उनमें फिजीशियन और सर्जन कभी नहीं बैठते। मरीजों का उपचार सिर्फ स्टाफ करता है। पत्र में करीब नौ अस्पतालों का नाम भी खोला गया है। इनकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है। एमओईसी डा. अनिकेत गंगवार ने बताया कि शिकायत पर एक दिन पहले छापेमारी की गई थी। पांच अस्पतालों के संचालक को नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत टूलकिट वितरण समारोह कार्यक्रम हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। बुधवार को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत टूलकिट वितरण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आस्था अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्षा द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला उद्योग तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में किया। कार्यक्रम के दौरान प्रताप नारायण खादी ग्रामोद्योग विभाग, चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी नाबार्ड विभाग तथा प्रियंका श्रम प्रवर्तन अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत विभिन्न ट्रेडों में टूलकिट वितरण मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा कराया गया। दर्जी ट्रेड के 100 लाभार्थियों एवं नाई टेऊ्ड के 50 लाभार्थियों को टूलकिट वितरित की गई। मुख्य अतिथि श्रीमती आस्था अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम के प्रसारण को अनुग्रहीत कर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों का उत्साह वर्धक किया एवं भविष्य में लाभार्थियों को उपलब्ध कराई गई टेऊ्डों के सम्बन्ध में जनपद को नई पहचान दिलाने हेतु उज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। उपायुक्त उद्योग आत्मदेव शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि आस्था अग्रवाल को शासन द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के बारे जानकारी से अवगत कराया एवं भविष्य में जनपद के लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित समस्त लाभान्वित योजनाओं का लाभ प्रदान कराये जाने हेतु संकल्प लिया।

# व्यापारियों की मांग चोरियों पर लगे लगाम...

**शहर में बढ़ती चोरियों की वारदातो से व्यापारियों में भीषण आक्रोश**

**व्यापारी नेताओं ने की पुलिस अधीक्षक से की गम्भीर वार्ता**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

विगत कुछ दिनों से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक एक के बाद एक चोरों ने व्यापारियों से लेकर पुलिस तक कि नींद हराम कर दी है।
कुछ दिन पूर्व ही शहर की गल्ला मंडी में चोरों ने किराने की दो दुकानों में नकब लगाकर लाखो का माल चोरी कर लिया था पुलिस चोरी का खुलासा नही कर पाई की अचानक पूरनपुर में किराना व्यापारी के यहा चोरो ने गन पॉइंट पर लाखों का डाका डाल दिया। जिससे पूरे जनपद के व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया व्यापारियों ने प्रदर्शन कर जल्द ही चोरी का खुलासा करने की बात कही। मंगलवार को एक बार फिर चोरो में पुलिस की निष्क्रियता को ललकारते हुए पुलिस के नाक के नीचे से शहर के स्टेशन रोड पर राकेश मोबाइल की दुकान को शिकार बनाया चोरो के गिरोह ने राकेश मोबाइल शॉप की छत पर पीछे से नकब लगाकर लाखो के कीमती मोबाइल चुरा लिए चोरी की खबर लगते भी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल अपनी टीम के युवा जिलाध्यक्ष नीरज मिश्रा,अमित अवस्थी,निमित्त अग्रवाल के साथ मौके पर पहुच गए। पुलिस की निष्क्रियता उदासीनता पर सवाल उठाते हुए व्यापारियों ने जाम लगाकर प्रदर्शन करना शुरू कर व्यापारियों ने रोड पर दरी बिछा कर धरना दे दिया जिससे पुलिस अधिकारियों कर हाथ पैर फूल गए आनन फानन में नवागत एएसपी विक्रम दहिया,सीओ सिटी चतुर्वेदी, सीओ सदर प्रतीक दहिया,कोतवाल नरेश त्यागी,सुनगढ़ी एसओ संजीव शुक्ला भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुचे।
जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन होश में आओ के नारे लगाने लगे एएसपी विक्रम दहिया ने जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल को धरना खोलने का आग्रह किया व्यापारियों की पुलिस अधिकारी से काफी तीख़ी नोकझोंक भी हुई एएसपी विक्रम दहिया ने चोरी का जल्द से जल्द वर्कआउट के आश्वासन के बाद ही व्यापारियों ने धरना खत्म किया।
उधर देर शाम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर एक आपात बैठक बुलाई गई जिसमें चोरियों की घटनाओं के पर्दाफ़ाश को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने शिष्ट मंडल के साथ बुधवार को 11:30 बजे पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने मुलाकात कर वार्ता करने की सहमति बनी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल,नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता,नगर महामंत्री अलाउददीन अंसारी,युवा जिलाध्यक्ष नीरज मिश्रा, महामंत्री अमित अवस्थी,युवा नगर अध्यक्ष ऋषभ सिंह,महामंत्री शुभम कटियार,नगर संरक्षक निमित्त अग्रवाल, शवाज़ शेरी,सईद अहमद अल्वी,मोइन खां,सुनील कुमार वर्मा,नीलेश अग्रवाल, कपिल वर्मा,राकेश वर्मा राजीव त्रिपाठी भ्रमस्वरूप सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित थे।



**व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने की आज पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक से वार्ता**

बुधवार आज 11:30 बजे जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल के नेतृत्व में पीड़ित व्यापारी कपिल वर्मा,गल्ला मंडी व्यापारी नीलेश अग्रवाल सहित दर्जनों पदाधिकारियों एवम व्यापारियों के साथ पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा से मुलाकात कर वार्ता की जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि जनपद में चोरियों की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नही ले रही पुलिस अभी तक किसी भी गिरोह का पर्दाफाश नही कर पाई है जनपद के व्यापारियों में भय के साथ साथ काफी रोष पैदा होता जा रहा है।

**व्यापारियों ने दिया तीन दिन का अल्टीमेटम होगा जनपद स्तर पर बड़ा आंदोलन**

ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल ने कहा कि लगातार चोरियों की घटनाओं से पुलिस व्यवस्था पर एक बड़ा प्रश्न चिन उठ रहा है। पुलिस अभी तक पूरनपुर की घटना का भी पर्दाफाश नही कर पाई है। जनपद में व्यापारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है ज़िलामहामंत्री शैली अग्रवाल ने कहा कि पुलिस को व्यापारियों की ओर से तीन दिन का अल्टीमेटम दिया जा रहा है यदि तीन दिन के भीतर चोरो को पकड़ा नही गया तो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जनपद स्तर पर बड़ा आंदोलन करने के लिए विवश होगा।

**रात्रि में पुलिस पिकेट एवम पुलिस गश्त को बढ़ाया जाए**

नगर महामंत्री अलाउददीन अंसारी ने कहा रात्रि में पुलिस पिकेट बढ़ा कर गश्त कराई जाए रात्रि 12 के बाद शहर में चेकिंग कराई जाए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जाए। पुलिस पवन मोबाइल से शहर के बाजारों गलियों में कड़ाई से गश्ती कराई जाए थाने स्तर पर पुलिस व्यापारियों एवम चौकीदारों की बैठक कराई जाए। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने जल्द ही चोरियों का वर्कआउट करने का आश्वासन दिया अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने भी चोरो को पकड़कर जेल भेजने का व्यापारियों आश्वस्त किया।



# मौनी अमावस्या को लेकर पुलिस प्रशासन हुआ सतर्क 9 फरवरी को पेंटून पुल रहेगा बंद

**पुलिस एवं पीएसी बल के साथ गोताखोरों की निगरानी में श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** मौनी अमावस्या को लेकर तहसील एवं पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस एवं पीएसी बल और गोताखोरों की निगरानी में मौनी अमावस्या के अवसर पर शारदा के पावन तट पर श्रद्धालु आस्था रूपी डुबकी लगाएंगे तो वही 9 फरवरी को पेंटून पुल पर वाहनों का आवागमन पूर्णता बंद रहेगा। 9 फरवरी को मौनी अमावस्या के स्नान पर्व को लेकर जिला तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है शारदा नदी के धनारा घाट पर मौनी अमावस्या के स्नान पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ आस्था रूपी डुबकी लगाने आती है श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा की व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने शारदा नदी के धनारा घाट पेंटून पुल मार्ग को 8 फरवरी 2024 की शाम 4:00 बजे से 9 फरवरी 2024 की शाम 7:00 बजे तक वाहनों का आवागमन पूर्णता बंद कर रखा है 9 फरवरी मौनी अमावस्या के स्नान पर्व पर धनारा घाट पेंटून पुल पर केवल श्रद्धालु पैदल ही आवागमन कर सकेंगे वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं और मेला में शांति को देखते हुए पुलिस बल के साथ-साथ पीएसी बल मौजूद रहेगी तो वही गोताखोर लाइफ जैकेट और नाव के साथ घाट पर मुस्तैद रहेंगे।इधर धनारा घाट पर साधु संतों एवं महात्माओं की मंडली कल्पवास की हुई है इस दौरान संतों की कुटिया में भजन कीर्तन लगातार होने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है।उधर हजारा थाना अध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने बताया है कि मौनी अमावस्या स्नान पर्व को लेकर धनारा घाट पर 9 फरवरी को वाहनों का आवागमन पूर्णता बंद रहेगा किसी भी दशा में वाहनों का आवागमन करने की अनुमति नहीं होगी साथ ही यह भी बताया है कि धनारा घाट शारदा नदी पर चिन्हित स्थान पर ही श्रद्धालुओं को स्नान करने की अनुमति होगी और मेला में अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पीलीभीत में ईवीएम एवं वीपी पैट मशीन के संचालन पर दिया मतदान प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर ईवीएम व वीवीपैट मशीन संचालन को मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बुधवार जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर गुरभाग सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर ईवीएम और बीवीपैट का जायजा लिया। उन्होंने मतदान प्रशिक्षण कर संतुष्टि जाहिर की है। जिलेभर में ईवीएम संचालन को जागरूक किया जा रहा है। ईवीएम को लेकिर किसी तरह की समस्या है तो उसका समाधान किया जा सकता है। जिन्हें ईवीएम को लेकर किसी तरह की शंका है, वह आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वोट डालने की क्या विधि है यह भी लोग समझ सकते हैं। भाजपा सरकार चुनाव आयोग की मंशा के तहत पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराने की तैयारी में जुट गई है। इस बार आयोग के द्वारा मतदान में ईवीएम मशीन के साथ वीवीपैट मशीन का भी प्रयोग किया जा रहा है। जिसके माध्यम से सभी मतदाता अपना मत डालने के उपरांत वीवीपैट मशीन में अपने मत की जानकारी के संबंध में पर्ची भी देख सकेंगे। इसके लिए सरकारी मशीनरी की ड्यूटी भी प्रशिक्षण देने के लिए लगाई है।शिक्षण संस्थाओं से विद्यार्थी जागरूकता रैली के साथ नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ईबीएम व वीवीपैट से मतदान प्रशिक्षण में भाग लिया। उन्होंने मतदान प्रशिक्षण कर संतुष्टि जाहिर की।

# नकल विहीन शुचितापूर्ण परीक्षा कराने को लेकर जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों सेक्टर मजिस्ट्रेटरों के साथ की बैठक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड के द्वारा टी.डी इंटर कॉलेज में समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के तैयारी व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के संबंध में केंद्र व्यवस्थापको एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा0)-2023 का आयोजन जनपद के कुल 104 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 11 फरवरी 2024 (रविवार) को दो सत्रों में (पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक व अपरान्ह 02:30 बजे से 03:30 बजे तक) सम्पन्न होनी है। जनपद के कुल 104 परीक्षा केंद्रों पर 48199 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए यथावश्यक सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात करते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है । उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा की तिथि 11 फरवरी 2024 (रविवार) को प्रथम एवं द्वितीय सत्र के गोपनीय शील्ड पैकेट प्राप्त करने के लिए कोषागार जौनपुर पर प्रातः 06:00 बजे एवं दोपहर 12:00 बजे उपस्थित होंगे तथा गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारम्भ होने से 01:30 घण्टे पहले परीक्षा सामग्री अपने सेक्टर के परीक्षा केन्द्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में प्रधानाचार्य को नियमानुसार प्राप्त कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने से परीक्षा समाप्ति तक उपस्थित रहेगे। जिलाधिकारी ने परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, कक्षों में विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था करने, शौचालयों के साथ ही साफ सफाई आदि समस्त परीक्षा केंद्रों पर करने के निर्देश दिए जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापको को सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए अन्यथा जवाबदेही तथा कार्यवाही की जायेगी। उक्त परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नम्बर 9454457371 तथा 9451158195 है। परीक्षा से संबंधित जानकारी लेने व किसी प्रकार की समस्या होने पर उक्त नंबरों पर सम्पर्क किया जा सकता है ।



# 10 फरवरी से होगा बिठूर महोत्सव का आगाज

❋ कैलाश खेर, मैथिली ठाकुर व हेमंत बृजवासी की रंगारंग प्रस्तुतियां बांधेगी समां

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा










कानपुर नगर। कानपुर के नाना राव पेशवा स्मारक पार्क में 10 फरवरी से 12 फरवरी के बीच होने वाले बिठूर महोत्सव में सिंगर कैलाश खेर, मैथिली ठाकुर व हेमंत बृजवासी की रंगारंग प्रस्तुतियां समां बांधेगी। 10 फरवरी को महोत्सव का आरंभ हाफ मैराथन के साथ सुबह साढ़े 6 बजे सरसैया घाट से होगा। 11 को फरवरी बोट क्लब से विंटेज कार रैली, क्विज प्रतियोगिता, कानपुर आर्टिस्टिस गीत कार्यक्रम, रामायण पर आधारित ड्रामा, क्रेजी हॉपर्स ग्रुप की डांस प्रस्तुति, देर शाम से रात हेमंत बृजवासी की रंगारंग प्रस्तुति होगी। 12 को फरवरी गीत-संगीत, नाटक, मिमिक्री, सांस्कृति कार्यक्रम बिठूर महोत्सव का समापन मैथिली ठाकुर की संगीतमय प्रस्तुति से होगी।

### हाफ मैराथन में पार्टिसिपेट के लिए करना होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

गंगा हाफ मैराथन का आयोजन सरसैया घाट चौराहा से होकर होकर ब्रम्हावर्त घाट बिठूर तक किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए www.bithoormahotsav.com की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। 8 फरवरी तक रजिस्ट्रेशन होंगे। प्रतिभाग करने वाले महिला पुरुष की आयु 18 वर्ष होना आवश्यक है। महोत्सव में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को क्रमशः 1 लाख, 50 हजार और 30 हजार रुपये दिया जायेगा।

## कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाओं ने लिया भाग



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गीता पार्क रामलीला मैदान में शिव महापुराण की अमृतमई कथा कलश यात्रा से प्रारंभ हुई, वनखंडेश्वर मंदिर से होते हुए ब्रह्म नगर से गीता पार्क को पहुंची कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया प्रथम दिवस की कथा में आचार्य योगेश अवस्थी योगीराज जी महाराज ने बताया कि लोग अमृत को ढूंढ़ रहे हैं कोई कहता है अमृत सागर में है कोई कहता है अमृत गागर में है कोई कहता है अमृत चंद्रमा में है लेकिन वास्तविकता में अमृत तो हरि का नाम में है अमृत है भगवान की कथा और इसको जो पी लेता है उसके सारे विषय रस समाप्त हो जाते है तीनों ताप से छुटकारा मिल जाता है कथा में बताया कि चंचुला बड़ी धार्मिक थी भक्ति भाव था लेकिन संगत गलत होने के कारण वह भी माया से ग्रसित हो गई मनुष्य को संगति अच्छी करनी चाहिए लेकिन शिव महापुराण की कथा का अगर एक भी शब्द कान में सुन लिया जाए तो उसके तीन जन्मों के पाप क्षण भर में नष्ट हो जाते है आज की कथा में यजमान रमेश चंद्र जौहरी उषा बाजपेई आचार्य शुभांशु मिश्रा विभु बाजपेई कुमकुम जौहरी प्रमोद पांडे प्रशांत गुप्ता आज सैकड़ो लोगों ने कथा का रसपान किया।

# एनटीपीसी अधिकारियों को नहीं है जनता की चिंता और जनप्रतिनिधि भी नहीं पहुंचे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में उत्तरीपूरा स्थिति एनटीपीसी पावर प्लांट के अधिकारियों द्वारा जबरन धार्मिक स्थल एवं ग्रामीणों का रास्ता बंद कर बैरिकेडिंग कर दी गई जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश बढ़ता जा रहा है अगर एनटीपीसी अधिकारियों द्वारा धार्मिक स्थल एवं आम रास्ता न खोला गया तो जल्द धरना-प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे ग्रामीण शिवशंकर वर्मा मनीष बेचेलाल सोमपाल विजय कुमार संतराम सीता राम जयसिंह जयशिव किसानों का कहना है कि न तो क्षेत्र में विकास किया एनटीपीसी अधिकारियों ने न ही किसी किसानों के परिवार के सदस्य को रोजगार मिला यहां तक धार्मिक स्थल जखई बाबा आदि धार्मिक स्थल का रास्ता बंद कर दिया जिससे धार्मिक स्थल पर ग्रामीण पूजा अर्चना करने से वाचित है। एनटीपीसी के अधिकारियों को तो जनता की कोई चिंता ही नहीं है यहां तक की बिल्हौर क्षेत्र के जन प्रतिनिधि इस मुद्दे पर कोई भी उस स्थान पर भी नहीं गया जहां पर रास्ता बंद किया गया ना ही लोगों से पूछा यहां तक की एनटीपीसी अधिकारियों से भी नहीं बात की जो ग्रामीणों को एक भरोसा होता कि हां आगे खुलेगा रास्ता आखिरकार क्या बजह है कि एनटीपीसी के अधिकारी जनता की आम रास्ते को अनदेखा करते हुए बंद कर दिया है उन्हें किसी तरह का कोई भय नहीं है जबकि योगी सरकार धार्मिक स्थलों में पूजा अर्चना करने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए तत्पर है कि उनको किसी तरह से रोक न जाए और उत्तरीपुरा एनटीपीसी अधिकारियों ने उस रास्ते को रोक कर वहां पर बेरी कटिंग कर दी जहां पर धार्मिक स्थलों को जाने का रास्ता था आखिरकार एनटीपीसी के अधिकारी को इतना बल कहां से मिल रहा है।

# मकनपुर एतिहासिक मेले का सीडीओ व एडीसीपी ने चादरपोशी कर उद्घाटन किया



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के मकनपुर एतिहासिक मेले का सीडीओ व एडीसीपी एसडीएम ने नगर से दस किलोमीटर दूर मकनपुर में जिंदा शाह मदार सैयद बदीउद्दीन की दरगाह पर लगने वाला ऐतिहासिक बसंत मेला बुधवार को दम मदार की गूंज के साथ आरंभ हो गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीडीओ सुधीर कुमार व विशिष्ट अतिथि एडीसीपी विजेंद्र द्विवेदी ने बिल्हौर एसडीएम रशिम लांबा की मौजूदगी में दरगाह पर चादर पोशी कर किया। ग्राम प्रधान मजाहिर हुसैन सहित मेला कमेटी के लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों का पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इसके बाद सीडीओ ने मेले में बने प्रशासनिक भवन का फीता काट कर उद्घाटन किया। मकनपुर में लगने वाले ऐतिहासिक बसंत मेले का इतिहास 605 वर्ष पुराना है। जिंदा साहब मदार के द्वारा 596 वर्ष की उम्र में सन 1418 में म्रत्यु के बाद उनको मानने वाले लोगों ने बसंत पंचमी पर दरगाह पर आना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे यह सिलसिला विशाल मेले में तब्दील हो गया।

# पुलिस आयुक्त ने जनता को बताया ऑपरेशन त्रिनेत्र का महत्व

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बुधवार को पुलिस आयुक्त द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहो तथा स्थानों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ अन्य अधिकारी व फोर्स मौजूद रही। उन्होने यातायात व्यवस्था के साथ ही क्षेत्रों की सुरक्षा का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बुधवार को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा थाना क्षेत्र कोतवाली के अंतर्गत आने वाले प्रमुखचौराहों तथा बाजारों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने कोतवाली चौराहा, शिवाहला तिराहा, तिलक हॉल तिराहा, चौक सर्राफा, नारियल बाजार, कैलाश मन्दिर तिराहा, आदि का भ्रमण किया। उन्होने भ्रमण के दौरान जहां यातायात की व्यवस्था का भी अवलोकन किया तो वही दुकानदारों तथा स्थानीय निवासियों में सुरक्षा का संदेश भी दिया। उन्होने स्थानीय दुकानदारों के साथ ही स्थानीय निवासियों को अपने घरों तथा प्रतिष्ठानों में सीसी टीवी कैमरे लगाने को कहा। उन्होने ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया तथा सीसीटीवी कैमरे लगाने के महत्व को बताया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरा किसी प्रकार से और किन-किन एंगल से लगाया जाये, तरीकों से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी लखन सिंह यादव, अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल संतोष कुमार मीणा, एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह तथा कोतवाली थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# कल मौनी अमावस्या: श्रद्धालु घाटों पर लगाएंगे आस्था की डुबकी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



भारत देश जितना ही पौराणिक देश है उतनी ही पौराणिक यहां की मान्यताएं हैं। हम भगवान, देव, ऋषी ही नही बल्कि प्रकृति और ईश्वर की हर रचाना को महत्व देते हैं उसकी पूजा करते है। हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष महत्व माना गया है। इस बार कल 9 फरवरी दिन शुक्रवार को मौनी अमावस्या है, जिसे साधारण भाषा में माघ पूर्णिमा कहा जाता है। इस दिन सृष्टि के पालनहाल भगवान विष्णु का विशेष पूजन-अर्चन किया जाता है।

कल 9 फरवरी को मौनी अमावस्या का पर्व है। ऐसे में कानपुर के गंगा घाटों में हजारो श्रृद्धालाओं की भीड़ उमडेगी। गंगा स्नाना के लिए प्रशासन द्वारा सभी घाटों पर तैयारिया तेजी के साथ पूरी की जा रही है, गंगा के घाटों पर मेले जैसा माहौल होगा।

आस्था के इस पर्व में घाटों पर आये भक्त पहले गंगा में स्नान करके, उसके उपरान्त दान-पुण्य और पूजा अर्चना की जायेगी। ज्योतिषाचार्य के अनुसार 9 फरवरी की सुबह 8बजकर 2 मिन से मौनी अमावस्या का समय शुरू होगा जो 10 फरवरी की सुबह 4 बजकर 28 मिनट तक रहेगा। बताया जाता है कि प्रथम दिन चूंकि सुबह से मुर्हूत है, इसलिए इस दिन का स्नान श्रेष्ठ होगा। इस दिन लोग मौन रखते हुए संयम से साधना करते है।

शास्त्रों में भी मौनी अमावस्या पर मौन रखने का विधान बताया गया है। इस दिन स्नान के बाद दान आदि करने के बाद भगवान का पूजन और व्रत रखने के विधान है। साथ ही इस दिन सर्व सिद्धि योग भी है जो सुबह 7 बजकर 5 मिनट से लेकर रात को 11 बजकर 29 मिनट तक रहेगा। आचार्य रमेश तिवारी ने बताया कि जो बुजुर्ग या कोई भी पवित्र नदी नही जा सकता तो वह स्नान के जल में थोड़ा सा गंगा जल मिलकार स्नान कर सकता है, इससे भी उसे पुण्य फलों की प्राप्ति होगी साथ ही पितरों को भी मोक्ष की प्राप्ति होती है। स्नान के दौरान सूर्य भगवान को भी जल अर्पित करे और यथा संभव दान दें।

# कौमुदी पांडे ने थामा भाजपा का दामन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

निकाय चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता रहे संदीप पांडे ने अपनी पत्नी कौमुदी पांडे को चुनाव में मैदान में उतारा था। जिस पर भाजपा ने उन्हें हटा दिया था। चुनाव में संदीप की पत्नी कौमुदी पांडे ने इतिहास रचते हुये चुनाव जीत कर पालिका पहुंची। जिस पर बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, डिप्टी सीएम केशव मौर्य, बृजेश पाठक की मौजूदगी में कौमुदी पांडे भाजपा में शामिल हो गई। उनके पति भी भाजपा का दामन थाम लिया। इसकी जानकारी होने पर पालिकाध्यक्ष के प्रशंसकों ने लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की।

# दिव्यांग बच्चों को मिला महामहिम का प्यार और दुलार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

दिव्यांग डिवेलपमेंट सोसाइटी की सचिव मनप्रीत कौर संस्था के दिव्यांग बच्चों को लेकर धन्यवाद करने राजभवन राज्यपाल महोदया से बच्चों से लेकर पहुंचीं थीं। मनप्रीत कौर ने बताया कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बच्चो द्वारा बनाए गए जूट के बैग को देखकर खुशी जताई और कहा कि राजभवन भी इन बैग का प्रयोग करेगा और साथ ही कहा कि समाज में और लोग भी इसका प्रयोग करें, पर्यावरण के साथ साथ बच्चों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

मनप्रीत कौर ने यह भी बताया कि अभी हाल में ही दिव्यांग डेवलपमेंट सोसाइटी कानपुर नगर को उनके दिब्यांगता के क्षेत्र में किए गए कार्य के



लिए राष्ट्रीय पुरुस्कार माननीय राष्ट्रपति द्वारा पुरिस्कृत किया गया है। मनप्रीत कौर का कहना है कि इस संस्था से जो लोग जुड़ना चाहते हैं, बच्चों का सहयोग करना चाहते हैं, या उनके द्वारा बनाए बैग या अन्य हस्तनिर्मित वस्तुएं लेना चाहते हैं तो संपर्क कर सकते हैं।

# कंठी निवादा मांगलिक कार्यक्रम में आए युवक को पीटा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मांगलिक कार्यक्रम में पहुंचे एक युवक को जमकर पीट दिया गया ककवन थाना क्षेत्र के रामनाथ निवादा गांव निवासी संजय पुत्र स्व मन्नालाल शिवराजपुर के कांठीपुर गांव के रहने वाले महिपाल कुशवाहा के यहा तिलक समारोह में शामिल होने पहुंचे थे तभी गांव के रहने वाले विजय संदीप अजय उर्फ छोटे बऊआ शराब के नसे में आकर गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी विरोध करने पर उक्त लोग शराब पीने के लिए पैसे न देने की बात कहकर लात घूंसो से पिटाई कर दी। पीड़ित को पुलिस ने कार्यवाई करने का भरोसा दिलाया है।

# सहकारी समिति बिल्हौर के चुनाव में धनंजय यादव सर्वा धिक मत पाकर विजई बने

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कस्बे के सहकारी समिति चुनाव में पांच प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें सबसे अधिक मत 68 धनन्जय यादव, 49 श्रीकांत शर्मा 31 संतोष कुमार गुप्ता, 20 पवन कटियार प्रकार संतोष किया है जबकि कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी श्रीकांत शर्मा ने भाजपा के पवन कटियार को पराजित किया है। हालांकि चुनाव छोटा सा था लेकिन फिर भी सभी पार्टियों ने अपनी-अपने प्रतिष्ठा लगा रखी थी लेकिन यहां पर श्रीकांत शर्मा को शालीनता और व्यक्तिगत व्यवहार के चलते उन्होंने अपनी जीत दर्ज कराई है। संतोष कुमार गुप्ता नेवी अपने व्यवहार के चलते जीत हासिल की है धनंजय यादव सर्वाधिक मत पाकर विजई रहे लेकिन वह काफी समय से लोगों से संपर्क कर रहे थे जिसके चलते उनको अधिक वोट प्राप्त हुए हैं जीत के बाद समर्थकों ने फूल मालाओं से सभी को लाद दिया और मुंह मीठ करवाया समर्थकों ने कहा कि ऐसा प्रत्याशी हमने विजयी बनाया है जो हमारे सुख-दुख में हमेशा खड़े रहते हैं।

# आईएएस कृतिका मिश्रा ने बताए सफलता के गुरूमंत्र

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज, बेनाझाकर विधालय की पूर्व छात्रा आईएएस परीक्षा में ऑल इण्डिया में 66वीं रैंक प्राप्त करने वाली आईएएस कृतिका मिश्रा ने टॉक शो सपनों से सफलता तक में सफलता के गुरूमंत्र बताए।

कृतिक ने कहा कि दिन के 24 घंटे में एक मिनट भी बर्बाद नही करना चाहिये तथा अपने निर्धारित लक्ष्य को प्रापत करने के लिए पूरी निष्ठा लगन और परिश्रम के साथ जुटना चाहिए। कहा मोबाइल इंटरनेट का प्रयोग मात्र अध्ययन के लिएकरना चाहिए। वहीं नगर के प्रख्यात नेत्र सर्जन डा.अवध दुबे की उपस्थित में कृतिका ने कहा कि केवल सपने देखने से कुछ नही होता, बल्कि स्ट्रेटजी बनाकर तनम न से जुट जाना चाहिए। कहा कभी हार न माने। उन्होने कई उदाहरण देकर छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बृजमोहन कुमार सिहं, उप प्रधानाचार्या मंजूबाला श्रीवास्तव, गौरांशी त्रिपाठी, उननति सिंह आदि उपस्थित रहे।


# 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा पाया गया

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

बैराज मार्ग पर गुरुवार को एक लगभग 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा पाया गया था। सूचना पर सीओ सिटी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। इधर शव को मर्च्युरी में रखवाया गया था। पुलिस पहचान कराने के लिये बराबर प्रयास कर रही है। गंगाघाट पुलिस ने आस पास के जिलों के कई थानों में गश्ती भेजी है। मृतक की हुलिया के अनुसार यदि किसी थाने में गुमशुदगी दर्ज होगी तो उसके आधार पर भी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पीएम में हत्या की पुष्टि होने के बाद मुकदमा पंजीकृत किया है।

# सुबह के समय नवीन पुल पर लगा रहा जाम

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव



नवीन पुल से लोगों को जाम से निजात मिलती दूर दूर तक नहीं नजर आ रही है। बुधवार को भी सुबह के समय नवीन पुल पर जाम लगा रहा। जिससे कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली बच्चे जाम में फंसे रहे। मौजूद पुलिस जाम हटवाने के लिये काफी मशक्कत करती रही। इसके बावजूद संकरे और वाहनों का अधिक भार होने से जाम लगा रहा। दोपहर के समय वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां क्रासिंग से दोपहर करीब एक बजे अप और डाउन लाइन से ट्रेनें गुजरी। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। क्रासिंग खुलने के बाद वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। जिससे भीषण जाम लग गया। जाम को देख पहुंचे गेटमैन ने किसी तरह आड़े तिरछे वाहनों को हटवाया। इस दौरान एक घंटे जाम की स्थिति बनी रही।

# स्कूटी सवार बदमाशों ने शिक्षक के घर पर किया पथराव

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



मंगलवार की देर रात एक शिक्षक के घर के बाहर आये स्कूटी सवार बदमाशों ने शिक्षक के घर पर पथराव कर दिया, जिसके बाद वारदात को अंजाम देकर सभी बदमाश मौके से फरार हो गये। बुधवार को शिक्षक द्वारा थाने में मामले के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी है।

थाना चकेरी के श्याम नगर क्षेत्र के सी ब्लॉक में रहने वाले शिक्षक राकेश कुमार पांडे ने बताया कि बुधवार की सुबह जब वह सोकर उठे तो उनके घर के अंदर जली हुई प्लास्टिक तथा कुछ कपड़े पड़े हुए थे। उन्होने बताया कि वह अपनी पत्नी सुमन के साथ घर पर रहते हैं जबकि उनका बेटा तथा बहू नोएडा में रहता है। बताया कि जब उन्होन सीसी टीवी फुटेज चेक किया तो पाया कि मंगलवार की देर रात कुछ स्कूटी सवार युवकों ने उनके घर पर पथराव किया और आग का गोला फेंका इस घटना के बाद शिक्षक तथा उनकी पत्नी काफी दहशत में है उन्होने बताया कि उनकी मोहल्ले में किसी से कोई विवाद तक नही है। उन्हे यह भी पता नही कि ऐसा करने वाले युवक कौन थे और उन्होने यह कार्य क्यों किया। बुधवार को वह थाना चकेरी पहुंचे तथा घटना के सम्बन्ध मे लिखित शिकायत की। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए सीसी टीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गयी।

# मानसिक दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए चैम्पियनशिप का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

26 से 28 फरवरी तक स्पेशल ओलंपिक्स भारत, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में मानसिक दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए पावर लिफ्टिंग की नेशनल चैम्पियनशिप के आयोजन के संदर्भ में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें बताया गया कि इस वर्ष की स्पेशल ओलंपिक्स भारत की पावर लिफ्टिंग नेशलन चैंपियनशिप का आयोजन कानपुर के कानपुर यूनिवर्सिटी में किया जा रहा है।

बताया गया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के शुभारम्भ पर स्पेशल ओलंपिक्स भारत की अध्यक्षा मल्लिका नडडा अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी। उ0प्र0 में होने वाली यह राष्ट्रीय स्तर की पहली प्रतियोगिता है।

इस चैम्पियनशिप में भारत के 23 राज्यों से 180 मनसिक दिव्यांगता वाले एथिलीट भाग लेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत बेंच प्रेस, स्क्वैट, डेड लिफ्ट आदि प्रतियागिताओं का आयोजन किया जायेगा। वार्ता में स्पेशल ओलंपिक्स भारत, उ0प्र0 के अध्यक्ष मुकेश शुक्ला, संजीव पाठक, अभिषेक चतुर्वेदी, संजीव कुमार दोहने तथा एनएलके ग्रुप ऑफ स्कूल के पदाधिकारी व पुष्पा खन्ना मेमोरियल सेंटर से पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जीवन में आये कष्ट से नही चाहिए घबरना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



पी.रोड स्थित श्री शनि साईं धाम मंदिर के 24 वार्षिकोत्सव के पांचवे दिन वृंदावन से पधारे पं0 दीपक कृष्ण महाराज ने कथा के अतंर्गत बताया कि यदि हमारे जीवन में कोई भी कष्ट आये तो विचलित न होकर उसमा सामना करना चाहिये।

महाराज जी ने बतायाकि भगवान को मारने आई पूतना को भी भगवान ने सद्गति प्रदान की। हमारे साथ अच्छा व्यवहार करने वालो के साथ भी हमें अच्छा व्यवहार करना चाहिए। कहा कि भगवान सदैव बांसुरी धारण करते है क्योंकि बांसुरी में तीन प्रमुख गुण है वह मोन रहती है, सदा मीठा बोलती है तथा उसमें कोई गांठ नही होती और हमें भी ऐसा ही होना चाहिए। भगवार कृष्ण ने गिर्राज पर्वत को धार किया, इसलिए उनका नाम गिरधारी पडा। सभी भक्तों द्वारा भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया तथा भगवान की णंकी व सुन्दर भजनों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भक्तों ने गोवर्धन की परिक्रमा भी की। कार्यक्रम में महेंद्र नाथ षुक्ला, गंगा शरण दीक्षित, रश्मि शुक्ला, प्रदीप बजपेई, सरिता गुप्ता, आलोक अग्रवाल, राहु, स्वाति अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# कम नहीं हो रहीं हेमंत सोरेन की मुश्किलें ईडी हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ाई गई

* पीएमएलए कोर्ट ने बुधवार को हेमंत सोरेन की हिरासत पांच और दिन के लिए बढ़ा दी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची**



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। रांची की विशेष पीएमएलए कोर्ट ने बुधवार को हेमंत सोरेन की हिरासत पांच और दिन के लिए बढ़ा दी। सोरेन की पिछली पेशी के दौरान कोर्ट ने उन्हें पांच दिन की प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया था। इससे पहले ईडी ने पिछले बुधवार यानी 31 जनवरी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले सोरेन को ईडी की हिरासत में राज्यपाल से मिलकर सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इससे पहले हेमंत सोरेन की तरफ से प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में दर्ज एफआईआर को लेकर एजेंसी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। ईडी ने सोरेन के केस दर्ज कराने के फैसले को चुनौती दी है। बताया गया है कि एजेंसी ने इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट में तीन फरवरी को याचिका दायर की थी। गौरतलब है कि हाल ही में ईडी की टीमों ने हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर छापेमारी की थी। इसी के बाद सोरेन ने रांची पुलिस से ईडी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की और एफआईआर दर्ज कराई गई। बता दें कि सोरेन के दिल्ली आवास में छापेमारी के बाद ईडी ने भारी मात्रा में बंगले से नकदी बरामद की थी। ईडी के अधिकारियों ने बताया था कि हेमंत सोरेन के बंगले से 36 लाख रुपये नकद बरामद किए गए, साथ ही दो लग्जरी कार भी जब्त की गईं।

### ईडी का दावा, रांची में सोरेन के पास 8.5 एकड़ भूखंड

इस बीच ईडी ने विशेष अदालत को बताया कि सोरेन के पास रांची में एक दूसरे से सटे 12 भूखंड हैं जिनका माप कुल 8.5 एकड़ है। इन पर सोरेन का अवैध कब्जा है और वह उनका उपयोग करते हैं और उन्होंने यह जानकारी छिपा कर भी रखी थी। एजेंसी ने कहा कि ये भूखंड मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपराध की आय है। राज्य सरकार के कर्मचारी और राजस्व विभाग में सब इंस्पेक्टर भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ राज्य के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी में संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे। इससे पता चला कि प्रसाद अन्य लोगों के साथ मिलकर संपत्तियों को अवैध रूप से हासिल करने की साजिश में शामिल था, इसमें हेमंत सोरेन द्वारा हासिल की गई संपत्तियां भी शामिल हैं। प्रसाद के मोबाइल फोन में भी इसके विवरण मिले थे।

# सिखों द्वारा सिखों से ही पक्षपात या सरबत का भला: ठाकुर दलीप सिंह

* 'गुरु नानक नाम चड़दी कला, तेरे भाणे सरबत का भला'

**जन एक्सप्रेस। पंजाब**



सिख भाईयो! 'सरबत का भला' किस श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में लिखा है? किस सतगुरु जी ने उच्चारण किया है? इस का अर्थ क्या है? कभी सोचा आप ने? ... नहीं सोचा। **पहली बात** है 'सरबत का भला' किसी भी वाणी में नहीं लिखा हुआ और 'गुरू मुख वाक' भी नहीं है। **दूसरी बात** यदि 'सरबत का भला' गुरू जी का आदेश है भी; तो हमारे निर्धन सिख भाई 'सरबत के भले' में क्यों नहीं आते? क्या सिखों को छोड़ कर, बाकी सभी 'सरबत' हैं? क्या करोड़ों जरूरतमंद सिख, जो भोजन के लिए भी तंग हैं, जिन के सिर पर छत नहीं है; क्या वह 'सरबत' में नहीं आते? क्या केवल गैर-सिख ही 'सरबत' में आते हैं? क्या अपने निर्धन सिख भाईयों को छोड़ कर, गैर-सिखों को दान देना सरबत का भला है या पक्षपात? जो सिख अपने सिख भाईयों को छोड़ कर, सरबत के भले की ओट में गैर-सिखों को पहल के आधार पर दान करते हैं। वास्तव में, वह सरबत का भला नहीं करते, वह तो पक्षपात करते हैं। क्योंकि, श्री सतगुरु गोबिंद सिंह जी का आदेश है: *'दान दयो इन्ही को भलो, अरु आन को दान न लागत नीको। आगै फलै इन्ही को दयो, जग में जसु, और दयो सब फीको'।* **(खालसा महिमा, श्री दशम गुरु ग्रंथ साहिब)**

**अर्थात:** सिखों द्वारा, सिखों को दिया गया दान ही मुझे अच्छा लगता है। किसी और को दिया गया दान, मुझे अच्छा नहीं लगता और गुरसिखों को दिया हुआ दान ही प्रलोक में फलदायी होता है; गैर-सिखों को दिया गया दान निष्फल होगा। जो सिखों को दान करेगा, संसार में भी उसका ही यश होगा। आदि वाणी, दशम वाणी और भाई गुरदास जी की वाणी में कहीं भी यह नहीं लिखा है सिखों को छोड़ कर, गैर-सिखों को दान करो। इस लिए, गैर-सिखों द्वारा सिखों को दान करना और सिखों की ही सेवा करने का फल; श्री सतगुरु रामदास जी ने अपनी रसना से वाणी में लिखा है... *'गुरसिखां अंदरि सतिगुरू वरतै जो सिखां नो लोचै सो गुर खुसी आवै'।* **भावार्थ:** गुरसिखों के भीतर गुरू का वास होता है। जो गुरसिखों को प्रेम से भोजन छकाता है, उस पर गुरू जी प्रसन्न होते हैं। गुरु की प्रसन्नता से, सिख की प्रत्येक मनोकामना पूर्ण होती है। इस लिए सिख भाईयो, केवल गैर-सिख और गैर-भारतीय ही सरबत में नहीं आते; निर्धन, जरूरतमंद सिख भी सरबत में ही हैं। विदेशों में बैठ कर सिख पंथ की बड़ी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं चलाने वाले सज्जन, तस्वीरें खिंचवा कर अपनी शोभा के लिए तथा अपने खर्चे चलाने ले लिए, जिस स्थान पर विदेशी मीडिया पहुँच रहा हो; वहां जा कर गैर-सिखों को दान देते हैं और विदेशी मीडिया में अपनी शोभा करवाते हैं। यह दूसरी बात है कि जब वह अपनी शोभा करवाते हैं; उस से सिख पंथ का भी यश हो जाता है। परंतु, केवल यश से किसी गरीब सिख का पेट नहीं भरता। हमारे करोड़ों सिख भाई, इस समय भोजन के लिए भी तंग हैं, उनके सिर पर छत नहीं है, बच्चों को पढ़ने के लिए पैसे नहीं हैं और हम सरबत का भला कह कर गैर-सिखों को दान देते हैं। यह किधर की सिखी है? सिखों का पैसा, सिखों से इकत्र करके, गैर-सिखों में बांटने वाले लोगों को शर्म आनी चाहिए। जो सज्जन, सिखों का धन; निर्धन सिखों को छोड़ कर, गैर-सिखों में बांटते हैं, वह महा पाप करते हैं। सरबत का भला का अर्थ है सिखों में गुटबाजी, जातिवाद आदि के आपसी भेदभाव से ऊपर उठ कर, सब से पहले अपने निर्धन सिख भाइयों को समृद्ध करना। गुरू जी के लंगर से चाहे कोई भी भोजन छक जाए, उस से हमें कोई आपत्ति नहीं। परंतु, सिख का बड़ा दान, पहले अपने निर्धन सिख भाईयों को होना चाहिए। जब हमारे सभी सिख भाई समृद्ध हो जायेंगे, तो हम दूसरों को भी दान कर लेंगे। इस लिए, संपूर्ण सिख पंथ और सभी सिख संगठनों से मेरी विनती है कि सरबत का भला और मानस की जात सबै एकै पहिचानबो की ओट में निर्धन सिखों से पक्षपात न करें, उनको दान से वंचित न रखें। सतगुरु जी के आदेश का पालन करते हुए, सर्वप्रथम सभी निर्धन सिखों को संभालें। सिखों को दान दें और उनकी हर योग्य आवश्यकता पूर्ण करें। गुरु जी आप की प्रत्येक मनोकामना पूर्ण करेंगे।

# एनपीएस के तहत पेंशन संबंधी लाभों में होगा सुधार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन को लेकर अपनी मंशा साफ कर दी है। पुरानी पेंशन बहाली के लिए कोई काम नहीं हो रहा। नई पेंशन योजना के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन के मुद्दे की जांच करने के मकसद से एक समिति का गठन किया गया है। वह समिति, वित्तीय निहितार्थों और समग्र बजटीय गुंजाइश पर इसके प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, ऐसे उपाय सुझावित करेगा, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत शामिल सरकारी कर्मचारियों के पेंशन संबंधी लाभों में सुधार लाने के लिए उपयुक्त होंगे। खास बात है कि एनपीएस में जिन बदलावों की सिफारिश होगी, उसमें सामान्य नागरिकों के संरक्षण के हितों को ध्यान में रखा जाएगा। संसद के मौजूदा सत्र में सांसद डिंपल यादव और संगीता कुमारी सिंह देव ने नई पेंशन योजना को लेकर सवाल पूछा था।

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव का विरोध: प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने किया वाटर कैनन का इस्तेमाल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर विरोध प्रदर्शन जारी है। बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) कार्यकर्ताओं ने भाजपा के दफ्तर की तरफ कूच किया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार की। पुलिस ने लाठियां भी भांजीं। एनएसयूआई कार्यकर्ता 30 जनवरी को होने वाले मेयर चुनाव को लेकर बीजेपी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस के रोकने पर कार्यकर्ता बैरिकेड पर चढ़ गए। वहीं सूत्रों के अनुसार, कुछ प्रदर्शनकारी घायल भी हुए हैं। चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने भाजपा पर हमला तेज कर दिया है। मंगलवार सुबह भी यूथ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया था।

## फास्ट फॉरवर्ड

### उत्तराखंड कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के ठिकानों पर छापे



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देहरादून।** उत्तराखंड में कथित वन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को पूर्व मंत्री और उत्तराखंड कांग्रेस के नेता हरक सिंह रावत के देहरादून स्थित घर पर छापा मारा। एजेंसी ने रावत के करीबियों के दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ के 12 ठिकानों पर भी एक साथ छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, फॉरेस्ट लैंड स्कैम मामले में ईडी ने ये कार्रवाई की है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, रावत के मंत्री रहते कॉर्बेट पार्क के पाखरों रेंज में टाइगर सफारी प्रोजेक्ट के लिए 169 पेड़ों की जगह 6 हजार पेड़ों की अवैध रूप से कटाई की गई थी। इसके अलावा अवैध निर्माण भी हुआ था। इस मामले में रावत और तब के कुछ अधिकारियों और उनके करीबियों पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं। ईडी इसी मामले को लेकर छापेमारी कर रही है। इससे पहले अगस्त, 2023 में विजिलेंस डिपार्टमेंट ने भी रावत के खिलाफ कार्रवाई की थी। रावत 2019-20 में भाजपा सरकार में वन मंत्री थे। अनुशासनहीनता के आरोप में भाजपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित करते हुए कैबिनेट मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद 2022 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। रावत के साथ उनकी बहू अनुकृति गुसाई ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया था।

### ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच मामले में एकल पीठ के आदेश पर रोक, अब छह मार्च को सुनवाई



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कलकत्ता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में पिछले माह प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के एकल पीठ के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी की अपील पर यह आदेश दिया। ईडी ने अपनी याचिका में मामले की जांच केवल सीबीआई से कराने की अपील की थी।

### कॉरपोरेट जगत बेटियों की शिक्षा में दे योगदान: धनखड़



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि भारतीय लोकतंत्र में महिलाएं सबसे बड़ी हिस्सेदार हैं। इसके अलावा, उन्होंने कॉरपोरेट जगत से आगे आकर लड़कियों की शिक्षा में योगदान देने को कहा। बता दें, धनखड़ दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, हमारे कारोबारी विदेशी एनजीओ को काफी दान देते हैं। कॉरपोरेट को आगे आना चाहिए और अपने सीएसआर फंड का इस्तेमाल लड़कियों की शिक्षा में योगदान के लिए करना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि एक लड़की को शिक्षित करने का मतलब है एक पूरी पीढ़ी को बदलना। इससे एक क्रांति की शुरुआत हो सकती है। इसके अलावा, कॉलेज के छात्रों को नए संसद भवन का दौरा करने के लिए आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा कि वे ऐसे सैनिक हैं जो अगले 25 वर्षों में 'अमृत काल' के स्वर्णिम काल की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को भारत की नारी शक्ति का प्रदर्शन विश्व के लिए एक क्रांतिकारी मॉडल बना है। कर्तव्य पथ पर आर्मी, एयर फोर्स, नेवी, हेलीकॉप्टर, हवाई जहाज - सब जगह आप ही आप थे।

# आठवें वेतन आयोग: 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों के लिए चौंकाने वाली खबर है। कर्मचारी संगठनों की मांग के बावजूद सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन को लेकर दो टूक जवाब दे दिया है। छह फरवरी को राज्यसभा में सांसद राम नाथ ठाकुर ने आठवें वेतन आयोग के गठन को लेकर सवाल पूछा था। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इस सवाल के जवाब में कहा, सरकार के पास इस प्रकार का कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। हालांकि उन्होंने वेतन आयोग के गठन को लेकर पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था और तीस वर्ष से महंगाई का सामना, यह तर्क भी दिया है।

### राम नाथ ने पूछे थे ये सवाल

राज्यसभा सदस्य राम नाथ ठाकुर ने छह फरवरी को वित्त मंत्री से आठवें वेतन आयोग के गठन संबंधी जानकारी मांगी थी। इसमें राम नाथ ठाकुर ने पूछा था, सरकार द्वारा सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के पैरा 1.22 पर विचार न करने और उसे अनुमोदित न किए जाने के फाइलों में दर्ज कारण क्या हैं। दूसरा, क्या इस तथ्य के कारण कि सरकार वेतन आयोग संबंधी खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं है, क्या इसलिए आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तीसरा, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी स्थिति के क्या कारण हैं। चौथा, यदि नहीं, तो पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था द्वारा आठवें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन न किए जाने और विगत तीस वर्षों से अभूतपूर्व मुद्रास्फीति का सामना कर रहे केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के वेतन में संशोधन न किए जाने के क्या कारण हैं।

### वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने दिया यह जवाब

सातवें वेतन आयोग के आधार पर वेतन और भत्तों में संशोधन को अनुमोदन देते समय केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस मामले पर विचार नहीं किया है। चौधरी ने बाकी तीनों सवालों के जवाब में कहा, सरकार के पास इस प्रकार का कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एंप्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिख कर आग्रह किया था कि मौजूदा परिस्थितियों में बिना किसी विलंब के आठवें वेतन आयोग का गठन किया जाए। %भारत पेंशनर समाज% (बीपीएस) ने भी 8वें वेतन आयोग के गठन की मांग उठाई थी। बीपीएस के महासचिव एससी महेश्वरी ने कहा था, 68वीं एजीएम के दौरान यह प्रस्ताव पास किया गया है कि अविलंब आठवें वेतन आयोग का गठन किया जाए।

# राहुल ने राउरकेला में मंदिर के दर्शन किए बोले, ओडिशा में भाजपा-बीजद का गठजोड़

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बुधवार को ओडिशा के राउरकेला स्थित सुंदरगढ़ से शुरू होगी। इससे पहले सुबह-सुबह ही राहुल गांधी यहां के वेदव्यास मंदिर पहुंच गए। राहुल ने यहां पूजा-अर्चना की और अनुष्ठान को लेकर जानकारी हासिल की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बीजू जनता दल (बीजद) के बीच ''गठजोड़'' है और कांग्रेस राज्य के लोगों के हितों की रक्षा के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध करती रही है। उन्होंने कहा, ''आप जानते ही हैं कि ओडिशा में नवीन पटनायक और नरेन्द्र मोदी की साझा सरकार है। दोनों ने हाथ मिलाया है और मिलकर काम करते हैं। मुझे संसद में पता चला कि बीजद, भाजपा का समर्थन करती है। बीजद के लोग भी भाजपा के इशारे पर हमें परेशान करते हैं।' राहुल ने रैली के दौरान कहा, ''मैं नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए ओडिशा आया हूं।'' कांग्रेस नेता ने ओडिशा में बीजद सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के 30 लाख लोग आजीविका की तलाश में दूसरे राज्यों में विस्थापित हो गए हैं क्योंकि राज्य सरकार ''उनके लिए काम नहीं कर रही है।''

# राज्य में दबदबा बनाने की कोशिश कर रही बीजेपी, 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद ने पार्टी का थामा हाथ

* दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की लगातार कोशिश कर रही बीजेपी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु की राजनीति में बुधवार को कुछ बदलाव नजर आए। यहां 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद समेत कई नेता बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी इस दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की लगातार कोशिश कर रही है। बता दें, भाजपा में शामिल होने वाले इन नेताओं में अधिकांश भाजपा की पूर्व सहयोगी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से हैं।

### भाजपा का हाथ थामने वाले नेता काफी अनुभवी

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और एल मुरुगन तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई की मौजूदगी में इन नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अन्नामलाई ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले ये नेता काफी अनुभवी हैं और सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करना चाहते हैं।

### मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आएंगे

अन्नामलाई ने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है और मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आएंगे। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम और उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि तमिलनाडु में हो रही घटनाओं को वह देख रहे हैं। वहीं, चंद्रशेखर ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर पार्टी में शामिल होना तमिलनाडु जैसे राज्य में मोदी की लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया है कि भाजपा आगामी लोकसभा में 370 सीट जीतेगी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 400 से अधिक सीट जीतेगा। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि भारत का प्रत्येक नागरिक चाहता है कि देश में पिछले 10 वर्षों में जो बदलाव हुआ वह प्रक्रिया आगे भी जारी रहे।

# नांदेड़ में धार्मिक कार्यक्रम में खाना खाने के बाद 2000 लोग बीमार, फूड पॉइजनिंग से पीड़ित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के नांदेड़ स्थित एक गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम में खाना खाने के बाद लगभग दो हजार लोगों के बीमार होने की खबर सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, लोहा तहसील क्षेत्र के कोश्तवाड़ी गांव में मंगलवार को धार्मिक उपदेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यहां शाम करीब पांच बजे स्थानीय लोगों के साथ आसपास के गांवों के लोगों ने साथ में खाना खाया था। हालांकि, बुधवार सुबह इन सभी लोगों को उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। पुलिस का कहना है कि इन मामलों के सामने आने के बाद पहले 150 लोगों को नांदेड़ के लोहा के उप-जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, बाद में अन्य लोगों को भी इसी तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने लगीं। इसके बाद 870 मरीजों को शंकरराव चव्हाण शासकीय वैद्यकीय महाविद्यायल सहित अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया। स्थिति को देखते हुए जरूरत पड़ने पर नांदेड़ के सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल में और भी बिस्तरों की व्यवस्था की गई है।अधिकारी ने बताया कि जांच के लिए मरीजों के सैंपल्स लिए जा चुके हैं। प्रभावित गांवों में सर्वेक्षण के लिए पांच टीमें तैनात की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच के लिए एक टीम का भी गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि मरीजों की हालत स्थिर है और उपचार के बाद उन्हें घर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# पाकिस्तान में 2 धमाके, 28 की मौत, दोनों ब्लास्ट बलूचिस्तान में उम्मीदवारों के ऑफिस के बाहर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान चुनाव से एक दिन पहले बलूचिस्तान में दो ब्लास्ट हुए। पहला धमाका पिशिन शहर में हुआ। इसमें 15 लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हैं। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक, यह धमाका निर्दलीय उम्मीदवार असफंद यार खान काकड़ के ऑफिस के बाहर हुआ। धमाके के दौरान काकड़ दफ्तर में मौजूद नहीं थे। वहीं, दूसरा धमाका बलूचिस्तान के ही किला सैफुल्लाह शहर में जमीयत-उलेमा-ए-इस्लाम (छ्छ्ठ-स्त्र) पार्टी के कैंडिडेट मौलाना अब्दुल वासे के ऑफिस के बाहर हुआ। वो सुरक्षित हैं। हालांकि इस हमले में 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि 10 घायल हुए हैं। दोनों धमाकों में कुल 28 लोगों की मौत हो गई है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव और सभी प्रांतों में चुनाव है। पाकिस्तान के इलेक्शन कमीशन ने हमलों को लेकर बलूचिस्तान के चीफ सेक्रेटरी और पुलिस से रिपोर्ट मांगी है।

### हमलों की जांच जारी

बलूचिस्तान के केयरटेकर सूचना मंत्री जन अचकजई ने कहा- पहला धमाके की प्राइमरी इन्वेस्टिगेशन से पता चला है कि विस्फोटक सामान एक बाइक में रखा था। इस मामले की जांच की जा रही है। वहीं, दूसरे धमाके की वजह सामने नहीं आई है। इधर, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री अली मर्दान खान डोमकी ने हमलों की निंदा की है। उन्होंने कहा- ऐसी घटनाएं शांतिपूर्ण चुनाव की प्रक्रिया को कमजोर करने की एक साजिश है। हमले में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगा। हम घायलों की मदद के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं।

### चुनाव के दौरान बलूच लिबरेशन आर्मी और पाकिस्तान तालिबान के हमले तेज

पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले नेशनल और असेंबली इलेक्शन के पहले हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। जियो न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के दिनों में बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमले तेज हो गए हैं। बलूचिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी और खैबर में पाकिस्तान तालिबान हमले कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सीनेट में कुछ दिन पहले 8 फरवरी को होने वाले इलेक्शन को टालने की मांग की गई थी। हालिया दिनों में आतंकी और हिंसा की बढ़ती घटनाएं किसी साजिश की तरफ इशारा कर रही हैं।

### पाकिस्तान इलेक्शन कमीशन के बाहर धमाका

5 फरवरी की सुबह बलूचिस्तान में इलेक्शन कमीशन के ऑफिस के बाहर भी धमाका हुआ था। पाकिस्तानी मीडिया न्यूज के मुताबिक इलेक्शन कमीशन के गेट के बाहर बम फटा। धमाका किसने और क्यों किया, इस बारे में जानकारी नहीं मिली।

### खैबर पख्तूनख्वा में कैंडिडेट की हत्या

31 जनवरी को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के एक कैंडिडेट की हत्या कर दी गई। घटना खैबर पख्तूख्वा के बाजौर जिले की थी। मारे गए कैंडिडेट का नाम रेहान जेब खान था। रेहान को इमरान की पार्टी ने समर्थन दिया था और वो नेशनल असेंबली की सीट नंबर 8 से उम्मीदवार थे। हमलावर एक बाइक पर आए थे और फायरिंग के बाद फरार हो गए। 'जियो न्यूज' के मुताबिक- पुलिस को अब तक हमलावरों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला।

### अवामी नेशनल पार्टी के नेता की हत्या

31 जनवरी को ही बलूचिस्तान की ताकतवर सियासी जमात अवामी नेशनल पार्टी के सीनियर लीडर जहूर अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला

5 फरवरी को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दरबार शहर में एक पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला हुआ था। इसमें 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है और 6 घायल हुए थे। पुलिस चीफ अख्तर हयात ने न्यूज एजेंसी स्न्क्क को बताया- 30 से ज्यादा आतंकियों ने पुलिस स्टेशन पर हमला किया। उन्होंने थाने को चारों तरफ से घेरा और ग्रेनेड फेंके। इसके बाद गोलीबारी शुरू कर दी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)